रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 24 जून 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 303 मूल्य 3.00 ₹



# सत्ता की लालच में छूटी सेना



पायनियर संवाददाता ‹ मुंबई/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश के इतिहास में पहली बार किसी राज्य की सरकार हिंदुत्व के लिए गिरने के कगार पर पहुंच गई है। आलम यह है कि बाला साहब की विरासत अब उद्धव ठाकरे के हाथ से फिसलते नजर आ रही है। एकनाथ शिंदे की अगवाई में शिवसैनिकों ने गठबंधन और उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी है। तकरीबन 46 विधायक शिंदे की अगवाई गुवाहाटी में मौजूद है। शिंदे खेमे ने उद्धव ठाकरे को संबोधित करते हुए खुला पत्र लिखा है। जिसमें कई गंभीर आरोप लगाए गए है। शिवसैनिक शिंदे का आरोप है कि पिछले ढाई साल से मुख्यमंत्री के दरवाजे हमारे लिए बंद थे। हमारी परेशानियों को कभी नहीं सुना गया। मुख्यमंत्री के बंगले में सिर्फ कांग्रेस और एनसीपी वालों की एंट्री थी तो वहीं यह भी आरोप लगाया गया हमें रामलला के दर्शन करने थे लेकिन नहीं करने दिया गया। हिंदुत्व, अयोध्या, राम मंदिर शिवसेना के मुद्दे है। लेकिन हमें रोक दिया गया। आरोप यह भी लगाया गया है कि कई विधायकों को उद्धव ठाकरे ने खुद अयोध्या जाने से रोका। बहरहाल मामला और बिगड़ते जा रहा है। राजनीतिक विद्धानों का मानना है कि शिवसेना का यह गठबंधन उद्धव ठाकरे का सबसे गलत निर्णय था। परिणाम स्वरूप आज उनके हाथ से सेना निकल चुकी है। और उन्हीं की सेना अब उनके खिलाफ बगावत में उतर गई है। उन्होंने कहा कि अब हम न्याय और हक के लिए एकजुट है। जो हो रहा है वह विधायकों की भावना है। शिवसेना के बागी विधायक एकनाथ शिंदे ने कहा कि पार्टी के अस्तित्व के लिए अप्राकृतिक गठबंधन से बाहर निकलना जरूरी है। शिंदे ने कहा कि एमवीए सरकार में घटक दलों को फायदा पहुंचाया गया है। बहरहाल महाराष्ट्र में मची इस सियासी घमासान से यह बात सामने निकलकर आ रही है कि बाला साहब की विरासत को संभालने में उद्धव ठाकरे नाकामयाब होते दिख रहे है। उनकी सत्ता तो लड़खड़ा ही रही है सेना भी उनके हाथ से छूटते नजर आ रही है।

## बागी विधायकों को कीमत चुकानी होगी : पवार



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि महा विकास अघाड़ी सरकार इस संकट से उबर जाएगी। उन्होंने कहा- शक्ति परीक्षण तय करेगा कि किसके पास बहुमत है। मंत्री एकनाथ शिंदे की बगावत से महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। सत्ताधारी महा विकास अघाड़ी गठबंधन सरकार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, राकांपा, अध्यक्ष शरद पवार ने चेतावनी देते हुए कहा है कि बागियों को कीमत चुकानी होगी। गुरुवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पवार ने कहा कि उद्धव सरकार के पास बहुमत है और एनसीपी उनका पूरा समर्थन करेगी। राकांपा ने कहा एमवीए ने सीएम उद्धव ठाकरे को समर्थन देते रहने का फैसला किया है। मेरा मानना है कि एक बार शिवसेना विधायक मुंबई लौट आएंगे तो स्थिति बदल जाएगी!

## घर के दरवाजे खुले हैं, गुलामी से बचें : संजय राउत



संजय राउत ने एकनाथ शिंदे कैंप के बागियों को लुभावना संदेश दिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आप लोग स्वाभिमान से फैसला लें, किसी भी तरह की गुलामी से बचें। राउत ने ट्वीट कर कहा कि चर्चा से हम किसी भी संकट से बाहर निकल सकते हैं। घर के दरवाजे खुले हैं, जंगल में क्यों भटकते हो। आइए गुलामी के बजाय स्वाभिमान से फैसला करें।


## सांसदों और 400 पूर्व पार्षदों को अपने पाले में ला सकते हैं शिंदे

जनकारी अनुसार श्रीकांत के अलावा कई सांसद भी शिंदे खेमे में शामिल होने के लिए तैयार हैं। यहां तक कि सांसद भावना गवली ने उद्धव से कहा है कि उन्हें भाजपा के साथ जाना चाहिए। तो वही दूसरी ओर एकनाथ शिंदे उद्धव ठाकरे को एक और बड़ा झटका देने की तैयारी में हैं। 46 विधायकों को अपने पाले में लाने के बाद सूत्रों के अनुसार शिंदे ने अब सैकड़ों की संख्या में पूर्व पार्षदों तो वहीं कुछ सांसदों की सूची बनाई है जो उनके साथ जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक ये पूर्व पार्षद और सांसद एकनाथ शिंदे के साथ जा सकते हैं।

## सबसे बड़ी महानगरपालिका बीएमसी शिवसेना की ताकत

महाराष्ट्र में कुछ ही महीनों में नगर निगम के चुनाव होने हैं। विश्व की सबसे अमीर महा नगरपालिका मुंबई नगर निगम पर शिवसेना का दबदबा रहा है। ऐसे में अगर शिवसेना के पदाधिकारी शिंदे खेमे में जाते हैं तो फिर पार्टी के लिए बीएमसी चुनाव में मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं! देश की सबसे बड़ी महा नगरपालिका बीएमसी को शिवसेना की असली ताकत माना जाता है।

## हिंदुत्व, अयोध्या, राम मंदिर शिवसेना के मुद्दे लेकिन विधायकों को उद्धव ठाकरे ने अयोध्या जाने से रोका, शिन्द्र कैम्प का आरोप पिछले ढाई साल से मुख्यमंत्री के दरवाजे हमारे लिए बंद थे




एकनाथ शिन्दे खेमें ने सीएम ठाकरे को लिखी खुली चिट्ठी में कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र में कहा गया है कि पिछले ढाई साल से मुख्यमंत्री के दरवाजे हमारे लिए बंद थे। हमारी परेशानियों को कभी नहीं सुना गया। एकनाथ शिन्दे की तरफ से उद्धव ठाकरे को चिट्ठी में कहा गया है जो हो रहा है वह विधायकों की भावना है। मुख्यमंत्री के बंगले में सिर्फ कांग्रेस और एनसीपी वालों की एन्ट्री थी, हमें नहीं सुना जाता था। तो वहीं खेमे ने एक ओर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दिनों की बात है मंत्री आदित्य ठाकरे उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचे थे। इस यात्रा को लेकर कहा गया है, हमें भी रामलला के दर्शन करने थे, लेकिन ऐसा क्यों नहीं करने दिया गया। कहा- अब हम सब न्याय और हक के लिए एकजुट हुए हैं। इसीलिए हमने उन्हें नेता मानते हुए यह फैसला लिया है। हिंदुत्व, अयोध्या और राम मंदिर शिवसेना के मुद्दे हैं, लेकिन हमें रोक दिया गया। कई विधायकों को खुद उद्धव ठाकरे ने ही अयोध्या जाने से रोक दिया।

## दिल्ली रवाना हुए फडणवीस



महाराष्ट्र में मचे इस सियासी उठापटक के बीच पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस के दिल्ली रवाना होने की खबर है। सूत्रों के अनुसार वे दिल्ली में बीजेपी के बड़े नेताओं के साथ बैठक में शामिल होंगे। आपको बता दें कि इसके पूर्व भाजपा से देवेन्द्र फडणवीस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे। यदि एकनाथ शिंदे के अगुवाई में बागी विधायक शिवसेना के अगल होते है। तो देवेन्द्र फडणवीस के पुनः मुख्यमंत्री बनने की राह आसान हो जाएगी।

## पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल अजीत पवार ने कहा विधायक दूसरे राज्य चले गए और पुलिस बेखबर



बड़ी संख्या में शिवसेना विधायक दूसरे राज्य में चले गए और पुलिस को इसकी खबर ही नहीं इस बात पर उप मुख्यमंत्री, एनसीपी नेता अजीत पवार ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होनें कहा कि विधायक दूसरे राज्य में चले गए और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। यह इंटेलीजेन्स की नाकामी है।

## गुवाहाटी में बागी विधायकों से मिले मेघायल के मुख्यमंत्री और असम के मंत्री

एकनाथ शिंदे की अगुवाई में तकरीबन 46 बागी विधायक गुरुवार को गुवाहाटी में मौजूद रहे। इस बीच मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा और असम के केबिनेट मंत्री पीयूस हजारिया ने बागी विधायकों से मुलाकात की।

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र आगामी 20 जुलाई से शुरू होगा। सत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है। सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा और 27 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान सदन की कुल सात बैठके होंगी। इस सत्र में वित्तीय कार्य के अलावा अन्य शासकीय एवं विधायी कार्य सम्पादित किए जायेंगे।

### राष्ट्रपति चुनाव के लिए आज नामांकन दायर करेंगी द्रौपदी मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू आज संसद भवन जाकर नामांकन पत्र दायर करेंगी। नामांकन पत्र दायर करने के समय मुर्मू के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता तथा राजग के घटक दलों के नेता भी मौजूद रहेंगे। मुर्मू दिन में साढे बारह बजे राज्यसभा के महासचिव के कार्यालय जाकर नामांकन दायर करेंगी।

### ईडी ने सोनिया गांधी को जुलाई के आखिरी में पेश होने के लिए कहा



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रहा प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जुलाई महीने के आखिरी में किसी भी समय पेश होकर अपना बयान दर्ज कराने को कहा है। सोनिया गांधी ने अपनी खराब सेहत की वजह से ईडी से आग्रह किया था कि उनकी पेशी की तारीख कुछ सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दी जाए। ईडी ने उनके इस आग्रह को स्वीकार कर लिया।

## राज्यपाल उइके से मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने की भेंट




पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान दतिया पहुंची। राज्यपाल उइके का दतिया विश्रामगृह में मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल ने गृहमंत्री से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर राज्यपाल ने गृहमंत्री मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट किया और गृहमंत्री मिश्रा ने राज्यपाल को शाल भेंटकर सम्मानित किया।

## सुरक्षा कैंप पर हुए हमले से दो जवान सहित चार घायल

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले में माओवादी नक्सली संगठन के सदस्यों ने एक सुरक्षा कैंप पर हमला कर दिया जिससे दो जवान सहित चार लोग घायल हो गए हैं। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले के संवेदनशील इलाका हिरोली में हाल ही में सुरक्षा कैंप खोला गया था। कल रात सुरक्षा कैंप पर नक्सलियों ने हमला किया, जिसमें दो जवान सहित चार लोग घायल हो गए। श्री सुंदरराज ने बताया कि नक्सलयों ने 15 यूबीजीएल दागे जिसमें सात विस्फोट हुए, कैंप के अंदर मौजूद छत्तीसगढ़ आर्म फोर्स तथा जिला रिजर्व पुलिस के जवान और नक्सिलयों के बीच 40 मिनट तक गोलीबारी हुई। घायलों में घुले हेमला मजदूर, बोदरी ताती महिला मजदूर, छत्तसीगढ़ आर्म फोर्स के आरक्षक सलीम लकड़ा सहित किशन सूर्यवंशी घायल हुए, घायलों का उपचार दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

## आरडीए का करोड़ों का इन्वेस्टमेंट कबाड़ में तब्दील, अम्यूज़मेंट पार्क बर्बादी की कगार पर





## छत्तीसगढ़ राज्य का भुइयां कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर मिला पुरस्कार

■ **मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं**

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में संचालित भुइयां कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिला है। छत्तीसगढ़ में कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा संचालित लैंड रिकॉर्ड्स प्रोजेक्ट, भुइयां सॉफ्टवेयर को मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रतिष्ठित आईएमसी डिजिटल अवार्ड्स 2021 से सम्मानित किया गया है। सरकारी क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए यह पुरस्कार कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र को प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भू-अभिलेख विभाग एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र को इस पुरस्कार के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

डिजिटल हस्ताक्षरित भू-अभिलेखों, ऑनलाइन नक्शें की उपलब्धता और पंजीयन विभाग से भुइयां के इंटीग्रेशन होने से डुप्लिकेट पंजीयन की समस्याओं में कमी लाने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य में भू-अभिलेखों को डिजिटाइज करने और लोगों को इसे ऑनलाइन के माध्यम से सहज रूप में उपलब्ध कराने के लिए भुइयां कार्यक्रम बनाया गया है। भुइयां सॉफ्टवेयर नक्शा, खसरा एवं उससे जुड़े जमीन के कागजात को ऑनलाइन प्रस्तुत करता हैं साथ ही संपत्ति के रजिस्ट्री एकीकृत करते हुए डुप्लीकेट रजिस्ट्री के समस्या का समाधान करता है।

## मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उन्हें किया नमन



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 24 जून पर उन्हें नमन किया है। बघेल ने कहा है कि रानी दुर्गावती भारत की उन वीरांगनाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपने शौर्य और साहस से वीरता एक नई इबारत लिखी। रानी दुर्गावती ने किसी के आगे घुटने नहीं टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। उनका साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

## भारतीय संचार उपग्रह जीसैट-24 का फ्रेंच गुयाना से सफल प्रक्षेपण

**चेन्नई।** भारतीय संचार उपग्रह जीसैट-24 का फ्रेंच गुयाना के कोरू से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के एरियन रॉकेट से सफल प्रक्षेपण किया गया। भारत के 24 कू बैंड वाले इस संचार उपग्रह का वजन 4,180 किलोग्राम है। देश में डीटीएच सुविधा को और मजबूती देने के लिए बनाये गये इस संचार उपग्रह को मलेशिया के संचार उपग्रह मीसैट-3 डी के साथ एरियन-5 5ए 275 उड़ान की मदद से वांछित कक्षाओ में स्थापित किया गया। एरियनस्पेस एजेंसी की ओर से जारी बयान में कहा गया भारतीय समयानुसार तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर एरियन -5 ने भारत और मलेशिया के संचार उपग्रहों को लेकर फ्रेंच गुयाना के कौरू से अंतरिक्ष की उड़ान भरी और दोनों उपग्रहो को सफलतापूर्वक उनकी वांछित कक्षाओं में स्थापित किया। एरियन स्पेस एजेंसी के सीईओ स्टीफन इजरायल ने कहा कि यह 15वां उपग्रह है जिसे हमारे रॉकेट से अंतरिक्ष में पहुंचाया है । हमें एशिया प्रशांत महासागर के दो बड़े देशें भारत और मलेशिया के साथ काम कर हम बेहद गौरवांवित महसूस करते हैं।

## इंदौर से खंडवा जा रही बस खाई में गिरी पांच की मौत बीस से अधिक घायल

पायनियर संवाददाता ‹ इंदौर
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के सिमरोल थाना क्षेत्र के भैरव घाट में गुरुवार शाम एक यात्री बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गयी, जिससे उसमें सवार पांच यात्रियों की मौत हो गयी और बीस से अधिक लोग घायल हो गए, जिन्हें एमवाय अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इंदौर से खंडवा की ओर जा रही बस सिमरोल थाना क्षेत्र के भैरव घाट में अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी, जिससे उसमें सवार पांच यात्रियों की घटना स्थल पर मौत हो गयी, जबकि बीस से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से पंद्रह यात्रियों को इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कुछ और घायलों को अलग-अलग अस्पताल में ले जाया गया है। बस में पचास से अधिक यात्री सवार बताए गए हैं। दुर्घटना की खबर लगने की कलेक्टर मनीष सिंह भी घटनास्थल पहुंच गए। वे वहां से घायलों को देखने एमवाय अस्पताल भी गए। बस किसी गुलाब सोनकर नामक व्यक्ति के नाम से पंजीकृत बतायी जा रही है। इंदौर खंडवा मार्ग पर सिमरोल के निकट हुई बस दुर्घटना पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दुर्घटना में हताहत हुए यात्रियों के बेहतर से बेहतर उपचार के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौक़ा स्थल पर पहुंचे कलेक्टर श्री सिंह से श्री चौहान ने मोबाइल पर पूरी जानकारी ली। श्री चौहान ने इस दुर्घटना में मृत यात्रियों के परिजनों के लिए शासन के नियमों के अनुसार राहत राशि दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर श्री सिंह को निर्देश दिये कि वे स्वयं अपनी निगरानी में घटना में घायल यात्रियों का बेहतर से बेहतर उपचार कराएं। कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस बस दुर्घटना में मृतकों को चार चार लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। सभी घायलों का निशुल्क और समुचित उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है।

# महाराष्ट्र के विधायकों को असम के बजाय बंगाल भेजिए, हम उनकी अच्छी आवभगत करेंगे : ममता

एजेंसी < कोलकाता
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक उठा-पटक पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी ने बीजेपी पर निशाना साधा है। ममता बनर्जी ने बीजेपी से कहा है कि महाराष्ट्र के बागी विधायकों को असम के बजाय बंगाल भेज दीजिए हम उनकी अच्छी से आवाभगत करेंगे। बनर्जी ने कहा कि बीजेपी अनैतिक तरीके से महाराष्ट्र की सरकार गिराने का प्रयास कर रही है।

महाराष्ट्र के बागी विधायकों को गुवाहाटी में ठहरने पर ममता बनर्जी ने कहा कि असम में बाढ़ की विभीषिका के बीच प्रभावित लोगों को परेशान करने के लिए महाराष्ट्र के विधायक वहां क्यों भेजे जा रहे हैं। ममता बनर्जी ने अपने बयान में कहा कि महाराष्ट्र के विधायकों को असम के बजाय बंगाल भेजिए, हम उनकी अच्छी आवभगत करेंगे।



**तीन और विधायक गुवाहाटी के लिए रवाना-** महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में जारी राजनीतिक संकट के बीच शिवसेना के तीन और विधायक गुरुवार को कैबिनेट मंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले बागी खेमे में शामिल होने के लिए असम की राजधानी गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए। तीन विधायकों में सावंतवाड़ी से विधायक दीपक केसकर, चेंबूर से विधायक मंगेश कुडलकर और दादर से विधायक सदा सर्वंकर शामिल हैं।

## शिंदे ने एमवीए गठबंधन को बताया अप्राकृतिक

शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महा विकास आघाड़ी एक 'अप्राकृतिक गठबंधन' है और उनकी पार्टी के लिए आवश्यक है कि वह अपने और पार्टी कार्यकर्ताओं के हित में राकांपा और कांग्रेस के साथ इस गठबंधन से बाहर निकल आए।

## एमवीए गठबंधन में शिवसेना कमजोर हो रही

शिंदे ने दोहराया कि एमवीए गठबंधन में राकांपा और कांग्रेस मजबूत हो रहे हैं, लेकिन मुख्य पार्टी शिवसेना और उसके कार्यकर्ता लगातार कमजोर होते जा रहे हैं। शिवसेना ने 2019 विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा से गठबंधन समाप्त करके एमवीए का गठन किया था।

## शिवसेना की बगावत पर फूंक-फूंक कर कदम रख रही भाजपा, शरद पवार की ताकत का है अंदाजा

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में शिवसेना विधायकों की बगावत को लेकर भाजपा बेहद सतर्कता बरत रही है। पार्टी सीधे तौर पर अभी तक सामने नहीं आई है। हालांकि, उसने राज्य में अपनी सरकार बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी नेता शिवसेना के साथ उसके दोनों सहयोगी दलों कांग्रेस और एनसीपी के रुख पर भी नजर रखे हुए हैं। खासकर शरद पवार पर, उनकी अगली रणनीति क्या रहती है? पार्टी सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही राज्य में भाजपा की सरकार फिर से बनेगी।



हालांकि, भाजपा पहले शिवसेना की टूट को पूरी तरह हो जाने देना चाहती है। भाजपा नेताओं का मानना है कि यह बगावत शिवसेना का अंदरूनी संकट है और इससे साबित हुआ है कि उद्धव ठाकरे पार्टी और सरकार दोनों मोर्चों पर सफल नहीं रहे हैं। दो तिहाई आंकड़ा जुटाने तक का इंतजार- सूत्रों के अनुसार, शिवसेना का बागी गुट पहले अपने के साथ दो तिहाई का आंकड़ा पूरा कर लेना चाहता है, ताकि तकनीकी दिक्कतें न आएं। बागी गुट लगभग 45 विधायकों के समर्थन का दावा कर रहा है, लेकिन अभी तक लगभग 34 विधायक ही खुलकर सामने आ पाए हैं। सूत्रों के अनुसार, 40 विधायकों का आंकड़ा पार होने के बाद विधानसभा उपाध्यक्ष और राज्यपाल के सामने असली शिवसेना होने का दावा कर विभाजन की औपचारिकता भी पूरी कर लेगा।

# जौनपुर : सिलेंडर में लगी आग, मां बेटे समेत तीन की झुलसकर मौत

वार्ता < जौनपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में जौनपुर के महराजगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को रसोई गैस के सिलेंडर में लगी आग की चपेट में आने से मां और बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिले में महराजगंज थाना क्षेत्र के केवटली गांव निवासी अखिलेश विश्वकर्मा (30) की पत्नी नीलम (28) गुरुवार अलसुबह सुबह रिहायशी छप्पर में बने रसोई घर में दूध गर्म करने के लिए गई। उसी छप्पर में उसके दो बच्चे शीवांस (5), युवराज (3) और पति अखिलेश सो रहे थे। नीलम ने जैसे ही माचिस से गैस चूल्हा जलाया कि अचानक से सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग छप्पर तक पहुंच गई। आग तेजी से धधकने लगा तो नीलम तुरंत वहां से भागी और मदद के लिए गुहार लगाने लगी। पति और दोनों बच्चे आग में घिरे थे जिन्हें बचाने के लिए नीलम अंदर दाखिल हुई और वो भी आग में घिर गई। चीखपुकार सुनकर अखिलेश का बड़ा भाई सुरेश (32) पहुंचा। आग इतना भयावह रूप ले चुका था कि उसके सामने टिक पाना मुश्किल हो रहा था।

घर वालों का शोर-शराबा व घर से उठते धुएं को देख आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस को सूचना दी गई और छप्पर को किसी तरह से तोड़कर आग में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया और अंदर फंसे पति-पत्नी समेत दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया। परिजनों को बचाने की कोशिश में सुरेश भी गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर नीलम, उसके बेटे शीवांस (5) और जेठ सुरेश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अखिलेश और उसके तीन साल के बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है।

# अग्निपथ स्कीम के लिए आवेदन करने वालों का करेंगे बहिष्कार, हरियाणा में खाप पंचायतों का ऐलान

एजेंसी < रोहतक
www.dailypioneer.com

हरियाणा में सेना में भर्ती के लिए लाई गई अग्निपथ स्कीम का विरोध किसान आंदोलन जैसी राह पर बढ़ता दिख रहा है। हरियाणा की कुछ खाप पंचायतों के नेताओं ने अपील की है कि अग्निपथ स्कीम के तहत भर्ती के लिए आवेदन करने वालों का सामाजिक बहिष्कार किया जाए। यही नहीं खाप नेताओं ने भाजपा और जननायक जनता पार्टी के नेताओं के विरोध का भी आह्वान किया है। इसके अलावा स्कीम का सपोर्ट करने वाले कॉरपोरेट घरों के भी विरोध की अपील की गई है। बता दें कि आनंद महिंद्रा समेत कई कारोबारियों ने इस स्कीम का समर्थन किया है और अग्निवीर के तौर पर सेवामुक्त होने वाले युवाओं को नौकरी देने का भरोसा दिलाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को हरियाणा के रोहतक जिले के सांपला कस्बे में खाप पंचायतों और कुछ अन्य समुदायों के नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों से आए नेता शामिल हुए। इसके अलावा कुछ छात्र संगठनों ने भी इसमें हिस्सा लिया। इस मीटिंग की अध्यक्षता करने वाले धनखड़ खाप के नेता ओपी धनखड़ ने कहा कि हम उन लोगों को समाज में अलग-थलग करने का प्रयास करेंगे, जो इस स्कीम के तहत नौकरी के लिए आवेदन करेगा। हम इस स्कीम का विरोध कर रहे हैं, जो अग्निवीर के नाम पर युवाओं को मजदूर बनाने की कोशिश है। क्या इस स्कीम के तहत आवेदन करने वालों का बायकॉट किया जाएगा? इस सवाल पर धनखड़ ने कहा कि हम बायकॉट शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं, लेकिन उनसे सामाजिक दूरी रखी जाएगी। दरअसल सेना ने अग्निवीरों की भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है और इसके लिए जुलाई से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। योजना के मुताबिक अग्निवीर के तौर पर भर्ती होने वाले लोगों का कार्यकाल 4 वर्ष का होगा और उसके बाद 75 फीसदी को सेवामुक्त कर दिया जाएगा बाकी 25 फीसदी लोगों को नियमित सैनिक के तौर पर भर्ती किया जाएगा।

# पनीरसेल्वम पर फेंकी बोतलें, जयललिता की पार्टी में मचा बवाल, मीटिंग से भागे पूर्व डिप्टी सीएम

एजेंसी < चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु में जयललिता की पार्टी एआईएडीएमके में घमाशान मचा हुआ है। पार्टी की आम परिषद की बैठक में आज अन्नाद्रमुक के समन्वयक और पूर्व उप मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम पर पानी बोतलें फेंकी गईं। बैठक चेन्नई के वनगरम के श्रीवारु वेंकटचलपति पैलेस में हुई। बैठक में हंगामा होते देख पनीरसेल्वम अपने समर्थकों के साथ भाग खड़े हुए। परिषद की बैठक में सदस्य पार्टी के एकल नेतृत्व की मांग पर अड़े रहे और पनीरसेल्वम के प्रतिद्वंद्वी व संयुक्त संयोजक के पलानीस्वामी का पक्ष लिए जाने के बाद बवाल बढ़ गया। जिसके बाद



पनीरसेल्व बैठक छोड़कर बाहर निकल गए। सामान्य परिषद ने अन्य प्रस्तावों को खारिज कर दिया।

**एआईएडीएमके में किस बात को लेकर चल रहा झंझट?-** दरअसल, एआईएडीएमके में नेतृत्व को लेकर विवाद चल रहा है। पार्टी में फिलहाल दो खेमा बन गए हैं जिसमें एक ओ पनीरसेल्वम का है तो दूसरा पलानीस्वामी का। पलानीस्वामी खेमा सिंगल लीडरशिप की मांग कर रहा, लेकिन पनीरसेल्वम का गुट इससे पीछे हट रहा है। पनीरसेल्वम और उनके समर्थक चाह रहे हैं कि पार्टी में दोहरी नेतृत्व संरचना आगे भी चलती रही।

**बैठक के बीच में ही शुरू हो गया हंगामा-** पार्टी के इन्हीं सब अंदुरूनी मुद्दों को लेकर आज बैठक बुलाई गई थी। जिसमें कई प्रस्ताव पर चर्चा होने थे। इसमें सिंगल नेतृत्व का प्रस्ताव भी शामिल था, लेकिन बीच में हंगामा शुरू हो गया।

# पीलीभीत में भीषण सड़क हादसा, गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी पेड़ से टकराई, 10 की मौत

एजेंसी < पीलीभीत
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। करीब 6 लोग घायल हुए हैं। घायलों में दो की हालत गंभीर है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, पीलीभीत के गजरौला थाना इलाके में एक तेज रफ्तार पिकअप पेड़ से टकराने के बाद हाईवे पर पलट गई। हादसे में 10 लोगों की मौत की हो गई। हादसे में 7 लोगों के घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे बरेली रेफर किया गया है। सुबह करीब चार बजे यह भीषण हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि हरिद्वार से गंगा स्नान करने के बाद बुधवार को शाम पांच बजे गोला के लिए वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी टाटा एस गाड़ी पेड़ से टकरा गई। घायलों ने बताया कि ड्राइवर को झपकी आने से यह हादसा हुआ है। यह हादसा गुरुवार को सुबह 4.00 बजे के करीब आसाम हाईवे पर गजरौला कस्बे के पास हुआ।

मौके पर 8 लोगों की मौत हो गई। दो लोगों



को इलाज के दौरान अस्पताल में मृत घोषित किया गया। 7 लोग हादसे में घायल हैं, एक व्यक्ति को बरेली के लिए रेफर किया गया है। छह लोगों का इलाज पीलीभीत के जिला अस्पताल में चल रहा है।

जिलाधिकारी पुलकित खरे, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी. घटना की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल पहुंचे। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने बताया कि हरिद्वार से गोला वापस आते समय गजरौला के पास यह दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें 10 लोगों की मौत हुई है। 7 लोग घायल हुए हैं। वाहन में कुल 17 लोग सवार थे।

# उर्वरक कीटनाशकों के प्रयोग को कम करने के लिए निजी क्षेत्र भी सरकार के साथ जुड़े: तोमर

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि खेती में उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग को कम करने के लिए निजी क्षेत्र को भी सरकार के साथ जुड़ना चाहिए। तोमर ने यह बात भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा आयोजित 11वें एग्रोकेमिकल्स कॉन्क्लेव को सोलन (हिमाचल प्रदेश) से वर्चुअल संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है और देश की अर्थव्यवस्था में कृषि का बहुत बड़ा योगदान है। कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए मुनाफा बहुत जरूरी है। उत्पादन में वृद्धि भी बहुत आवश्यक है। देश में दलहन और तिलहन की दृष्टि से अच्छा काम चल रहा है। यह भी जरूरी है कृषि के क्षेत्र में मुनाफा बढ़े तथा फसलोपरांत किसानों को होने वाला नुकसान न्यूनतम हो जिसके लिए कदम उठाने की जरूरत हैं। इस संबंध में केंद्र सरकार कई योजनाओं पर काम कर रही है। साथ ही सरकार चाहती है कि किसान तकनीक का उपयोग कर महंगी फसलों पर जा सके। फसलों के उत्पादन में एकरूपता आ सके एवं उनके उत्पादन में गुणवत्ता आ सकें इस पर भी काम हो रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि आज उद्यानिकी को भी और बढ़ाना चाहिए ताकि हर दृष्टि से हम आत्मनिर्भर बन सके। खाद्यान्न की दृष्टि से हमारा देश बहुत अच्छी स्थिति में हैं। वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए हमें कृषि की दृष्टि से विकसित अन्य देशों की ओर भी देखना होगा व उनके साथ आगे बढ़कर चलना है। दस हजार नए एफपीओ भी बनाए जा रहे हैं, जिससे किसानी को काफी फायदा हो रहा है और आगे भी होगा। फसल विविधीकरण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने फिक्की जैसे संगठनों से कृषि विकास के लिए मिलकर काम करने की अपेक्षा की। कार्यक्रम में केंद्रीय रसायन और उर्वरक तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री भगवंत खुबा भी मौजूद थे। फिक्की की फसल संरक्षण समिति के अध्यक्ष आर.जी. अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

# महाराष्ट्र संकट पर उमा भारती का तंज, कहा- हनुमान चालीसा पाठ ने लगाई 'लंका' में आग

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने महाराष्ट्र में निर्दलीय सांसद नवनीत राणा की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री हनुमान महिलाओं के सम्मान के रक्षक हैं और राणा के हनुमान चालीसा पाठ ने अंत में लंका में आग लगा ही दी। खास बात है कि अप्रैल में राणा दंपति मुख्यमंत्री आवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की योजना बनाई थी।

भारती ने ट्वीट किया कि महाराष्ट्र की अघाड़ी की सरकार चल नहीं सकती थी। इसका कोई वैचारिक आधार नहीं था। उन्होंने राणा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे मजबूत महिला हैं। उन्होंने हनुमान चालीसा के कारण हुई गिरफ्तारी के बाद बहुत सारी यातनाएं झेली हैं। भारती ने बिना किसी का नाम लेते हुए कहा कि



देवियों से कभी युद्ध नहीं करना चाहिए क्योंकि इसमें पराजय ही मिलती है। दैवीय शक्ति के सामने कोई नहीं टिक सकता। हनुमान जी विश्व की सभी महिलाओं के बड़े भाई हैं वह महिलाओं के सम्मान के रक्षक हैं और हनुमान चालीसा के पाठ ने अंत में लंका में आग लगा ही दी। उन्होंने दिवंगत बाल ठाकरे का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी पार्टी का ऐसा पतन दुखदायी है।

**शिवसेना की बैठक में 13 विधायक शामिल हुए-** मुंबई में सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अपने घर मातोश्री में विधायकों की बैठक बुलाई, जिसमें आदत्यि ठाकरे समेत 13 विधायक शामिल हुए। इस बीच, बागी विधायक एकनाथ शिंदे के साथ गुवाहाटी में उपस्थित विधायक संजय शिरसाट ने ठाकरे को पत्र लिख कर बहुत सारी शिकायतें की हैं। उन्होंने पत्र में लिखा है कि मुख्यमंत्री का सरकारी आवास 'वर्षा' का दरवाजा शिवसेना विधायकों के लिए हमेशा बंद रहा जबकि कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस के विधायकों के लिए कोई मनाही नहीं थी। उन्होंने लिखा कि मंत्रालय में भी ठाकरे से मुलाकात नहीं हो पाती थी क्योंकि वह मंत्रालय आते ही नहीं थे। कांग्रेस और राकांपा के विधायकों का काम हो जाता था जबकि शिवसेना विधायकों का काम नहीं होता था जिससे हमें अपने चुनाव क्षेत्र में काम करने में मुश्किल हो रही थी।

# केंद्र सरकार से 800 करोड़ की विशेष वित्तीय सहायता स्वीकृत : जयराम ठाकुर

वार्ता < शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार ने राज्य के लिए 10 करोड़ रुपये से अधिक की केंद्रीय परियोजनाओं के अलावा 800 करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। ठाकुर ने गुरुवार को सोलन जिले में आयोजित शिमला संसदीय क्षेत्र के त्रिदेव सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र परंपरागत रूप से कांग्रेस का गढ़ रहा है, लेकिन अब भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत से लगातार तीन चुनाव जीतकर कांग्रेस पार्टी के इस गढ़ को हिला दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के त्रिदेव संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है और यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि त्रिदेव अधिक समर्पण और समन्वय के साथ कार्य करें। त्रिदेव सही मायने में पार्टी के आधार हैं और उन पर पार्टी का भविष्य निर्भर करता है। पार्टी कार्यकर्ताओं को एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए कड़ी



मेहनत करनी चाहिए। ठाकुर ने राज्य में भाजपा को फिर से सत्तासीन करने के लिए पार्टी पदाधिकारियों से अधिक प्रतिबद्धता और समर्पण भाव के साथ काम करने का आग्रह किया, ताकि प्रदेश का विकास निर्बाध गति से चलता रहे। विपक्षी नेताओं पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जनता काफी समझदार है और विपक्ष के झूठे वायदों के बहकावे में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 37 वर्षों के बाद कोई भी सरकार पुनः सत्तासीन हुई है। पहली बार कोई सरकार उत्तराखंड में अपना कार्यकाल दोहराने में सफल हुई है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अगर इन चारों राज्यों में ऐसा हो सकता है, तो हिमाचल प्रदेश में इसे क्यों नहीं दोहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक एम्स, चार चिकित्सा महाविद्यालय, अटल टनल रोहतांग, आईआईएम जैसी परियोजनाएं राज्य और केंद्र में डबल इंजन सरकारों के कारण ही संभव हो पाई हैं। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विकासात्मक योजनाओं का भी विवरण दिया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी नेता यह दावा कर रहे हैं कि एक बार राज्य में सत्ता में आने के बाद वे वर्तमान राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर देंगे। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का समर्थन करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि इससे भारतीय सेना को मजबूत करने और देश के युवाओं को रोजगार प्रदान करने वाली योजना है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

# सार्वजनिक स्थान पर हो बदसलूकी तभी लागू होगा एससी-एसटी एक्ट : कर्नाटक हाईकोर्ट

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत जातिवादी दुर्व्यवहार सार्वजनिक स्थान पर होना चाहिए। इसी के साथ ही अदालत ने लंबित मामले को रद्द कर दिया है। बता दें कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि बेसमेंट में उसे जातिसूचक शब्द कहे गए थे। इस दौरान उसके सहकर्मी भी मौजूद थे। अदालत ने कहा कि बेसमेंट सार्वजनिक स्थान नहीं हो सकता। कर्नाटक हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने 10 जून को अपने फैसले में कहा, ÷उपरोक्त बयानों को पढ़ने से दो कारक सामने आएं- एक यह है कि इमारत का तहखाना सार्वजनिक स्थान नहीं था और दूसरा केवल वे लोग इसका दावा कर रहे हैं कि जो शिकायतकर्ता मोहन, भवन




स्वामी जयकुमार आर नायर और शिकायतकर्ता के सहकर्मी हैं। नायर का आरोपी रितेश पियास से कंस्ट्रक्शन को लेकर विवाद था और उसने भवन निर्माण कार्य के खिलाफ स्टे ले लिया था।

**क्या था मामला-** जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता का आरोप है कि घटना साल 2020 की है। जब कथित तौर पर इमारत के कंस्ट्रक्शन के दौरान रितेश पियास ने मोहन के लिए तहखाने में जातिवादी शब्दों का इस्तेमाल किया। उस वक्त मौके पर पीड़ित और उसके सहकर्मी मौजूद थे। बता दें कि सभी मजदूरों को भवन मालिक जयकुमार आर नायर ने ठेके पर काम दिया था।

अदालत ने कहा कि अपशब्दों का प्रयोग स्पष्ट रूप से सार्वजनिक स्थान पर नहीं किया गया है, इसलिए इसमें सजा का प्रावधान नहीं है। इसके अलावा, मामले में अन्य कारण भी हैं, जो शिकायत पर संदेह पैदा करते हैं। आरोपी रितेश पियास का भवन मालिक जयकुमार आर नायर से विवाद था और उसने भवन निर्माण के खिलाफ स्टे ले लिया था। इसलिए इसकी भी प्रबल संभावना है कि वह अपने कर्मचारी के सहारे आरोपी को निशाने पर ले रहा है।

**साधारण सी खरोंच धारा 323 का आधार नहीं-** हाई कोर्ट ने आगे कहा कि शिकायतकर्ता ने रितेश पर उसे चोट पहुंचाने के आरोप में धारा 323 के तहत कार्रवाई की मांग की है। हाई कोर्ट ने यह मांग भी यह कहते हुए खारिज कर दी कि मोहन के शरीर पर चोट के निशान साधारण खरोंच दिखाते हैं। इसमें रक्तस्राव का संकेत नहीं मिलता। इसलिए, साधारण खरोंच के निशान आईपीसी की धारा 323 के तहत अपराध नहीं हो सकते हैं। साथ ही निचली अदालत के समक्ष लंबित मामले को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा, ÷उपरोक्त तथ्यों के आधार पर जब अपराध के मूल तत्व ही गायब हैं, तो इस तरह की कार्यवाही को जारी रखने और याचिकाकर्ता पर आपराधिक मुकदमा पूरी तरह से अनुचित होगा।

## पल्ला फ्लड प्लेन परियोजना से भूजल स्तर में हुई बढ़ोतरी : सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की किल्लत दूर करने और 24 घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई पल्ला फ्लड प्लेन परियोजना से भूजल स्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सिसोदिया ने गुरुवार को सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह परियोजना 40 एकड़ में फैली है, जिसमें से 26 एकड़ में एक तालाब बनाया गया, जहां बाढ़ के पानी का संचय होता है, जिसका उपयोग दिल्ली में भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार 2020 और 2021 में मानसून से पहले और मानसून सत्र के दौरान की गई स्टडी में यह पाया गया कि इस परियोजना के चलते ग्राउंड वाटर रिचार्ज होकर यमुना नदी से शहर की तरफ बढ़ रहा है, जिससे पूरे दिल्ली का भूजल स्तर बेहतर हो रहा है।

# अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाया, बेटा ही निकला मां का हत्यारा

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



पुलिस ने अंधे कत्ल के मामले को सुलझा लिया है। महिला की चाकू मारकर निर्मम हत्या करने वाले आरोपी बेटे को गुरुर पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी आकाश कुमार ढीमर अपनी माँ कुमारी बाई ढीमर 46 वर्ष से नाराज था माँ द्वारा राशन नही देने पर व पिता के मौत के बाद अन्य पुरुषों के साथ घूमना फिरना बेटे को नागवार गुजरा जिसके चलते कलयुगी बेटे ने 11 जून को अपनी माँ के साथ मारपीट करते हुए चाकू से गले मे ताबड़तोड़ वार कर माँ को मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गया। पुलिस ने घटना की जानकारी लगते ही आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी और दस दिनों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने पत्रकारवार्ता में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतिका गांव में अकेली रहती थी। उसका पुत्र आकाश ढीमर धमतरी अपने ससुराल में रहता है। जो आये दिन अपने मां से विवाद करते रहता था। मृतिका के पुत्र आरोपी आकाश ढीमर से पूछताछ करने पर अपनी माँ से राशन नही देने की बात को लेकर विवाद होना तथा पति के मृत्यु के बाद अन्य पुरूषो के साथ माँ का घुमना फिरना आरोपी को अच्छा नही लगा। जिसके कारण आरोपी बेटे ने 11 जून की रात अपनी माँ के घर ग्राम बोहारडीह पहुंचा जहां माँ के साथ मारपीट करते हुए एक धारदार चाकू से अपनी मां के गले को काट कर हत्या कर दिया जिससे माँ की मृत्यु हो गई।

बालोद पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशानुसार अंधे कत्ल को सुलझाने व आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना गुरूर व साइबर की विशेष टीम बनाया गया था। जिस पर टीम के द्वारा मृतिका कुमारी बाई ढीमर उम्र 46 वर्ष का पुत्र आरोपी आकाश कुमार ढीमर पिता स्व. सुरेष कुमार ढीमर उम्र 25 वर्ष को रत्नाबांधा धमतरी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को धारा 450,302 भादवि के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### घटना को अंजाम देने ऑटो से पहुंचा था गांव, पुलिस ने 50 से अधिक ऑटो चालकों से की पूछताछ

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक आकाश ढीमर अपनी माँ की हत्या करने धमतरी से ऑटो में आया था। मामले की गम्भीरता को देखते पुलिस की टीम ने धमतरी में 50 से अधिक ऑटो चालकों से पूछताछ की गई आरोपी युवक पहले ऑटो चालक था लेकिन वह काम बंद कर दिया उसके बाद ट्रक चालक का काम भी किया था लेकिन वह काम भी छोड़ दिया। वर्तमान में आरोपी युवक कुछ काम नही करता है वह अपने ससुराल धमतरी में रहता था जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

# 14 स्टेशनों में 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' योजना के अंतर्गत लगी है स्थानीय उत्पाद की बिक्री का स्टॉल

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



रेलवे की व्यापक पहुंच और महत्व को ध्यान में रखते हुये स्थानीय उत्पादों को देशभर में लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' योजना की घोषणा की गई है । इस योजना के तहत बिलासपुर सहित मंडल के कोरबा, जांजगीर-नैला, अनुपपुर, पेंड्रारोड़, उसलापुर, विश्रामपुर, शहडोल, कोतमा, सक्ती, अम्बिकापुर, अकलतरा, चाम्पा, रायगढ़ (कुल 14 स्टेशनों ) रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म में स्थानीय उत्पाद की बिक्री के लिए स्टॉल की सुविधा रेलवे प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है। बिलासपुर स्टेशन में इस योजना की शुरुआत 25 मार्च 2022 से बेल मेटल से बनी कलाकृतियों के स्टॉल से प्रारम्भ हुआ था। बिलासपुर स्टेशन में वर्तमान में प्लेटफार्म 01 में हर्बल उत्पाद की बिक्री का स्टॉल संचालित हो रही है। इसके अलावा मंडल के जांजगीर-नैला स्टेशन के प्लेटफार्म 01 पर 11 जून 2022 से धान के पैरा से बनी स्थानीय कलाकारों की हस्तशिल्प की प्रदर्शनी व बिक्री का स्टॉल, कोरबा स्टेशन के प्लेटफार्म 01 पर 10 जून 2022 से स्थानीय हर्बल उत्पाद की बिक्री व प्रदर्शनी का स्टॉल, अनूपपुर स्टेशन के प्लेटफार्म 01 पर 11 जून 2022 से ट्राइबल गोंडी पेंटिंग की बिक्री व प्रदर्शनी का स्टॉल, पेंड्रारोड़ स्टेशन के प्लेटफार्म 01 पर 12 जून 2022 से स्थानीय महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल, मसाला तथा अन्य घरेलू उत्पाद की प्रदर्शनी व बिक्री का स्टॉल, उसलापुर स्टेशन में 13 जून 2022 से हर्बल उत्पाद की बिक्री का स्टॉल, विश्रामपुर स्टेशन में 13 जून 2022 से स्थानीय माटी कला केंद्र के सौजन्य से मिट्टी से बनी विभिन्न प्रकार के उत्पाद की बिक्री का स्टॉल, शहडोल स्टेशन में 15 जून 2022 से वनोत्पाद का बिक्री व प्रदर्शनी का स्टॉल, कोतमा स्टेशन में 16 जून 2022 से स्वदेशी पद्धति से बनी स्थानीय घरेलू उत्पाद का स्टॉल, सक्ती स्टेशन में 15 जून 2022 से कोसे से निर्मित परिधान का स्टॉल, अम्बिकापुर स्टेशन में वनोत्पाद का बिक्री व प्रदर्शनी का स्टॉल, अकलतरा स्टेशन में 15 जून 2022 से बांस से निर्मित उत्पाद की बिक्री व प्रदर्शनी का स्टॉल, चाम्पा स्टेशन में 14 जून 2022 से कोसा सिल्क उत्पाद की बिक्री व प्रदर्शनी का स्टॉल तथा रायगढ़ स्टेशन में 21 जून 2022 से बेल मेटल से बनी कलाकृतियों का स्टॉल संचालित हो रही है।

### दपूमरे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो) ने किया आधारशिला स्कूल परिसर में वृक्षारोपण



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो), मुख्यालय के सदस्याओं द्वारा डॉ. वनिता जैन, अध्यक्षा सेक्रो के नेतृत्व में आधारशिला स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण की महता एवं पर्यावरण संरक्षण में एक जागरूक संगठन की तरह अपनी भूमिका को जिम्मेदारी पूर्वक निभाने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में लगातार वृक्षारोपण एवं पर्यावरण से संबंधित अनेको कार्यक्रम आयोजित किये जाते है । इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, ना सिर्फ किसी विशेष अवसर पर बल्कि पूरे वर्ष जल, पर्यावरण एवं वातावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रयासरत है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इन सफल प्रयासों का प्रत्यक्ष उदाहरण बिलासपुर स्थित रेलवे कॉलोनी की हरियाली है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याणकारी संगठन रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिवार के कल्याण हेतु कार्य करने वाला एक संगठन है। यह संगठन विशेषकर महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न कार्यकलापों में संलग्न है।

# पूर्वी मंडल भाजपा ने मनाया पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पूर्वी मंडल भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सिंधु भवन तोरवा में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस मनाया । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष निम्मा जीवनानी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उद्घाटन किया ।उन्होंने कहा भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे राष्ट्रवादी चिंतक राजनीतिक एवं महान शिक्षाविद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जयश्री चौकसे ने कहा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा जो कोई भी कार्य आरंभ करें गंभीरता से पूर्ण करें और तब तक संतुष्ट ना हो जब तक अपना सर्वश्रेष्ठ ना दे दे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ पल्लव धर पार्षद मोती गंगवानी मंडल उपाध्यक्ष दिनेश देवांगन महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रजनी यादव महामंत्री लोकेश्वरी राठौर, सीमा टेकवानी, प्रभा तिवारी, अर्चना मालेवार, पूजा इंगोले, राजू पटेल सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## अधिशासी निदेशक आर गोविन्दराजन ने की सामाजिक भवनों का भूमि आबंटन सम्पन्न



**किरन्दुल।** लौहनगरी किरन्दुल में 22 जून बुधवार को एनएमडीसी किरन्दुल काम्प्लेक्स के अधिशासी निदेशक आर गोविन्दराजन ने विगत लंबे समय से प्रतीक्षारत नेपाली समाज, कुर्मी समाज, निषाद समाज एवं हल्बा समाज के सामाजिक भवनों हेतु भूमि आबंटन सम्पन्न किया। आर गोविंदराजन के इस नेक सामाजिक कार्य से सभी समाज एवं नगर में हर्षोल्लास के साथ गोविंदराजन की भूरी-भूरी प्रशन्सा की जा रही है। कार्यक्रम में उपमहाप्रबंधक बी के माधव, परियोजना के विभिन्न अधिकारी कर्मचारियों साथ नेपाल समाज, कुर्मी समाज निषाद समाज, हल्बा समाज के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भाजपा नेताओं ने मनाया डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस, दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून नेताओ ने मनाया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रादेशिक आह्वान पर प्रत्येक जिला, मंडल ,बूथ, इकाई केंद्र तक स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के दिन से 26 जुलाई तक सेवाभावी समर्पण कार्यक्रम किए जाने हैं।

इसी परिपेक्ष में 23 जून स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस के दिन लोकसभा के सांसद अरुण साव, के द्वारा दक्षिण मंडल के वार्ड क्रमांक 28 विद्यानगर बूथ इकाई क्रमांक 171 में निवासरत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हो स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं जन संघ के पुराने इतिहास के कुछ दृश्यों को कार्यकर्ताओं के बीच अपने वक्तव्य में रखा ।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत, पूर्व महापौर किशोर राय,,भाजपा मंडल प्रभारी मनीष अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष जुगल अग्रवाल, धिरेंद्र केसरवानी, केदार खत्री, अमित तिवारी, गणेश रजक, अभिजीत मित्रा, वरुण दास, तनुज वोहरा, सत्यजीत भौमिक, वरुण दास, हरेंद्र तिवारी, देवेश खत्री, राम गोपाल गुप्ता, सहित वार्ड के प्रबुद्ध एवं कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मारुति सुजुकी ने आईटीआई में लगाया प्लेसमेंट कैम्प, 17 बच्चों का किया चयन

पायनियर संवाददाता ➤ केशकाल
www.dailypioneer.com



शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केशकाल में अध्ययनरत बालकों को रोजगार मुहैया करवाने के उद्देश्य से गुरुवार की सुबह सुजुकी मोटर्स ने प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया था। इस कैम्प में सर्वप्रथम सुजुकी कम्पनी के एचआर रंजीत सिंह की अध्यक्षता में कुल 50 प्रशिक्षणार्थियों की काउंसलिंग एवं लिखित परीक्षा ली गयी। इस लिखित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले फिटर, वेल्डर और इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के 17 युवाओं का चयन किया गया है। इस कैम्प में संस्था के प्रभारी अधीक्षक सी.आर देवांगन, एस.पी उपाध्याय, डी.आर देवांगन, आर.के मेहता, सीजी वर्घिस, डी.आर मंडावी, एस.के प्रजापति, व्ही.पी साहू, बी.के घृतलहरे, डी.के यादव समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## डेंगू से बचाव के लिए किरन्दुल नपा करवा रही है छिड़काव



**किरंदुल।** मच्छरों से होने वाली बीमारी डेंगू से बचाव के लिए किरन्दुल नगरपालिका द्वारा अलग अलग वार्डों में मिलेथियान का छिड़काव करवाया जा रहा है। जिसके तहत आज वार्ड क्रमांक 08,09 एवं 10 के नालियों में मिलेथियान का छिड़काव किया गया। नपा सीएमओ पवन कुमार मेरिया का कहना है कि बारिश के पानी को जमा न होने दे, गंदगी न रखे। सभी लोग सावधानी बरते एवं मच्छर को पनपने ना दे,जिससे बीमारियो पर काबू पाया जा सकता है।

## कोरोना पीड़ित वृद्धा की मौत

**बिलासपुर।** कोरोना वायरस का प्रकोप बिलासपुर जिले में फिर से शुरू हो गया है। चार माह बाद बुधवार को कोरोणा से वृद्ध महिला की मौत हो गई जिसकी पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है ।उल्लेखनीय है बीते 16 फरवरी को 18 वर्षीय युवती की मौत हुई थी। इसके 123 दिन बाद फिर कोरोना से एक बुजुर्ग महिला की मौत हुई। जिले में 123 दिन बाद कोरोना से एक की मौत हो गई। इसकी पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। जिले में एक्टिव केस 54 बताया जा रहा है। मौत के बाद अब होम आइसोलेशन में चल रहे मरीजों की निगरानी बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने निर्देशित किया है कि जिस भी मरीज की हालत बिगड़ रही है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाए, ताकि मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। ग्राम धूमा निवासी 72 वर्षीय सोनबाई यादव की तबीयत बिगड़ने पर कोरोना के लक्षण साफ नजर आ रहा था। जांच में उसके संक्रमित होने की पुष्टि की गई। इसके बाद उसका होम आइसोलेशन में इलाज चल रहा था, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं आया।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण सस्थान बेमेतरा बालवाड़ी प्रशिक्षण आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा एवं शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा में शासन की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत बालवाडी संचालन हेतु बी.आर.जी.प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में बेमेतरा जिला के चारों विकासखंड के चयनित प्राथमिक शाला शिक्षक, सी.ए.सी. और महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवायजर भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण उपरान्त प्रशिक्षित बी.आर.जी. विकासखंड में जाकर चयनित बालवाडी शाला के शिक्षक और सम्बंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता को प्रशिक्षण देंगे। इनमें प्राथमिक शाला शिक्षक प्रत्येक विकासखण्ड से एक, प्रयेक विकासखंड से एक की.ए.सी., प्रत्येक विकासखंड से दो सुपरवायजर, सभी विकासखंड के 4 बी.आर.पी., सभी विकासखंड के 04 परियोजना अधिकारी शामिल हैं। प्रशिक्षण के उदघाटन में संस्थान के प्राचार्य हेमंत कुमार भुवाल एवं प्रकोष्ठ प्रभारी उषा किरण पाण्डेय व्याख्याता डाईट बेमेतरा, बिकेश यादव व्याख्याता बेरला द्वारा बी.आर.जी. प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं उपादेयता पर विस्तार से चर्चा किया गया। प्रशिक्षण में राज्य स्त्रोत समूह द्वारा बालवाड़ी की अवधारणा, बालवाडी के उद्देश्य, ईसीसीई की भूमिका, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या, बोली-भाषा का विकास, बच्चों में अधिगम आदि विषयों पर गतिविधि करा कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सत्रवार खेल, गीत, कहानी, नृत्य, योगासन, प्रेरणागीत के माध्यम से सीखने-सिखाने के गुर बताये जा रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ का जिला स्तरीय वार्षिक पत्रकार सम्मेलन आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ राज्य में पत्रकारों के सबसे बड़े संघ छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई दंतेवाड़ा का वार्षिक सम्मेलन दंतेवाड़ा के नवीन ऑडिटोरियम में भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला दंतेवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि छविंद्र कर्मा उपाध्यक्ष औषधि एवम पादप बोर्ड तथा विशिष्ट अतिथिगण पायल गुप्ता अध्यक्ष नगरपालिका दंतेवाड़ा, मृणाल राय अध्यक्ष नगर पालिका किरंदुल, अवधेश सिंह गौतम अध्यक्ष जिला कांग्रेस दंतेवाड़ा, सुलोचना कर्मा सदस्य जिला पंचायत दंतेवाड़ा, चेतराम अट्टामी अध्यक्ष जिला भाजपा दंतेवाड़ा, ओजस्वी भीमा मंडावी अध्यक्ष जिला भाजपा महिला मोर्चा, ए के सिंह सचिव मेटल माइन वर्कर्स यूनियन किरंदुल, आशीष यादव सचिव मेटल माइन वर्कर्स यूनियन बचेली एवं जिला पत्रकार सम्मेलन के अध्यक्ष अरविंद अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ एवं प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश पदाधिकारियों एवं सुकमा तथा बीजापुर के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम माँ दंतेश्वरी के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रथम सत्र में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में दंतेवाड़ा जिले में उत्पन्न विषम परिस्थितियों में भी पत्रकार की सरहानीय भूमिका एवं दंतेवाड़ा जिले के विकास की गाथा में पत्रकारों की भूमिका की सराहना की। श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई के वार्षिक पत्रकार सम्मेलन के द्वितीय सत्र में मौजूद मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा के कलेक्टर दीपक सोनी एवं विशिष्ट अतिथि एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के कार्मिक प्रमुख बी के माधव, एनएमडीसी बचेली परियोजना के कार्मिक प्रमुख धर्मेंद्र आचार्या, आर्सेलर मित्तल कंपनी के कार्मिक प्रमुख डी सतीश,अनुविभागीय अधिकारी दंडाधिकारी बड़े बचेली अरुण कुमार सोम एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने माँ दंतेश्वरी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर जिला पत्रकार संघ के वार्षिक सम्मेलन की शुरुआत की। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथिगणों ने अपने संबोधन में दंतेवाड़ा जिले के विकास की गाथा में पत्रकारों को एक अहम कड़ी निरूपित किया। श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला स्तरीय वार्षिक पत्रकार सम्मेलन के तृतीय सत्र में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी एवं अन्य प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला दंतेवाड़ा का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से आज़ाद सक्सेना को जिला अध्यक्ष एवं जितेंद्र चौधरी को महासचिव के लिए चुना गया एवं जिला संयोजक प्रदीप सिंह गौतम एवं राजेन्द्र सक्सेना को चुना गया इसके साथ ही जिला संरक्षक, कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यालय सचिव पदों पर भी नियुक्ति की गई। इस अवसर पर पत्रकार रामकृष्ण बैरागी, संजीव दास, रवि दुर्गा, शेखर दत्ता, एस एच अज़हर, किशोर जाल, राम बाबू तथा जिले के अन्य पत्रकार भी मौजूद थे।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक **15-मार्च-22** को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **माँ संतोषी कृषि केन्द्र (ऋणी), जीवन लाल मडे (सहऋणी), दयाराम मडे (सहऋणी), ऋण खाता संख्या L9001060121345645** से नोटिस में वर्णित राशि **18,19,356/- (अठारह लाख उन्नीस हजार तीन सौ छप्पन रुपये मात्र)** कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।
ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचेवर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 18 माह जून वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया है।
ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये 18,19,356/- **(अठारह लाख उन्नीस हजार तीन सौ छप्पन रुपये मात्र) 15-मार्च-22** तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** के प्रभार के अधीन होगा।
ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

बंधक सम्पत्ति का विवरण
रिहायशी/व्यावसायिक प्रॉपर्टी/ भूमि बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग संपत्ति स्थित **ग्राम पंचायत ग्राम रोहिना पीएच नं. 36, विकास खण्ड फिंगेश्वर खसरा नं. 798 वाई 2 भाग राजिम, गरियाबंद राजिम, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 260.66 वर्गगज जो कि जीवन लाल मडे के स्वामित्व में है।**

दिनांक : 18-जून -2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : राजिम, छत्तीसगढ — एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# ड्रग इंस्पेक्टर के मिलीभगत से 10वीं 12वीं फेल किराए की डिग्री से मेडिकल शॉप कर रहे हैं संचालित

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मेडिकल दुकान संचालित के लिए औषध एवं प्रसाधन अधिनियम के तहत फार्मासिस्ट डिप्लोमा सहित अन्य लंबी चौड़ी नियम कानून है लेकिन मैनपुर ब्लॉक के बुर्जाबहाल सहित आजू-बाजू गांव में ऐसे नियम की परवाह किए बिना 10वीं और 12वीं फेल लोग ड्रग इंस्पेक्टर से मिलीभगत कर मेडिकल स्टोर ऑपरेट कर रहे हैं केंटपदर के कुंजल नागेश की डिग्री लाइसेंस को लेकर बुर्जाबहाल के कथित झोलाछाप डॉक्टर दशरथ साहू द्वारा मेडिकल संचालित किया जा रहा है मतलब मेडिकल के साथ-साथ झोलाछाप डॉक्टर की दुकान भी चमका रहे हैं जबकि मेडिकल पर बैठने वाले के पास ना अनिवार्य डिग्री होती हैं और ना प्रमाणित अनुभव रखते हैं फिर भी मरीजों की जान को आफत में डालने से पीछे नहीं है और इससे ड्रग इंस्पेक्टर भी बारीकी से अवगत हैं बकायदा कई बार अवैध तरीके से संचालित मेडिकल दुकानों में दस्तक दे चुके हैं लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है और ना ड्रग इंस्पेक्टर से कार्यवाही की उम्मीद है शायद यही वजह है कि उच्च अधिकारियों को गोपनीय पत्राचार के माध्यम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग को लेकर तैयारी हो रही है ताकि नियम विरुद्ध मेडिकल संचालकों के खिलाफ ठोस कार्यवाही किया जा सके क्योंकि किराए की लाइसेंस लेकर मेडिकल कारोबार जिले के कई इलाकों में तेजी से फल-फूल रहें है जिसमें से अधिकांश मेडिकल संचालकों के पास ना डिग्री है और ना लाइसेंस फिर भी बेधड़क मेडिकल खोल अपनी दुकान वर्षों से संचालित रखे हैं खासकर मैनपुर इलाके में बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर ऑपरेट करते देखा जा सकता है सदाबहार कारोबार होने के चलते हर दूसरे तीसरे गांव में यह दुकान खोलना आसान है सबसे पहले ऐसे कारोबारी फार्मासिस्ट डिप्लोमा लोगों को अपने जाल में फंसते हैं और उसके बाद अपनी कमाई का कुछ हिस्सा देकर उन्हीं के लाइसेंस मे अपना कारोबार संचालित करते हैं जबकि उक्त फार्मासिस्ट अधिकांश ब्लॉक से बाहर होते हैं फिर भी उनका लाइसेंस का उपयोग कर अपना गोरखधंधा का पैर पसारने में कामयाब है बाबजूद इसके बिना लाइसेंस मेडिकल पर लगाम लगाने मैं ड्रग इंस्पेक्टर असफल है।



### 3 माह में मोटी रकम की कलेक्शन

बिना लाइसेंस और नियम का पालन किए मेडिकल संचालक हर 3 से 6 माह के भीतर एक बार इकट्ठा होते हैं और मोटी रकम इकट्ठा कर ड्रग इंस्पेक्टर को भेंट करने की चर्चा हर मेडिकल गलियारों में होती है कई बार मेडिकल संचालकों के बीच रेस्ट हाउस में ड्रग इंस्पेक्टर को भी देखा गया है शायद यही वजह है कि वर्षों से किराए के लाइसेंस पर संचालित मेडिकल स्टोर के खिलाफ कार्यवाही देखने को नहीं मिल रहा है जबकि ड्रग इंस्पेक्टर एक एक मेडिकल संचालकों से अच्छी तरह वाकिफ होने की बात कही जाती है हालांकि नए नए मेडिकल पर अब तक दस्तक नहीं देने की बात होती है इसलिए स्थानिय ड्रग इंस्पेक्टर से कार्यवाही की उम्मीद कम है क्योंकि करीब से देखने के बावजूद महीनों से ड्रग इंस्पेक्टर का संरक्षण है और संरक्षण इसलिए माना जाता है क्योंकि बिना लाइसेंस के दुकान और बिक्री दवाइयों की एक-एक जानकारी रखते है।

### यह है औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940

जानकारों की माने तो औषधधियों तथा प्रसाधनों के निर्माण बिक्री तथा सवितरण को विनियमित करता है इसके अनुसार कोई भी व्यक्ति या फॉर्म राज्य सरकार की ओर से जारी लाइसेंस के बिना औषधियों का स्टाक बिक्री या वितरण नहीं कर सकता साथ ही ग्राहक को बेची गई दवा का कैश मेमो देना अनिवार्य कानून है स्टोर के लिए ड्रग लाइसेंस अनिवार्य है एवम दवाइयों के फुटकर विक्रेता जिसमें फार्मेसी में कोई डिग्री या डिप्लोमा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से लिया हो उसे ही आरडीएल लाइसेंस जारी क्या जाता है और उक्त लाईसेंस धारी को स्टोर जब तक खुला रहेगा फार्मासिस्ट का मौजूद रहना अनिवार्य है।

# पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर की कार्यवाही

**समस्त थाना, चौकी एवं यातायात पुलिस बल द्वारा छेड़ा गया शराबी वाहन चालकों के खिलाफ अभियान**

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में यातायात दुर्घटनाओं के विश्लेषण करने पर अधिकांश मामलों में वाहन चालकों का शराब सेवन कर वाहन चलाना पाया गया है। शराब सेवन कर वाहन चालन से सड़क दुर्घटना की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। इससे शराबी वाहन चालक खुद तो दुर्घटनाग्रस्त होता ही है, साथ ही साथ आम राहगीरों एवं अन्य वाहन चालकों के भी जानमाल के नुकसान की संभावना सदैव बनी रहती है। कि 21जून.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल के मार्गदर्शन में शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में जिले के समस्त थाना, चौकी एवं यातायात पुलिस बल द्वारा एक साथ सड़क मार्ग में चलने वाले सभी दो पहिया, चार पहिया एवं भारी वाहन चालकों की चेकिंग की गई।

इस दौरान कुल 40 वाहन चालक शराब सेवन कर वाहन चलाते हुए पाए गए। अभियान में यातायात पुलिस बल द्वारा 11 लोग, थाना भाटापारा ग्रामीण में 09, पलारी में 07, भटगांव से 06, भाटापारा शहर से 04, सिटी कोतवाली से 02, एवं थाना सुहेला से 01 वाहन चालक को शराब सेवन कर वाहन चलाते हुए पकड़ा गया है। इन सभी वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही इन वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने हेतु परिवहन विभाग को भी पृथक से पत्राचार किया जा रहा है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की अपील अपने एवं अपने परिवार की खुशहाली एवं सुरक्षा के लिए शराब सेवन कर कभी भी वाहन ना चलाएं। पुलिस का सहयोग करें एवं यातायात नियमों का सदैव पालन करें।



**बलौदाबाजार।** 21 जून अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा के संयंत्र प्रमुख श्री राजू रामचंद्रन की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आज संयंत्र परिसर तथा ग्राम रिसदा में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।

# एल्डरमैन निधि से पुष्प वाटिका की बदलेगी तस्वीर

पायनियर संवाददाता ◄ पिथौरा
www.dailypioneer.com

पुष्प वाटिका की बदलेगी मुराद एल्डरमैन द्वय ने पिथौरा गार्डन का किया निरिक्षण, निरीक्षण के दौरान टूटे झूले व गार्डन की हालत देख कायाकल्प करने 3 लाख रुपये निधि से देने की घोषणा की।

पिथौरा नगर के इकलौते पुष्प वाटिका ( गार्डन ) में लगे झूले व फिसलपट्टी जर्जर हो चुकी है, वर्कआउट के समान भी अब टूटने लगे है, आज पिथौरा नगर पंचायत के एल्डरमैन द्वय अरविन्दर सिँह मंटू और लक्ष्मीकांत बबलू सोनी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेन्द्र गुप्ता के साथ पार्क का निरिक्षण किया. ज्ञात हो गार्डन मे पिथौरा के समस्त माताए बहने बच्चे आते है, मनोरंजन हेतु जीर्णोद्धार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जिसको ध्यान मे रखते हुए एल्डरमैन द्वय ने गार्डन के माली को तत्काल साफ सफाई और घास को काटने के भी निर्देश दिए तथा वहाँ झूले की हालत को देखते हुए दोनों एल्डरमैन ने अपने निधि से तीन लाख तत्काल देकर गार्डन के सौन्दरीकरण की बात कही और जितने झूले टूट चुके है उसको नये मंगवाने की बात कही. मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ नगर पंचायत पिथौरा के एल्डरमैन ने वहाँ लगे ओपन जिम की मरमत की भी बात कही जिस पर सीएमओ गुप्ता ने तत्काल ठीक करवाने का आश्वासन दिया।



# मोबाइल चोरी का आरोपी सपड़ाया



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

पुलिस थाना में देवानंद पांडे की रिपोर्ट पर कोई अज्ञात चोर द्वारा घर में घुसकर सिराने के पास में रखें स्वयं एवं उसके पिताजी का दो नग मोबाइल चोरी हो गया है । पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया । अज्ञात आरोपी के पता तलाश दौरान थाना प्रभारी को मुखबीर से सूचना मिला की आरोपी अपने घर ग्राम तोरेसिंहा में चोरी का मोबाइल घर में कहीं छुपा कर रखा है की तस्दीकि हेतु हमराह स्टाफ रवाना होकर ग्राम तोरेसिहा आरोपी के ग्राम पहुंचे जहा आरोपी के घर खोजबीन करने पर आरोपी के कब्जे से 02नग मोबाइल जप्त किया गया एवं आरोपी का नाम पूछने पर अपना नाम नरेश तांडी पिता मनोहर तांडी उम्र 26 वर्ष साकिन गेर्रा चौकी बलौदा का होना बताया जिसने अपराध करना कुबूल किया जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया सम्पूर्ण कार्यवाही में प्रधान आरक्षक हेमाद्री देवता आरक्षक शिवशंकर राज दिनेश बूढ़ेक व समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# कलेक्टर ने गौठानो का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

शासकीय योजना की क्रियान्वयन किस तरह इतना लाभ आम जनता को पहुंचाने को लेकर जिले के मुखिया प्रभात मलिक ने आज गरियाबंद के सड़कपरसुली एवम फुलकर्रा गौठान का औचक निरीक्षण किया और जिम्मेदार अधिकारि कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया गया निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ रुकमा यादव वन मंडल अधिकारी मयंक अग्रवाल जनपद सीईओ अरुण कुमार डेहरिया सहित अन्य अफसर मौजूद रहे इस बीच कलेक्टर प्रभात मलिक ने गोबर खरीदी मैं किसी तरह कोताही ना बरतें हर पशुपालक को इस योजना का लाभ शत प्रतिशत दिलाने के निर्देश दिए हैं इसके अलावा हर स्तर पर गोबर की सुरक्षा के लिए भी कहा।

# एम्स में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर एम्स में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस व सायबर सेल की टीम ने दो साल के बाद भिलाई से गिरफ्तार किया है।आरक्षी केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार उतम बारिक पिता यदुमणी बारिक निवासी प्रेतनडीह ने दो साल पूर्व रिपोर्ट दर्ज कराया था कि सलडीह निवासी शशि कुमार ताडी पिता एकादशिया उम्र 29 चौकी बलौदा ने रायपुर एम्स में डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर उसकी पुत्री की नौकरी लगवाने का झांसा देकर 7 लाख रुपये ठग लिए। शशि कुमार अपनी वाहन में भारत सरकार लिखवा रखा था साथ ही मंत्रालय में अपनी पहचान की बात कहते थे जिससे झांसा में आकर उतम बारिक ने आरोपी शशि कुमार को 3.5 लाख नगद नया मंडी के पास दिए।

आरोपी ने प्राथी उतम बारिक को नकली ज्वाइन लेटर थमा दिया, 15 दिनों में ज्वाइन लेने व न लेने पर निरस्त का उल्लेख था साथ ही ज्वॉइन लेटर के साथ सौदे का बचे 3.5 लाख रुपये भी ले लिया. जब ज्वॉइन के लिए प्राथी उतम बारिक अपने पुत्री के साथ रायपुर पहुंचे तो बताया गया कि इस तरह का कोई भी ज्वॉइन लेटर जारी नहीं किया गया है तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने आरक्षी केन्द्र में रिपोर्ट दर्ज कराया. पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी थी तभी पुलिस को उसके लोकेशन की जानकारी हुई और आरोपी को भिलाई से गिरफ्तार किया गया।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 4 बच्चों के दिल की होगी निशुल्क सर्जरी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर.बी.एस.के) के अंतर्गत 4 बच्चों की दिल का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा7 इन चार बच्चों की पहचान जिला अस्पताल, पंडरी में लगाये गए एक शिविर में की गयी थी।शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल के नेतृत्व और सिविल सर्जन डॉ.पीके गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष मेजरवार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । जून 18 को लगाये गए इस शिविर में 106 बच्चों की जांच की गई जिसमें 4 बच्चों को दिल का रोग पाया गया। यह जांच और उपचार 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की हुई थी। स्वास्थ्य जांच शिविर में 7 बच्चों में मानसिक विकार की समस्या मिली है। वहीं 18 बच्चों में कुपोषण मिला है और 5 बच्चों को सुनने की समस्या थी उनको सहायता यंत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त एक बच्चे में मिर्गी दौरे की शिकायत भी मिली है।



इस सम्बन्ध में आर.एम.एन. सी.एच.ए. कार्यक्रम की जिला सलाहकार डॉ.रंजना गायकवाड ने बताया इस शिविर में कुल 106 बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया जिसमें 4 ऐसे बच्चों की पहचान की गयी है जिनके ह्रदय की सर्जरी विभाग द्वारा कराई जायेगी। शिविर में वीवाय अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने इकोकार्डियोग्राफी मशीन से 27 बच्चों के दिल की जांच की जिसमें से 4 बच्चों के मामलों के लिए ह्रदय सर्जरी की सलाह दी गई है। इसके लिए उन्हें उच्च केंद्र को रेफर किया गया है जहाँ पर उनकी सर्जरी की जायेगी।

**महिला सभा अध्यक्ष विभा केशरवानी ने समस्त विजेताओं को पुरस्कार बांटा**

# छग केसरवानी वैश्य महिला सभा प्रदेश स्तरीय योग महोत्सव में बिलासपुर प्रथम एवं बलौदा बाजार को द्वितीय स्थान प्राप्त

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य केसरवानी वैश्य सभा के तत्वावधान में छग केसरवानी महिला सभा द्वारा डिजिटल योग महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि छ.ग. राज्य केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष अशोक केशरवानी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री नीलेश गुप्ता, महिला सभा राष्ट्रीय संरक्षक कल्याणी केशरवानी, प्रदेश संरक्षक प्रीति गुप्ता, मनीषा केशरवानी तथा कविता केशरवानी एवं अध्यक्षता प्रदेश महिला सभा अध्यक्ष विभा विजय केसरवानी के साथ ही अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य महिला सभा अध्यक्ष सुनीता केशरवानी और महामंत्री बीना केशरवानी की गरिमामय उपस्थिति में योग महोत्सव सम्पन्न हुआ।

प्रदेश महामंत्री आरती गुप्ता के संयोजन में कार्यक्रम का सफल डिजिटल संचालन तोषी गुप्ता प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ मंत्री ने किया। निर्णायक की भूमिका जया गुप्ता मुंगेली, राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री तथा अंजलि कोरबा, भारतीय योग संस्थान सदस्य ने निभाई। प्रदेश सभा अध्यक्ष अशोक केसरवानी ने सफल आयोजन हेतु महिला सभा को बधाई देते हुए प्रतिभागियों के योग प्रदर्शन की सराहना किया। छग केसरवानी महिला सभा अध्यक्ष विभा केसरवानी ने समस्त विजेताओं को बधाई देते हुए योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का संदेश दिया। योग प्रतियोगिताओं में पूरे प्रदेश से लगभग तीस नगर सभाओं के लगभग 130 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता निभाई। सामूहिक योग प्रतियोगिता में प्रथम- बिलासपुर केसरवानी महिला सभा, द्वितीय- बलौदा बाजार, तृतीय- सारंगढ़ एवं चंद्रपुर केसरवानी महिला सभा रहे। विशिष्ट पुरस्कार- कोरबा, धमधा, भाटापारा, लोरमी नगर, भटगांव एवं शिवरी नारायण केसरवानी महिला सभा रहे। सांत्वना पुरस्कार- रायगढ़, देवकर, सरसिंवा, केरा, नवागढ़ बेमेतरा एवं बिर्रा केसरवानी महिला सभा को प्राप्त हुआ। एकल योग प्रति योगिता में प्रथम- सुमन केसरवानी केरा (भद्रासन), द्वितीय- प्रीति केसरवानी कोरबा (सूर्य नमस्कार) एवं मालिनी गुप्ता खैरागढ़ (अर्ध सेतुबंध), तृतीय- ज्योति गुप्ता बिलासपुर (वज्रासन), रेखा केसरवानी भटगांव (उत्तासन) एवं अन्नपूर्णा गुप्ता दुर्ग भिलाई (गोमुखासन) रहे। विशिष्ट पुरस्कार- सुमन केसरवानी बलौदा बाजार, सुधा गुप्ता धमधा, कल्पना केसरवानी चंद्रपुर, योगेश्वरी केसरवानी सारंगढ़, नेहा केसरवानी शिवरी नारायण, सुमेधा केसरवानी लोरमी एवं अमिता केसरवानी मुंगेली रहे। सांत्वना पुरस्कार- सुशीला बानी चांपा, आरती केसरवानी रायगढ़, वियोगिनी गुप्ता रायपुर, हर्षा केसरवानी भाटापारा, निशी दीवान नवागढ़ बेमेतरा एवं श्वेता केसरवानी तिल्दा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश महामंत्री आरती गुप्ता ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।





आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार 21 जून को पं. बाल्मिकी शुक्ल विप्र वाटिका में बलौदा बाजार के सर्व ब्राह्मण समाज महिला विंग के द्वारा योग शिक्षिका अखिलेश्वरी शुक्लाए राजेश्वरी और रश्मि के मार्गदर्शन में एक दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सर्व ब्राह्मण समाज की महिला सदस्य उपस्थित थी। महिलाओं ने शिविर में प्रशिक्षकों की देखरेख में अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रस्तिका, भ्रामरी, ध्यान के साथ ही साथ अन्य प्राणायाम तथा आसनों का अभ्यास किया तथा अपनी जीवनशैली में योग, प्राणायाम को अनिवार्य रूप से शामिल करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर मुख्य सलाहकार डॉ निशा झाए अध्यक्ष शैलजा मिश्रा, उपाध्यक्ष आरती दुबे, सचिव ऋचा द्विवेदी, सहसचिव नम्रता शुक्ला और सांस्कृतिक प्रभारी रानी वाजपेई, श्रद्धा दुबे,उमा शर्मा, मनोरमा बाजपेई, शशि शुक्ला,सरस्वती तिवारी, आशा मिश्रा,कमला दुबे, सुनीता मिश्रा, ज्योति बाजपेई, सुनीता अवस्थी,अंजना शर्मा, बबली दुबे,पूनम शर्मा, प्रीति बाजपेई, ज्योति बाजपेई एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शिविर पश्चात मुख्य सलाहकार डॉ निशा झाए अध्यक्ष शैलजा मिश्रा ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि वर्तमान में हमारी जीवनशैली के कारण लोगों में अस्वस्थता बढ़ रही है योग एक बेहतर रास्ता है जिससे हम सभी अपनी जीवनशैली में परिवर्तन कर सकते हैं और आरोग्य की ओर बढ़ सकते हैं। आज सभी ने पूरी ऊर्जा के साथ योग किया और प्रण लिया कि भविष्य में योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे।

### जीवित को मृत बताकर किया लाखों रुपये आहरण, मामला दर्ज

**सरायपाली।** आरक्षी केन्द्र के अंतर्गत ग्राम मोखापुटका में जीवित को मृत बताकर फर्जी किसान किताब से करीबन 1 लाख रू. से ज्यादा राशि का आहरण कर किया धोखाधड़ी, जिसपर मामला दर्ज किया गया है. कृष्णा चौधरी पति चैतन्य चौधरी ने आरक्षी केन्द्र में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम मोखापुटका थाना व तहसील सरायपाली जिला महासमुंद की रहने वाली है। उसके ससुर का का नाम रविलाल चौधरी है जिनकी मृत्यु 11/अग/2018 को हो चुकी है उनके नाम से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा सरायपाली के बचत खाता क्रमांक 124 000 260 132 संचालित था जिसका नामिनी उनकी सास प्रियावती को नियुक्त किया गया है। जिसमें उनकी सास की धान बिक्रय की राशि करीब एक लाख रूपये से ज्यादा की राशि जमा था। जिसे उनके जेठ मुकेश चौधरी आत्मज रविलाल चौधरी द्वारा उसकी सास प्रियावती चौधरी के जिवित रहते हुये मृत बताकर अपना नाम नामिनी के रूप में जोडकर फर्जी तरीके से संपूर्ण राशि निकाल लिया एवं किसान किताब क्रमांक पी-0724718 का फर्जी पट्टा बनाकर फर्जी तरीके से उनके ससुर स्व रविलाल चौधरी का फौती कटवा लिया है।

# बारिश के दौरान कैसी हो रही है फिल्टरेशन प्रक्रिया यह जानने निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे पहुंचे फिल्टर प्लांट

- सीधे प्रयोगशाला पहुंचकर पानी सैंपल की जांच की प्रक्रिया देखी

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई के कमिश्नर प्रकाश सर्वे 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट पहुंचे। निगम आयुक्त ने बारिश के दौरान फिल्टर प्लांट में पानी के शुद्धीकरण की जानकारी ली। उन्होंने प्रयोगशाला में देखा कि बारिश के दौरान शिवनाथ नदी से आने वाले पानी का शुद्धिकरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि बारिश के दिनों में टार्बिडिटी बढ़ने की संभावना होती है, जिसको देखते हुए जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्होंने प्रत्येक जोन क्षेत्र के हैंडपंप और पावर पंप आदि जल स्त्रोतों से पानी का सैंपल कलेक्ट करके प्रयोगशाला में इसकी जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे, इसकी जानकारी भी निगम आयुक्त ने 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट के प्रयोगशाला के स्पेशलिस्ट से ली, उन्होंने कहा कि सभी जोन क्षेत्रों से पानी का सैंपल लैब में परीक्षण के लिए आना चाहिए, लैब टेस्ट के बाद परीक्षण में असफल हुए पानी का उपचार करने के निर्देश निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए हैं, वही उपचार के बाद भी पीने योग्य पानी नही आने पर इसके उपयोग बंद करने के निर्देश भी दिए हैं। नियमित रूप से प्रयोगशाला में पानी सैंपल की जांच करने उन्होंने कहा। आयुक्त ने फिल्टर मीडिया में शुद्धिकरण की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए बरसात के दिनों में भी शुद्ध पानी प्रदाय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने फिल्टर प्लांट के सभी शुद्धीकरण संसाधनों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र में बरसात के दिनों में भी शुद्ध पेयजल प्रदाय करने का काम निगम द्वारा किया जा रहा है, बरसात को देखते हुए निगम के जल कार्य विभाग के अधिकारी शुद्ध पेयजल प्रदाय करने के लिए डटे हुए हैं। जोन क्षेत्रों से नियमित पानी की सेंपलिंग एकत्र कर परीक्षण की जा रही है, बरसात में विशुद्ध पानी पीने की वजह से जल जनित बीमारी न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता जल कार्य विभाग संजय शर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं बसंत साहू आदि मौजूद रहे।

# सुपेला लक्ष्मी मार्केट में दूसरे दिन भी नालियों से हटाया गया अतिक्रमण, निगम आयुक्त ने निरीक्षण कर लिया जायजा

- बाजार व्यवसायियों ने बतायी अपनी समस्या, आयुक्त ने समाधान करने अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत दूसरे दिन भी लक्ष्मी मार्केट सुपेला बाजार से नालियों से अतिक्रमण हटाने का काम जारी रहा। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया। वहीं उन्होंने नाली निकासी सुगम बनाने को लेकर बाजार व्यवसायियों से मुलाकात की, बाजार व्यवसायियों ने बताया कि शौचालय के स्थान पर किसी ने कब्जा कर रखा है, तथा गली को भी घेरकर रखने की शिकायतें आयुक्त से की। आयुक्त ने जोन आयुक्त मनीष गायकवाड को स्पॉट निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का पता लगाकर कब्जा हटवाने तथा उपयुक्त स्थान का चयन कर पुरुष एवं महिला शौचालय निर्माण करने के निर्देश दिए। बाजार व्यवसायियों ने पशु एवं सूअर अंदर घुसने की शिकायत भी की इस पर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए बेरीकेटिंग करवाने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि मानसून अपने प्रथम चरण पर है और बारिश की संभावना देखते हुए नालियों से अतिक्रमण हटाकर नालियों की सफाई की जा रही है और बड़े नालों में इसकी कनेक्टिविटी दी जा रही है। लक्ष्मी मार्केट सुपेला में अतिक्रमण के चलते नालियों की सफाई नहीं हो पा रही थी, निगम ने दो जेसीबी और दो डंपर के माध्यम से अतिक्रमण को हटाकर नालियों की सफाई की। काफी समय से अतिक्रमण के चलते नालियां पूरी तरह से भर गई थी, नाली में मिट्टी जमा हो गया था, वही नाली कचरे से पट चुका था, नालियों से अतिक्रमण हटाने के बाद इसकी सफाई की जा रही है, इसी के समीप मुख्य सड़क किनारे की नाली भी अतिक्रमण की जद में आ गई है निगमायुक्त ने अपने निरीक्षण में इस नाली को भी अतिक्रमण हटाकर सफाई करने के निर्देश मौके पर अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान आज उप अभियंता श्वेता वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वास्थ्य विभाग के कमलेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# धारदार हथियार के साथ गुण्डागर्दी करने वाले बदमाश को सुपेला पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी विश्वकर्मा सिंह निवासी संजय नगर सुपेला दिनांक 20जून के दोपहर 01.30 बजे अपने मोहल्ले संजय नगर सुपेला में खड़ा था उसी दौरान आरोपी सुमित देवांगन द्वारा मोबाईल चोरी की बात को लेकर प्रार्थी को गाली गलौज कर हाथ मुक्का से एवं हाथ में रखे चाकू से मारपीट किया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी सुमित देवांगन के विरूद्ध थाना सुपेला में अपराध क्रमांक 573 / 2022 धारा 294, 506, 324 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव तथा प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर नसर सिद्धीकी के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा के नेतृत्व में मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी सुमित देवांगन पिता रामेष्वर देवांगन उम्र 32 साल निवासी गौतम नगर सुपेला को गिरफ्तार कर पुलिस ने आज दिनांक 21जून को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा।

# भिलाई निगम अंतर्गत भूखंड खरीदने का सुनहरा अवसर, शहर के पॉश इलाके में ले सकते हैं प्लाट

- भिलाई निगम अंतर्गत आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंडों के अंतरण की प्रक्रिया जारी
- लीज पर भूखंड प्राप्त करने के लिए अपनानी होगी आसान प्रक्रियाएं
- पंजीकरण से लेकर ऑक्शन तक सारी प्रक्रियाएं ऑनलाइन

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत भूखंडों के अंतरण के लिए प्रक्रिया प्रारंभ है। लीज पर भूखंड लेने के लिए ई-ऑक्शन की प्रक्रिया प्रतिभागी को अपनानी होगी। विस्तृत जानकारी ई प्रोक्यूरमेंट में अपलोड कर दी गई है जिसे https://eproc.cgstate.gov.in पर जाकर देखा जा सकता है। नगर पालिक निगम भिलाई ने नेहरू नगर जोन अंतर्गत दक्षिण गंगोत्री व्यवसायिक योजना के तहत 65 भूखंडों के नीलामी के लिए तथा मदर टैरेसा नगर जोन क्रमांक 3 क्षेत्र अंतर्गत जवाहर नगर आवासीय योजना के तहत 55 भूखंडों की नीलामी के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की है।

भूखंड की प्राप्ति के लिए ऑनलाइन निविदा में भाग लेना होगा। इससे पूर्व 72 भूखंडों की नीलामी के लिए निविदा जारी की जा चुकी है। शहर के अच्छे लोकेशन पर भूखंड प्राप्त करने का यह सुनहरा अवसर है। आवासीय एवं व्यवसायिक योजना दोनों ही इस में सम्मिलित है। नोटिस बोर्ड में इसकी जानकारी चस्पा की गई है ताकि निगम अंतर्गत भूखंड को लीज पर लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी ई ऑक्शन की प्रक्रियाओं में भाग ले सकें। पारदर्शिता रखने के लिए पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है, कोई भी पात्र व्यक्ति कहीं से भी ई ऑक्शन की प्रक्रिया में भाग ले सकता है। वर्तमान में नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत 65 व्यवसायिक भूखंड की नीलामी तथा मदर टैरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत 55 आवासीय भूखंडों की नीलामी की जा रही है। इस प्रकार कुल 120 भूखंडों की नीलामी के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है।

# ईडी हो या अग्निपथ, हर अन्याय के खिलाफ हम लड़ेंगे : प्रशांत बोकड़े

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



बालोद जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकड़े ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार वन रैंक, वन पेंशन का किया था वादा , अब नो रैंक, नो पेंशन का है इरादा। उन्होंने बताया कि दल्ली राजहरा युवा कांग्रेस द्वारा लगातार दो विरोध प्रदर्शन किये जिसमें पहले एआईसीसी के मुख्यालय में दिल्ली पुलिस द्वारा लाठीचार्ज के खिलाफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध जताया और दूसरा प्रदर्शन 19 जून को देश में केंद्र सरकार द्वारा 'अग्निपथ योजना' के विरोध में 'मशाल यात्रा' करके मोदी सरकार का विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि बीते 3 दिनों में 30 घंटों से राहुल गांधी से पूछताछ की जा रही है और ईडी और दूसरे जितने भी सरकारी तंत्र हैं उसके माध्यम से अनुचित दबाव कांग्रेस पार्टी के ऊपर डाला जा रहा है, ताकि कांग्रेस पार्टी की आवाज को बंद किया जा सके। भारतीय युवा कांग्रेस, देश के भविष्य, युवाओं के साथ हर कदम पर खड़ी है इसलिए केंद्र सरकार के विरोध का दौर जारी रहेगा। आगामी और भी विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी जारी है। केंद्र सरकार की नाकामी को जनता तक पहुंचने के लिए युवा कांग्रेस हमेशा से लड़ती आई है और आगे भी लड़ेगी।

# जहरीले सांप ने डसा ग्रामीण को डायल 112 पुलिस टीम ने पहुंचाया अस्पताल, बचाई जान

- घटना की सूचना प्राप्त होने के महज 07 मिनट के भीतर डायल 112 टीम पहुंची पीड़ित के गांव

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के द्वारा डायल 112 के प्रभारी अधिकारियों एवं जवानों को निर्देशित किया गया है। कि ष्ट4 रायपुर से प्राप्त होने वाले समस्त इवेंट पर जल्द से जल्द पहुंच कर जरूरतमंद की हर संभव मदद कर संबंधित थाने को उक्त घटना की जानकारी देवें, ताकि वैधानिक कार्यवाही समय पर की जा सके। इसी तारतम्य में आज दिनांक-23जून को थाना चिल्पी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुरैयाबहारा के कॉलर द्वारा डायल 112 रायपुर ष्ट4 को कॉल कर सूचना दिया गया, कि हमारे गाँव के एक व्यक्ति को जहरीले सांप गव्हा डोमी नाग ने डस दिया है। जिससे उसकी हालत अत्यंत गंभीर होती जा रही है, जिसे समय पर अस्पताल पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। जिस पर तत्काल डायल 112 कार्यालय ष्ट4 रायपुर के द्वारा चिल्फी पैंथर 02 को उक्त घटना से अवगत करा पीड़ित को उचित उपचार हेतु अस्पताल ले जाने निर्देश दिया गया, जिस पर चिल्फी पैंथर 02 के द्वारा सूचना प्राप्त होने के महज 07 मिनट के भीतर घटना स्थल ग्राम तुरैया बहारा पहुंचकर कॉलर से संपर्क कर पीड़ित व्यक्ति चंदू पिता लयशिंग मेरावी उम्र 42 वर्ष जिसे जहरीले सांप ने काट लिया था। जिससे वह दर्द से काफी व्याकुल होकर तड़प रहा था। जिसको इलाज हेतु चिल्पी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उक्त सराहनीय कार्य में पैंथर 02 चिल्फी के आरक्षक- 766 आशु तिवारी एवं चालक भोलाराम का सराहनीय योगदान रहा।

# सट्टा-पट्टी लिखते 04 आरोपी पकड़े गए आरोपियों से नगदी रकम 3610 रुपए जब्त

पायनियर संवाददाता ◀ बोड़ला
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा अवैध रूप से चल रहे जुआ सट्टा की कार्यवाही करने के आदेश मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उईके के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक व्यास नारायण चुरेंद्र के पर्यवेक्षण मे चौकी प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक नवरतन कश्यप के टीम द्वारा दिनांक 22,06 ,2022 को जुर्म जरायम पतासाजी दौरान सूचना मिला की ग्राम पौड़ी आम जगह पर कुछ सटोरिया अंक गणित के अंकों से रुपए पैसा का दाव लगाकर सट्टा पट्टी लिखकर जीत हार खेला रहा है कि मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी प्रकाश जांगड़े पिता बेदू राम जांगड़े उम्र 32 साल दशरगपुर विश्वजीत चौबे पिता जागेश्वर चौबे उम्र 40 साल निवासी पौड़ी कमलेश जांगड़े बेदुराम जांगड़े उम्र 30 साल निवासी दशरंगपुर रियाजुद्दीन पिता जोयमुद्दीन उम्र 38 साल निवासी पोड़ी के पास से कुल 3610 रुपए एवं 4 नग सट्टा पट्टी , डांट पेन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपियों का कृत्य धारा 4 क जुआ एक्ट का पाए जाने से धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक 92 लवकेश खरे, आरक्षक 403 अनिल साहू, आरक्षक 454 मनहरण सोरी, सैनिक 13 रमेंद्र चंद्रवंशी का सराहनीय योगदान रहा।

# विधिक सेवा समिति ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया

**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार जिला न्यायाधीश बालोद डॉ. प्रज्ञा पचौरी, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के निर्देशानुसार 21जून को व्यवहार न्यायाधीश/अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति दल्लीराजहरा सतीश कुमार खाखा के द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कुसुमकसा में योग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में व्यवहार न्यायाधीश द्वारा योग करने के फायदे के बारे में बताया गया कि योग करने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार एवं आत्मविश्वास की वृद्धि के बारे में तथा जीवन में योग करने से रोगों से दूर रहने के बारे में बताया गया। इस शिविर में अधिवक्ता मनोज खोबरागड़े, जितेंद्र भट्ट, सुश्री शैलेसटी डिसूजा, ग्राम के सरपंच शिवराम सिन्द्रामे, स्कूल प्राचार्य त्रिनाभ मिश्रा, न्यायालय कर्मचारीगण, स्कूल स्टाफ एवं स्कूल के विद्यार्थी व पी एल वी दीपक साहू उपस्थित रहे।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)

**ऑनलाईन तृतीय, पंचम एवं छटवाँ निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-375, 376, 374 एवं 373**

क्रमांक 1388/निविदा/ग्रा.यां.सेवा/2022-23 रायपुर, दिनांक 15/06/2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग) ''द'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-''अ'' पर दर्शित सिविल एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 27/06/2022 तक आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | RES में प्रचलित एस.ओ.आर./ NIT/Call |
|---|---|---|
| Construction of 2No. Add. Room & Toilet at Adwani School Birgaon And Boundary wall at H.Sec.Scholl Gogaon Part-2 and Renovation work of Govt. Primary School Purani Basti Birgaon, Distt.-Raipur (C.G.)(Group-1) | 14.116 | 01/11/2021 (सिविल कार्य) /NIT-375/ तृतीय |
| Construction of 1No. Addi. Room at middile School, H.P.S. & P.S. Sarora, H.Sec. S., Urkura (Total-4No) And const. of Toilet P.S., Rawabhata, S.Sec. S.Urkura & H.P.S. Urla (Total-3no.)(Group-2) | 16.105 | |
| Construction of 1No. Addi. Room at Govt. H. Sec. School Choubey Colony & Govt. Pt. R.S.U. Parisar Raipur And 2no. Addi. Room at Middil School, Housing Board Colony Tatibandh, Distt.-Raipur. (Group-4) | 22.993 | |
| Construction of 02No. Addi. Room at middile School labhandi & 01 no. H.Sec.S. Fundhar And Const. of Toilet P.S. Labhandi ward No.-51 & Const. of boundary wall at H.Sec. S. Daldalsivni, Distt.-Raipur. (Group-5) | 23.62 | |
| Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lacs) at Sub division-Arang & Abhanpur Distt.-Raipur (C.G.) | 50.00 (Each Sub Division) | 01/11/2021 (सिविल कार्य) /NIT-376/ तृतीय |
| Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lakh) at Nimora Distt.-Raipur (C.G.) | 35.00 | 01/11/2021 (सिविल कार्य) /NIT-374/ पंचम |
| Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lakh) at Sub division Dharsiwa Distt.- Raipur (C.G.) | 25.00 | 01/06/2015 (सिविल कार्य) /NIT-373/ छटवाँ |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 20/06/2022 से देखी जा सकती है।

**टीप:-** मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 29/06/2022 सायं 5.30 तक कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

**G-92387/4**


# आम आदमी पार्टी का बढ़ता हुआ जनाधार सेंट्रल पर्यवेक्षक का कवर्धा में एक दिवसीय दौरा



पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त करने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली। पार्टी को मजबूत करने आप नेता गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान और ग्राम संपर्क अभियान चलाकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जोड़ रही है। कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभाओं में अलग अलग प्रभारी नियुक्त किए गए हैं व उनके नेतृत्व में ग्राम संपर्क अभियान चल रहा है। इसी तारतम्य मे जिले के कवर्धा और पंडरिया विधानसभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमे मुख्य रूप से सेंट्रल पर्यवेक्षक साउथ जोन प्रभारी राकेश शा, प्रदेश उपाध्यक्ष साउथ जोन प्रभारी घनश्याम चंद्राकर, जिला अध्यक्ष पवन चंद्रवंशी की उपस्थिति में बैठक हुआ। बैठक में ग्राम संपर्क अभियान कहां तक पहुंची है इनकी जानकारी के लिए सेंट्रल पर्यवेक्षक और प्रदेश उपाध्यक्ष ने दोनो विधानसभा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ वन टू वन चर्चा की और उन्हें बाकी बचे हुए गांवों तक कैसे पहुंचना है।

# दुर्ग निगम के वार्ड 58 और 59 के नागरिक पहुंचे जनदर्शन में आधार कार्ड निर्माण व संशोधन के लिए शिविर लगाने की मांग रखी

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम दुर्ग के वार्ड क्रमांक 58 और 59 के रहवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जनदर्शन में कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे से आधार कार्ड निर्माण व संशोधन के लिए विशेष शिविर लगाने माँग रखी। वार्ड के नागरिकों ने कहा कि इन वार्ड में आईएचएसडीपी कालोनी और अटल-बाम्बे आवास में लगभग 5000 से अधिक लोग निवास करते हैं। देखने में यह आया है कि यहां के बहुत से रहवासियों के आधार कार्ड में काफी त्रुटि है जिसकी वजह से उनके बच्चों का एडमिशन नहीं हो पा रहा। बच्चों के आधार कार्ड नहीं है। यदि शिविर लग जाता तो लोगों को काफी मदद होती। जनदर्शन में ग्राम कुटेलाभाठा के राशनकार्ड धारी भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा राशनकार्ड धारियों को पांच किलोग्राम अतिरिक्त राशन प्रदान किया जाता है जो उन्हें नहीं मिल रहा। ग्राम पंचायत खोपली के काशीडीह पारा के निवासियों ने भी जनदर्शन में अपना आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम खोपली के मुख्य गांव और आश्रित पारा कुल्हरडीह में अमृत मिशन की टंकी बन चुकी है और घर-घर पानी दिया जा रहा है लेकिन पारा काशीडीह में जहां 300 लोगों की आबादी है अब तक अमृत मिशन की पानी टंकी नहीं लगी है। बटंग से एक आवेदक ने वृद्धावस्था पेंशन के संबंध में अपना आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा के नीचे आते हैं। ग्राम पंचायत उमरकोटी की महिला ने बताया कि उनके पति की मृत्यु करेंट लगने से हुई। इसके लिए आरबीसी छह-चार के अंतर्गत उन्होंने अपना आवेदन भरा है। अब तक इसकी राशि नहीं मिल पाई है। कलेक्टर ने सभी मामलों में नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई कर प्रार्थियों को शीघ्र राहत दिलाने के निर्देश दिये। जनदर्शन में आज समाजसेवियों ने धमधा रोड में जिला आयुर्वेदिक कालेज परिसर के पास पशु औषधालय खोलने की माँग रखी। इनका कहना था कि आसपास कोई पशु औषधालय नहीं होने की वजह से मवेशियों को दूर तक इलाज के लिए ले जाना पड़ता है।

संपादकीय

## स्टरलाइट की बिक्री राजनीति पड़ी भारी

**स्टरलाइट** प्लांट की बिक्री का अर्थ है कि एक बार फिर सुशासन पर राजनीति भारी पड़ी है। वेदान्ता द्वारा तुत्तीकोरिन स्थित स्टरलाइट कापर प्लांट की बिक्री न केवल तमिलनाडु में औद्योगिक विकास को धक्का है, बल्कि यह नरेन्द्र मोदी सरकार के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के लिए भी शुभ संकेत नहीं है। निश्चित रूप से यह फैक्ट्री में रोजगार पाए 30,000 लोगों के लिए भी गहरा धक्का है जिसमें 5,000 प्रत्यक्ष तथा 25,000 परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त थे। यह केन्द्र सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भी धक्का है क्योंकि इस प्लांट से देश में कुल तांबा उत्पादन का दो बटा पांचवां हिस्सा उत्पादित होता था। राज्य सरकार द्वारा मई, 2018 में बंद किए जाने के बाद पिछले चार साल से इस फैक्ट्री का भविष्य अधर में लटका था। बंद करने का आदेश पर्यावरण एक्टिविस्टों पर पुलिस गोलीबारी के बाद लिया गया था जो प्लांट बंद करने की मांग कर रहे थे। इस हिंसा में 13 लोग मारे गए थे। हालिया खबरों के अनुसार, क्षेत्र के तटीय इलाके के गांवों में रहने वाले मछुआरों ने जिला कलेक्टर के. सेंथिल राज को एक याचिका देकर प्लांट पुनः खोलने की मांग की थी। अनेक अन्य लाभार्थी समूह भी फैक्ट्री पुनः शुरू करवाना चाहते थे जिनमें थूथुकुडी कांट्रैक्टर्स असोसियेशन भी शामिल है। इन सबके मुकाबले पर्यावरण एक्टिविस्ट थे जो फैक्ट्री खोलने के पूरी तरह खिलाफ थे। इस बीच वेदान्ता ने इसे बंद करने का फैसला किया। उसके आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'तुत्तीकोरिन राष्ट्रीय प्लांट है तथा यह देश व तमिलनाडु के सर्वोत्तम हित में है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए विकल्प तलाश रहे हैं कि यह प्लांट व उसकी परिसंपत्तियां देश में तांबे की बढ़ती मांग पूरी करने में अपनी भूमिका निभा सकें।'

लोकसभा में दिए एक लिखित जवाब में खनन, कोयला एवं संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा था कि तुत्तीकोरिन में स्टरलाइट कापर प्लांट बंद करने से परिष्कृत तांबे के घरेलू उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसका उत्पादन घट कर 2019-20 में 410,000 टन हो गया था, जबकि यह 2017-18 में 830,000 टन था। दूसरे शब्दों में उच्चतम स्तरों पर यह समझदारी है कि प्लांट बंद होने से नुकसान हुआ है। लेकिन इस समझदारी के बावजूद स्टरलाइट प्लांट दोबारा शुरू नहीं हो सका। इन सारी चीजों से अनेक बार हमारी प्रशासनिक व्यवस्था की सामूहिक विफलता सामने आई है। इससे आम जनता में यह भावना पैदा होती है कि सभी लोग जानते हैं कि एक खास रास्ते पर चलना कितना महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके बावजूद कोई ऐसा करने में सफल नहीं होता है। केन्द्र सरकार औद्योगिक विकास व आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना चाहती है, बताया जाता है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर स्टरलाइट फैक्ट्री खोलने का भारी दबाव था, स्थानीय लोग ऐसा चाहते थे और सेवायोजक भी प्लांट खोलना चाहते थे। लेकिन इसके बावजूद ऐसा नहीं हुआ। ऐसा लगा कि जैसे पूरा राजनीतिक वर्ग राजनीति में इतना लिप्त था कि वह सुशासन का अपना मूल दायित्व भूल गया। राजनीतिक एक्टिविस्ट केवल साधन हैं और सत्ता साध्य है। सत्ता में होने पर आपको शासन करना चाहिए। लेकिन राजनीति के अनेक आकर्षक षडयंत्र कई बार हमारे नेताओं को प्रभावित करते हैं। यह इसलिए भी बुरी खबर है कि यह उद्योग बंद होने से भी लोग अपनी वंचना से मुक्त नहीं होंगे।

# हर तरह के आतंकवाद से मुकाबला

### सुप्त खालिस्तान आंदोलन को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से आतंकवाद व अन्य अवैध गतिविधियों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर सरकारों को एक साथ कार्य करना चाहिए।



**बृजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)



भले ही विशेषज्ञों ने लोकप्रिय जन समर्थन के अभाव में 'खालिस्तान आंदोलन' के पुनःउभार को खारिज कर दिया हो, मगर हाल ही में पंजाब, जम्मू और कश्मीर के उत्तर-पश्चिमी राज्यों में फैले कट्टर अपराधियों और उग्रवादी समर्थक तत्वों द्वारा हमलों व हत्याओं की घटनाओं में वृद्धि हुई है। हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भी स्पष्ट रूप से अनेक आतंकी संगठनों के 'स्लीपर सेल' की उपस्थिति और खालिस्तान समर्थक तत्वों की सक्रिय भूमिका का संकेत दिया है, जाहिर है, देश के भीतर निहित स्वार्थों और विदेशों में बसे लोगों के समर्थन से आतंकवादी संगठन तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्व फल-फूल रहे हैं। 'खालिस्तान' के स्थापना दिवस को बड़े पैमाने पर मनाने के लिए प्रतिबंधित संगठन, सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने घोषणा की थी। उसकी घोषणा के बाद अनेक भटके हुए सिख नौजवानों द्वारा मार्च निकालने को लेकर हुए टकराव के बीच पटियाला में 29 अप्रैल को जनता के विभिन्न समूहों के बीच झड़प हो गई। सिख फार जस्टिस एक प्रतिबंधित संगठन है जो इंटरनेट व आभासी दुनिया में अपने मजबूत प्रभाव के चलते आम लोगों को कट्टरपंथी बनाने, पुरानी भावनाओं को भड़काने और खालिस्तान के लिए आंदोलन को पुनर्जीवित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। 8 मई को, धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश विधान सभा परिसर के मुख्य द्वार और चारदीवारी पर कुछ 'खालिस्तान' के झंडे लटके पाए गए। अगले दिन, अलग सिख राज्य के लिए प्रयासरत, एक आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) ने इस कृत्य की जिम्मेदारी ली और हिमाचल प्रदेश सरकार को भविष्य में भी ऐसी घटनाओं के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी।

9 मई को, मोहाली में पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस विंग मुख्यालयों के मुख्यालय में रॉकेट से चलने वाले ग्रेनेड (आरपीजी) हमले हुए। इन घटनाओं के मद्देनजर एक सुरक्षा एलर्ट जरूर जारी हुआ था। लेकिन इसके बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण आतंकी घटनाओं की आशंका बनी हुई थी। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है कि इन सभी हमलों के पीछे अपराधी गैंगस्टरों, असामाजिक तत्वों, बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्यों और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस की सांठगांठ रही है। 6 मई को, पंजाब पुलिस की सूचना के आधार पर, हरियाणा पुलिस ने करनाल से चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से तीन उच्च क्षमता वाले विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और एक पिस्तौल बरामद किया। इन घटनाओं के बाद पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया और तरनतारन जिले के एक गांव से आरडीएक्स से लैस एक अन्य इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस-आईईडी बरामद किया। हालांकि, पंजाब व हिमाचल प्रदेश में में पुलिस द्वारा समय पर की गई कार्रवाई ने अनेक आसन्न हमलों को रोकने में मदद की और पुलिस ने हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा द्वारा चलाए जा रहे पाकिस्तान स्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की गंभीर जांच से पता चला कि विस्फोटकों की आपूर्ति पाकिस्तान से, सीमा पार से ड्रोन के जरिए की गई थी।

इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से स्पष्ट होता है कि पंजाब अपराधियों और असामाजिक तत्वों का प्रजनन स्थल बन गया है। उपलब्ध सूचनाओं के अनुसार इस समय राज्य में

> पंजाब समेत सभी पड़ोसी राज्यों को स्थिति से निपटने के लिए एक विशेष कार्य बल का गठन करना चाहिए और सभी चार राज्यों के पुलिस बलों को संवेदनशील स्थिति से निपटने के लिए करीबी तालमेल से काम करना चाहिए

500 से अधिक सदस्यों वाले 70 अपराधी गिरोह सक्रिय हैं। हालांकि, 300 से अधिक दुर्दान्त अपराधी प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद हैं, लेकिन वहां से वे जेल अधिकारियों की ढिलाई के कारण अपने गिरोह का सक्रिय रूप से नेतृत्व कर रहे हैं। परेशान नौजवानों को लुभाने के लिए बंदूक की संस्कृति का महिमामंडन करने वाले इन अपराधियों द्वारा सोशल मीडिया के बड़े पैमाने पर उपयोग को देखते हुए, कानून-प्रवर्तन एजेंसियों को बहुत देर न करते हुए उन्हें पकड़ने का एक कठिन कार्य करना पड़ता है।

इसके साथ ही सोशल मीडिया पर हथियारों की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों को हतोत्साहित करने की आवश्यकता है। अनेक विशेषज्ञों का मानना है कि अपराधी गिरोहों को आतंकवादी मंशा से पंजाब स्थित व्यापारियों से रंगदारी और पैसे मांगने के लिए विदेशों में संगठित कर उनका नेटवर्क किया जाता है। इससे स्पष्ट है कि विदेशों में मौजूद सिख आतंकवाद व खालिस्तान समर्थक तत्वों तथा भारत-विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की आवश्यकता है।

हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि चंद घटनाओं को छोड़कर, भारत और विदेशों में 1980 के दशक की तरह का, कहीं कोई 'खालिस्तानी आंदोलन' मौजूद नहीं है। लेकिन इसके बावजूद यह सवाल प्रासंगिक बना हुआ है कि इन हालिया हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है? वर्तमान समय में बब्बर खालसा और सिख फॉर जस्टिस जैसे संगठनों ने अक्सर इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। 1980 के दशक के मध्य से 1990 के दशक के प्रारंभ तक पंजाब में उग्रवाद का एक गंभीर दौर देखा गया था जिसमें खालिस्तान की मांग सबसे अग्रणी रही। निस्संदेह, वर्तमान समय में खालिस्तानी आंदोलन ने अपना पहले वाला लोकप्रिय समर्थन आधार खो दिया है। लेकिन हाल की छिटपुट घटनाओं को मामूली तत्वों और निहित स्वार्थों के उपयोग द्वारा आंदोलन को पुनर्जीवित करने के स्पष्ट प्रयास के रूप में गंभीरता से लिया जाना चाहिए। पंजाब व पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में अनेक घटनाओं की श्रृंखला इंगित करती है कि विभिन्न आतंकी संगठनों व सिख आतंकी खालिस्तान समर्थक गिरोहों से जुड़े 'स्लीपर तत्व' हमेशा सक्रिय रहे हैं।

ऐसे में यह मानना सही नहीं होगा कि खालिस्तान आंदोलन पूरी तरह मर चुका है और इसके पुनर्जीवित होने की संभावना बहुत कम है। ईमानदारी से यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि आज भी देश-विदेश में ऐसे लोग हैं जिनके निहित स्वार्थ खालिस्तान की आग को भड़काने में हैं और वे भारत के इस सीमावर्ती राज्य में परेशानी पैदा करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं।

पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व वाली नई आम आदमी पार्टी सरकार ने अपने शपथ ग्रहण के साथ इस तरह की स्थिति से निपटने का वादा जरूर किया था, लेकिन ऐसा लगता है कि वह इसके लिए फिलहाल तैयार नहीं है। ऐसे में आतंकवादी व सिख आतंकी घटनाओं तथा खालिस्तान आंदोलन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को देखते हुए केंद्र सरकार पर राज्य को विकट स्थिति से निपटने के लिए हर संभव सहायता, समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करने की जिम्मेदारी खासतौर से आती है।

वर्तमान स्थिति में, राजनीति और पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर पंजाब में शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों व आम जनता के बीच आम सहमति बनाना अनिवार्य हो गया है। खासकर पंजाब के संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में तथा उसके पड़ोसी राज्यों हरियाणा, जम्मू और कश्मीर व हिमाचल प्रदेश के अन्य निकटवर्ती राज्य में परेशानी और अशांति पैदा करने पर आमादा आतंकी व अपराधी ताकतों से लड़ने के लिए साझा प्रयास करना जरूरी है।

पंजाब समेत इन सभी राज्यों को स्थिति से निपटने के लिए एक विशेष कार्य बल का गठन करना चाहिए और सभी चार राज्यों के पुलिस बलों को संवेदनशील स्थिति से निपटने के लिए करीबी तालमेल से काम करना चाहिए। देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चिम करने में केंद्र सरकार की अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। उसे विभिन्न राज्यों की पुलिस व खुफिया तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिल कर एक संयुक्त प्रयास करना चाहिए। उसे यह सुनिश्चित करने के लिए पंजाब के पड़ोसी राज्यों की हर संभव सहायता करनी चाहिए कि पंजाब में आतंकवाद के 'रक्तपात वाले युग' को दोहराया न जाए।

# कॅरियर व जीवन के लिए तैयार हों युवा

**रवि चंद्र कोचर**
(लेखक एमिटी विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर हैं)



अकादमिक श्रेष्ठता के बाद व्यावहारिक कौशल सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि रोज व हर क्षण आप पर लोगों की नजर रहती है। साल के इस समय स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद छात्र अपनी योग्यताओं के अनुसार कार्पोरेट दुनिया या अपनी पसंद के किसी अन्य क्षेत्र में रोजगार के लिए जाने का प्रयास करते हैं। उनकी क्षमता के अकादमिक हिस्से का परीक्षण चयन प्रक्रिया में परीक्षाओं के माध्यम से होता है। इस सीमा को पार करने वाले चयन प्रक्रिया के अगले चरण, यानी समूह चर्चा व साक्षात्कार आदि में शामिल होते हैं।

भारत में अब भी रोजगारों की कमी है। इससे दुनिया का सामना करने के लिए नौजवानों द्वारा आत्मविकास सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन जब आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हों तो दूसरों से अच्छा कर सकते हैं। अकादमिक श्रेष्ठता के बाद व्यावहारिक कौशल सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। आपको हमेशा के लिए तैयार रहना होगा। आपको याद रखना होगा कि हर दिन और हर क्षण आपको देखा जा रहा है। इसके लिए महंगे कपड़ों के बजाय सौम्य वेशभूषा जरूरी है। संप्रेषण कौशल इसके बाद सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए अंग्रेजी में बहुत अच्छे प्रवाह की जरूरत नहीं है, पर उसे व्याकरणीय रूप से सही होना चाहिए। सरल उच्चारण वाले शब्द इसके लिए ठीक रहेंगे। इसके लिए लगातार अभ्यास की जरूरत है। आवश्यकता होने पर शीशे के सामने खड़े होकर खुद से बात करें। इससे संप्रेषण के तरीके में काफी सुधार होगा। अखबार, पुस्तकें व साहित्य काफी पढ़ने की जरूरत है। यह संप्रेषण कौशल सुधारने के लिए सबसे अच्छा रास्ता है। मित्रों के साथ वर्तमान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विषयों पर बात करनी चाहिए। इससे कोई भी दूसरों से संवाद करने में सक्षम बन सकता है।

साक्षात्कार के लिए जाने से पहले इसकी पूरी तैयारी करनी चाहिए। साक्षात्कार के लिए एक या दो



व्यक्ति अथवा एक बोर्ड हो सकता है। आपको संभावित सेवायोजक, कंपनी या संगठन के दृष्टिकोण समुचित जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। आजकल गूगल पर सब उपलब्ध है जिस पर गौर करना लाभदायक हो सकता है। साक्षात्कार के लिए समय पर पहुंचना उचित होगा। ऐसे जवाब न दें जिनकी सच्चाई पर विश्वास न हो क्योंकि आपको सब कुछ पता होना जरूरी नहीं हैं। आप अपनी दिलचस्पी के विषय पर पहुंचने का प्रयास कर सकते हैं। सवालों के महत्वपूर्ण आयामों पर गौर करें। साक्षात्कार के लिए बायोडाटा आधार होता है, इसलिए उसमें अपने बारे में उचित सूचनायें दें। इसमें अपने शौक, मनपसंद खेल, लेखक व पढ़ी पुस्तकों का विवरण दे सकते हैं। हमेशा दूसरों का वैसा ही सम्मान करें जैसा आप अपने लिए चाहते हैं। बहुत से लोग पैसे, शिक्षा व जीवन के शानोशौकत में सफलता प्राप्त करते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को इतनी सफलता नहीं मिलती है। इसका यह अर्थ नहीं कि उनके साथ अलग व्यवहार किया जाए। उन लोगों की सहायता करें जो इतने सौभाग्यशाली या सफल नहीं हैं। इससे आप भी सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। प्रगति करने पर भी नम्र बने रहें तथा उन लोगों को न भूलें जिन्होंने कभी आपकी सहायता की है।

आपको जीवन में अनेक लोगों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। टीम प्लेयर बनने के लिए सबको साथ लेकर चलें। जैसा कि रतन टाटा ने कहा है, 'यदि आप तेजी से चलना चाहते हैं तो अकेले चलें, लेकिन यदि आप दूर तक चलना चाहें तो एकसाथ चलें।' कठोर श्रम जीवन में आगे बढ़ने तथा कार्पोरेट दुनिया में सफलता का मंत्र है। आपको हमेशा अतिरिक्त काम के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि ऐसा होने पर ही आप स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ सिद्ध कर सकते हैं। अगले उच्च पद पर पहुंचने के लिए वार्षिक मूल्यांकन महत्वपूर्ण है। गलतियां कभी न दुहरायें, भले ही वे चाहे जितनी छोटी हों। गलतियां बिल्कुल न करना लक्ष्य पर पहुंचने के लिए जरूरी है। विनम्र बनें। कभी दूसरों की तुलना में स्वयं को श्रेष्ठ बताने की डींग न हांकें। हमेशा वैयक्तिक संबंध ठीक रखें। हमेशा कठिनाई में पड़ने पर साथियों की सहायता करें। अच्छा करने पर हर बार दूसरों से पुरस्कार की इच्छा न करें। समय का प्रबंधन एक और महत्वपूर्ण कौशल है जिसे विकसित करना जरूरी है। हमेशा काम की योजना बना कर काम करें। दिन में केवल 24 घंटे होते हैं और सबको यही समय मिलता है। यह आप पर निर्भर करता है कि कैसी योजना बनाते हैं और उसे प्रभावी ढंग से लागू करते हैं।


भावनात्मक स्थिरता व दृढ़ता आपके गुण अवश्य होने चाहिए। जीवन में अच्छे और बुरे दिन आते हैं। सभी लोग अच्छे दिन पसंद करते हैं, लेकिन आपको तय करना होता है कि बुरे दिनों से कैसे निपटें। इससे पता चलता है कि आपके भीतर कैसी क्षमता है। आपको सीधे खड़े होकर ऐसे समय का सामना करना चाहिए। समस्याओं को टालने या छिपाने का प्रयास न करें। समस्याओं को कालीन के नीचे छिपाने का नतीजा केवल धूल होगी और ऐसा समय आ जाएगा जब इससे निपटना बहुत कठिन होगा। ऐसा समय हमें सीखने का अवसर देता है।

निश्चित रूप से वे हमारे अनुभव में अपना योगदान करते हैं। इस प्रकार का अनुभव आपको बदली हुई परिस्थितियों के अनुकूल स्वयं को ढालने में सहायता देगा। अंततः हमेशा यह याद रखें कि आप क्या बनना चाहते हैं और हमेशा इस प्रकार व्यवहार करें कि आप कहां हैं और क्या हैं। इसके अनुसार ही विचार और कार्य करें।

## फरमाया



**उनकी** पूरी राजनीति परिवार व स्वार्थ के चारों ओर घूमती है।
**- योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री



**अच्छी** खबर है कि एफएटीएफ का पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था पर विश्वास है।
**- बिलावल भुट्टो जरदारी**
पाकिस्तानी विदेश मंत्री



**स्वच्छता** के प्रति प्रतिबद्धता प्रधानमंत्री के विश्वास का एक अंग है।
**- अमित मालवीय**
भाजपा प्रवक्ता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## सेना प्रमुखों की बात

**आज** हमारे नौजवानों में बढ़ते जा रहे आक्रोश को शांत करने का प्रयास हमारी सेना के तीनों कमांडरों ने भी कर दिया है एवं उन्होंने भी इस अग्निपथ योजना का समर्थन कर दिया है। अतः होना तो यही चाहिए कि अब नौजवानों का उग्र प्रदर्शन थम जाना चाहिए, कारण, सेना कभी भी सरकार के मामले में नहीं बोलती है उसका यहां बोलना यही साबित करता है कि आज सेना के तीनों अंगों में कमांडर से बड़ा कोई नहीं है। अतः अब हमारे नौजवानों को यह मानकर चलना चाहिए कि उनके लिए यह भर्ती अग्निपथ योजना फायदेमंद ही साबित होने वाली है। अब उन्हें आंदोलन को छोड़कर उसमें भर्ती होने के लिए तैयार हो जाना चाहिए, कारण, आज उनके इस आंदोलन के कारण उसके कैरियर पर जो दाग लग रहा है वह उसके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। जब जब हमारे देश के राजनीतिक दल किसी भी विषय पर अपनी राजनीति करते हैं तो फिर वहां मामला बिगड़ जाता है। अतः उन्हें देश हित में सोच समझकर बोलना चाहिए। उम्मीद है कि गुस्सा नौजवान अब भारत के तीनों सेना प्रमुखों की बात मानेंगे।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

## संरा. में शोषण

**इन** दिनों राष्ट्रसंघ खुद कठघरे में है। इस संस्था का गठन 1945 में इसलिए किया गया था ताकि दुनिया के किसी भी हिस्से में अन्याय न हो। कोई भी देश ज्यादती न कर सके। कहीं भी मानवाधिकार का हनन न हो। शांति एवं सौहार्द हर तरफ बना रहे। मगर जिसके कंधे पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी है, सुना है उसके भीतर महिलाओं का यौन शोषण एवं भ्रष्टाचार जमकर हो रहा है। ये कोई आज से नहीं बल्कि दशकों से चल रहा है। मगर किसी भी शिकायत को सुनने वाला कोई नहीं है। जो शिकायत करता है उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है। दुनिया भर में 35 हज़ार लोग इस संस्था के लिए काम करते हैं। इस तरह के शिकायत के बहुतायत में मिलने के बाद 2018 में सुश्री पूर्णा सेन की नियुक्ति हुई थी ताकि वे उत्पीड़न, हमले और भेदभाव की जांच करके रिपोर्ट दें। मगर उनकी तमाम रिपोर्टों को ख़ारिज कर दिया गया। वर्तमान महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी दावा कर रहे हैं कि किसी भी दोषी को नहीं छोड़ा जायेगा। मगर किसी को आज तक कोई सजा नहीं हुई। जो संस्था खुद के अनैतिक आचरणों पर कोई ध्यान नहीं दे पा रही है वो विश्व शांति के लिए भला क्या कर सकती है ।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

## पेंशन योजना

**पीएएफडीए** ने हाल ही में राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत सुविधाओं को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कुछ घोषणाएं की हैं। पेंशन क्षेत्र में 35 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है। जिसमे एनपीए की कुल 73 करोड़ और 21ः हिस्सेदारी है। अचानक चार बार देने के लिए कैसे तैयार हो गए जिससे आपको वर्ष में केवल दो बार संपत्ति समूह बदलने की अनुमति है। अभी नये सुविधाओं में चार बार एसेट स्विच कर सकते है। क्या पेंशनभोगी इस योजना में अपनी संपत्ति बदल देंगे क्योंकि बाजार सूचकांक में दिन-प्रतिदिन उतार-चढ़ाव हो रहा है। भारतीय जीवन बीमा-एलआईसी के आईपीओ ने ग्राहकों पर जिंदगी के साथ और उसके बाद भी बाजार में नीचे गिरकर साथ छोड़ी है। बाजार के समग्र प्रदर्शन को देखते हुए क्या सामान्य या एनपीएस धारक पेंशनभोगी अपनी पेंशन को ईक्विटी समूह में निवेश करने की हिम्मत करेंगे? सवाल है कि आर्थिक समीकरण पहले से ही जटिल होने पर ये विकल्प कितने सफल होंगे?

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

# भूपेश सरकार कर रहे किसानों के साथ न्याय वहीं भूमाफिया कर रहे अन्याय

## किसानों को प्रलोभन देकर भूमाफिया प्लाटिंग करने खरीद रहे कृषि भूमि




### किसान हो रहे धोखाधड़ी का शिकार

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

भूपेश सरकार में जहां एक ओर किसान वर्ग योजनाओ का लाभ पाकर बेहद खुश है, जहां भूपेश बघेल किसानो के साथ न्याय कर रहे है। तो वही दूसरी ओर जिले में कुछ जमीन दलाल किसानों के साथ अन्याय कर रहे हैं। किसानो को अपने लुभावने बातों से एवं झांसे में लेकर उनके कृषि भूमि को खरीद कर उसमें प्लाटिंग कर रहे है। और यह सारा खेल एक स्टाम्प पेपर के जरिये चल रहा हैं। भूमाफिया गरीब किसान से लुभवाने वादे और प्रलोभन देकर उनसे उनकी जमीन को कम दाम में सौदा कर खरीदकर उसे फिर ज्यादा दामों में प्लाटिंग कर बेचते हैं। इतना ही नही जिस तरह एक भूमि के कई खंड कर भूमाफिया उसे बेचते है, तो वही उतने ही किश्तों में किसान को पैसे देते हैं। कई किसानों को तो जमीन दलालों ने ठगा है। आज भी किसान जमीन दलालों के पीछे पैसों के लिए चक्कर लगाते घूम रहे है। गुरुर क्षेत्र के कई ऐसे किसान है जिन्होंने जमीन दलालों के बातों में आकर अपनी जमीन को बेच दिए है और अब पैसों के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

### स्थानीय प्रशासन के नाक के नीचे चल रहा कृषि भूमि पर प्लाटिंग का खेल

जिले में कृषि भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग का खेल विगत कई सालों से जोरो शोरो से चल रहा हैं। जिसकी भनक स्थानीय प्रशासन को भी है। लेकिन कभी कभार नाममात्र एवं खानापूर्ति की कार्यवाही कर सुर्खियां जरूर बटोर लेती हैं। यहां यह कहना गलत भी नही होगा कि भूमाफ़ियाओं को स्थानीय प्रशासन में कुछ जिम्मेदार अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त हैं। तभी तो ठोस कार्यवाही के बजाय नोटिस नाममात्र की कार्यवाही कर कुछ समय के लिए सुर्खियों पर छा जाते हैं। फिर स्तिथि जस की तस हो जाती हैं।

### स्टाम्प पेपर में चल रहा सारा खेल

जमीन की खरीदी बिक्री का सारा खेल स्टाम्प पेपर में चलता है। जमीन दलाल किसान से एक स्टाम्प पेपर में लिखा पढ़ी करवा जमीन को एक मियाद लेकर खरीद लेते हैं। जिसके एवज में कुछ पैसे सम्बंधित किसान को देकर बाकि पैसों के लिए एक समय लेकर स्टाम्प पेपर में उसे दर्शा देते हैं। फिर शुरू होता है, भूमि पर प्लाटिंग का खेल। जमीन को कई खण्डों में बांट दिया जाता है, और जमीन दलाल फिर उसे धीरे-धीरे विक्रय करता हैं। फिर मियाद निकल जाने के बाद तक भी किसानो को पूरा भुगतान नही किया जाता। किसान अपनी ही जमीन के पैसों को लेकर भटकते रहते हैं।

# राज्य वित्त आयोग ने किया नगर पालिका परिषद कुम्हारी का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com





नगर पालिका परिषद स्थित सभागार में निकाय के आर्थिक स्थिति एवं नागरिक सुविधाओं के संबंध में बैठक आहूत की गई जिसमें राज्य वित्त आयोग के सचिव सतीश पाण्डेय व संयुक्त सचिव जसविन्दर सिंग विरदी उपस्थित हुए। वित्त आयोग के सदस्यों द्वारा पालिका के प्रतिनिधियों से पालिका स्तर पर सामने आने वाली समस्याओ से जुड़े फीडबैक लिया गया एवं पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर द्वारा नगरीय निकायों की राज व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने हेतु कई विषयों पर चर्चा एवं बात रखी गई। बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में बताया गया व नगरपालिका की आर्थिक स्थिति और नागरिक सुविधाओं के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से आए हुए आयोग के सदस्यों को जानकारी दी गई। प्रेजेंटेशन में पालिका की वर्तमान वित्त स्थिति आर्थिक स्त्रोत व वार्षिक बजट का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। यही नहीं अपितु आए हुए वित्त आयोग के सचिव को पालिका क्षेत्र की सामान्य जानकारी व मूलभूत सुविधाओं एवं सेवाओं की उपलब्धता के बारे में अवगत भी कराया गया। जिसके अंतर्गत सीवरेज प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सफाई सुरक्षा व प्रकाश प्रबंधन, सार्वजनिक उद्यान, बैडमिंटन कोर्ट, व्यायाम शाला, गौठान, जैसे महत्वकांक्षी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया गया वहीं प्रजेंटेशन द्वारा निकाय में आय के स्त्रोतों के संबंध में भी बताया गया जिसमें राज्य शासन अनुदान, पालिका क्षेत्र में संपत्ति कर, समेकित कर एवं शिक्षा उपकर जलकर इनके अतिरिक्त मोबाइल टावर नवीनीकरण शुल्क, होर्डिंग्स बोर्ड शुल्क, अनुज्ञप्ति एवं गुमास्ता शुल्क, भवन अनुज्ञा, सामुदायिक व सांस्कृतिक भवन से शुल्क, डोर टू डोर कलेक्शन, वाहन एवं साइकिल स्टैंड से किस प्रकार लोगों सुविधा प्रदान कर पालिका की आर्थिक स्थिति को मज़बूत किया जा सके ये जानकारी दी गई। बैठक में जन प्रतिनिधियों द्वारा पालिका में आय की वृद्धि हेतु सुझाव भी मांगा गया। बैठक में उपस्थित पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने बताया कि नगर पालिका परिषद कुम्हारी का वार्षिक बजट 5 करोड़ से 300 करोड़ हो गया है जो निश्चित ही क्षेत्र में बढ़ रहे विकास कार्यों व लोगों की सुविधाओं को बेहतर करने का मुख्य परिणाम है। पालिका क्षेत्र में कई बड़े राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट बनकर तैयार है जिससे नगर का भविष्य एक बेहतर सुनियोजित उन्नति की ओर अग्रसर है निश्चित ही ये योजनाएं पालिका क्षेत्र के रहवासियों व पालिका की आर्थिक स्थिति को मज़बूत करेगी। बैठक में पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के. रवि कुमार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा, लता खैरवार, ललिता ध्रुव, शांति टंडन, सती यादव, कुमारी बाई निषाद, एल्डरमैन पवन अग्रवाल, अशोक साहू सहित पालिका प्रशासन में राकेश साहू, हरिकिशन पवरिया, नितिन श्रीवास, संजय आईच, रेवती रमन, अविनाश देवांगन, विशाल साहू व परगनिया उपस्थित रहे।

# खिलोरा में किया गया स्काउट गाइड कार्यशाला सह योग शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बेमेतरा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार स्काउट गाइड रोवर-रेंजर राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार कार्यशाला का आयोजन 19 से 21 जून 2022 तक शासकीय हाई स्र्कल खिलोरा विकासखण्ड जिला बेमेतरा में किया गया। स्काउट गाइड रोवर-रेंजर पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण एवं योग शिविर में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्र्कल बेमेतरा इंडियन पब्लिक स्र्कल बेमेतरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खंडसरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलाईकुड़ा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैजलपुर, शासकीय पर्व माध्यमिक शाला मुनरबोड, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरेंगा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठियारांका, शासकीय हाई स्र्कल लावातरा, शासकीय हाई स्र्कल तेंदुवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नांदघाट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक नवागढ़, शासकीय हाई स्र्कल घंरसेना, शासकीय पर्व माध्यमिक शाला पुटपुरा, राजीव ओपन रोवर क्रू बेमेतरा, मां भद्रकाली ओपन रेंजर टीम बेमेतरा से कुल 120 प्रतिभागी तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित हुए। जिसमें शिविर संचालक एवं प्रशिक्षक के रूप में जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट महेश कुमार सार्ह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड रजनी रेड्डी, जिला सचिव सत्यनारायण सार्ह, विकासखंड सचिव हिरऊ राम ध्रुव, विकासखंड सचिव अमित कुमार क्षत्रिय, वरिष्ठ स्काउटर रेवाराम सार्ह, परमेश्वर सार्ह, अनुज राम सार्ह, वरिष्ठ गाईडर उर्मिला दिवाकर भगवंती देवांगन जलवति सार्ह एवम अजय दुबे राजकुमार सार्ह नारायण कृष्ण ममता चंद्राकर उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला संगठन आयुक्त स्काउट धनुष सिन्हा द्वारा दिया गया। जिला संघ ने शिविर के सफ्ल आयोजन के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला प्रशासन की ओर से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम बेमेतरा में किया गया जिसमें जिले के स्काउट गाइड रोवर रेंजर स्काउटर गाईडर सम्मिलित हुए।

# आकाशीय बिजली गिरने से 35 वर्षीय शिक्षक की मौत, गन्ने की खेत में हुआ हादसा, ग्राम बेलोदा की घटना



**बालोद।** गुरुवार को जिले में आसमान से मौत बरसी और पलक झपकते ही एक शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 35 वर्षीय शिक्षक कौशल कठरिया की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि जिले के डौंडी ब्लॉक के ग्राम बेलोदा के खेत में लगे गन्ने के फसलों को हाथियों द्वारा बुधवार की बीती रात्रि नुकसान पहुंचाने के बाद मृतक शिक्षक उसे गुरुवार की सुबह देखने गया था। जहां फोन पर बात करने के दौरान अचानक उन पर बिजली गिर गई। घटना के बाद आनन-फानन में 108 की मदद से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर की टीम ने जांच परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक कौशल कोठारिया देवरी क्षेत्र के ग्राम राघोनवागांव के मिडिल स्कूल में शिक्षक के रूप में पदस्थ थे।

# किसान बीज और खाद के संकट से जूझ रहे किसान कालाबाजारियों पर कारवाई की उठी मांग

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य में मानसून सक्रिय हो गया है। कृषि कार्य के लिए किसान बीज और खाद के संकट से जूझ रहे हैं। रासायनिक खाद को लेकर सबसे ज्यादा दिक्कत है। इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि खाद और बीज को लेकर किसानों की लगातार शिकायत मिल रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद और बीज नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी है। इसका फायदा कारोबारी उठा रहे हैं। जिला प्रशासन की नाक के नीचे खाद की जमकर कालाबाजारी हो रही है। किसान 2 से 3 गुना कीमत पर खाद खरीदने पर मजबूर है। किसानों को 266 रुपए यूरिया बोरी 450 से 500 में खरीदनी पड़ रही है। मानसून करीब एक सप्ताह लेट से आया और प्री मानसून की बारिश भी पर्याप्त नहीं हुई। अमूमनन जून के प्रथम सप्ताह में किसान जोताई कर लेते हैं। इस बार बुवाई ने 20 जून के बाद जोर पकड़ा है। किसानी कार्य यहां करीब 15 दिन पिछड़ गया। अब खाद और बीज के किल्लत ने सरकारी व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है।



**खाद की किल्लत का सामना कर रहे किसानः-** किसानों ने बताया कि चोंगीखपरी सोसायटी अंर्तगत 7 गांव आते हैं। जिसमे डंगनिया, खपरी, नारधी, बचेड़ी, कुम्हिगुड़ा, साल्हेपुर यहां किसान को खाद को कम मात्रा में मिला है। मोहभट्ठा सोसायटी अंतर्गत ग्राम परपोड़ा, मनियारी, खिसोरा, बोतका, कोदवा, बुडेरा समेत 10 गांव आते है, यहां डीएपी का समस्या है। ग्राम बांसा, बाहेरा, सुरहोली, बोरिया, खुडमुड़ा, भरत साहू, भिम्भौरी, गाड़ामोड़, खुडमुड़ी, गबदा, डंगनिया समेत अन्य गांवो के किसान खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

**ठोस कार्रवाई के अभाव में कालाबाजारियो के हौसले बुलंदः-** कृषक कुंजलाल साहू, कृष्णा साहू, प्रकाश बघेल, संजु बारले, अजय साहू ने बताया कि किसानों को हर बार खाद और बीज के संकट का सामना करना पड़ता है। बावजूद सरकार इस समस्या का स्थाई समाधान निकालने में नाकाम रही है। राज्य सरकार की ओर से किसान हितेषी होने बड़े-बड दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर परिस्थितियां इसके विपरीत हैं। किसानों को खाद और बीज की कालाबाजारी का सामना करना पड़ता है। बाजार में व्यापारियों से महंगे दाम पर खाद और बीज खरीदना पड़ता है। ठोस कार्रवाई के अभाव में काला बाजार ये के हौसले बुलंद हैं। अन्नदाता किसान अन्नदाता किसान लूटे जा रहे हैं।

**नैनो यूरिया लेने के लिए बाध्य करते हैं व्यापारी**
बेमेतरा जिला मुख्यालय निवासी किसान ओमकर वर्मा ने बताया कि बाजार में एक बोरी यूरिया की कीमत 300 रुपए है। जब यूरिया का सरकारी मूल्य 266 रुपए है। व्यापारी 2 बोरी से कम यूरिया देने को तैयार नहीं, वही दो बोरी यूरिया लेने पर नैनो यूरिया लेने के लिए बाध्य आता है। नैनो यूरिया नहीं लेने की स्थिति में लौटा दिया जाता है।

# 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते 9 आरोपी 2 अलग अलग फड़ से पकड़े गए

### आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 720 एवं 52 पत्ती ताश जप्त



पायनियर संवाददाता ◄ पोंड़ी
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उईके एवं थाना प्रभारी बोडला निरीक्षक व्यास नारायण चुरेंद्र के पर्वेक्षण में चौकी प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक नवरत्न कश्यप की टीम द्वारा 21 जून को दौरान जुर्म जरायम पतासाजी की सूचना मिला की ग्राम नेउरगांव खुर्द आम जगह पर कुछ जुआरियान 52 पत्ती ताश में रुपए पैसों का दांव लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहे हैं की मौके पर जाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी1.कपिल पिता सीता राम निर्मलकर 2.दीपक पटेल पिता मनोहर पटेल 3.उमेद साहू पिता सीताराम साहू 4.राम पिता सोनू साहू 5.नरेश पिता विश्राम चंद्रवंशी 6.मनोज पिता सीताराम निर्मलकर 7.अंतु पटेल पिता बिरजू पटेल 8.दिलीप अनुज राम चंद्रवंशी 9.मोहन पिता आनंदा साहू सभी निवासी नेऊर गांव खुर्द में 02 अलग-अलग फड़ से 09 आरोपी पकड़े जिनके पास व फड से कुल नगदी रकम ?720 रुपए 52 पत्ती ताश जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपियों के कृत्य अपराध धारा सदर का पाए जाने से धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक लोकेश, राजपाल धुर्वे, बलदाऊ सत्यवंशी, आरक्षक अनिल साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# नगर देवकर में राजस्व शिविर का हुआ आयोजन



**देवकर।** बेमेतरा जिले के नगर पंचायत देवकर में विगत कल बुधवार को राजस्व शिविर लगाया गया। जिसमें भू-जमीन सम्बन्धित पट्टा व अन्य कार्यों हेतु आवेदन लिया गया। जिसमें इस अवसर पर तहसीलदार साजा विनोद बंजारे राजस्व निरीक्षक दिनैश्वर प्रसाद कुरैटी, पटवारी मेघराज वर्मा, नगर पंचायत विधायक प्रतिनिधि प्रतिनिधि विनोद कुंजाम, एल्डरमैन रोशन अग्रवाल, एवं समस्त पार्षद गण उपस्थित रहे। यह आयोजन नगर के टाउन हॉल में आयोजित हुआ, जिसमे सैकड़ो की तादाद में आवेदक मौजूद रहे।

# भागवत कथा सुनने से भी हर मानस को मिलती मुक्ति : ज्योतिर्मयानंद

**बेमेतरा।** महामाया पारा नवागढ़ में दीवान परिवार यहाँ आयोजित श्रीमद् भागवत कथा प्रसंग के छठवें दिन भागवताचार्य ब्रम्हचारी ज्योतिर्मयानंद के द्वारा श्रोताओं को श्री कृष्ण की बाल लीलाएं एवं गोवर्धन पजा की कथा प्रसंग सुनाया जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कथावाचक के द्वारा अपनी कथा के माध्यम से श्रोताओं को श्री कृष्ण भगवान की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया, जिसके अंतर्गत श्री कृष्ण के भगवान के द्वारा अपने बाल शखाओं के साथ गायों को चराने गांव की गोपीकाओ के घरों में घुसकर र्दध दही एवं माखन खाने तथा माखन से भरी हुई मटकियों को फोड़ने सहित अन्य बाल लीलाओं की कथा सुनाई जिन्हें सुनकर श्रोता श्री कृष्ण भगवान की बाल लीलाओं को सुनकर भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि मथुरा के राजा कंस ने श्री कृष्ण भगवान को अपना काल समझते हुए उनको बाल रूप में ही मरवाने के लिए र्पतना राक्षसी को, राक्षसों को द्वारका में भेज कर श्री कृष्ण को मरवाने के प्रयास किया। परंतु उसकी सारी योजनाएं विफ्ल रही। उन्होंने बीच बीच में कथा में छिपे संदेशों को उपस्थित श्रोताओं को आत्मसात करने कहा। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की मथुरा से वृंदावन से जुड़ी प्रेम की कथा सुनाते हुए भगवान श्रीकृष्ण व माता रुक्मणी के विवाह प्रसंग को सुनाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से राजा परीक्षित को मुक्ति मिली है उसी तरह कलयुग में भी श्रीमद् भागवत कथा महापुराण सुनने से भी हर मानस को मुक्ति मिलती है।

# गांधी विद्या मंदिर मं योग दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

गांधी विद्या मंदिर उ.मा. विद्यालय दल्लीराजहरा में 21जून को विश्व योग दिवस मुख्य अतिथि शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष युवराज सार्ह के सानिध्य में मनाया गया। योग शिक्षक शीतल साहू थे जिनके द्वारा कपाल भारती, अलोम विलोम, भ्रमनी, सूर्यनमस्कार, शीर्षाशन, सहित लगभग 15 प्रकार के योग सिखाये जहां बड़ी संख्या में बच्चे योग सीखे। इस दौरान मुख्य अतिथि युवराज साहू द्वारा योगा को जीवन में निरोग व स्वस्थ रहने की दवा बताया साथ में सब को प्रतिदिन आधा घण्टा योग करने की सलाह दिया। उन्होंने ये भी कहा कि जब हम स्वस्थ रहेंगे तो हमारी मानसिक स्थिति ठीक रहेगी जिससे हम आगे अच्छी पढ़ाई लिखाई कर उज्जवल भविष्य बना सकते हैं। इस दौरान पालक समिति अध्यक्ष रेखा जायसवाल ,प्राचार्य मंजू गुप्ता, बी के सार्वा, ललित मरकाम, प्रदीप बंछोडे, दामनी राणा, हेमलता, दुर्गेश्वरी साहू, चेतना सहित बड़ी संख्या में बच्चे ,शिक्षक व पालक उपस्थित थे।

# 26को बसपा की जिला स्तरीय बैठक

**बेमेतरा।** बहुजन समाज पार्टी बेमेतरा जिला इकाई के तत्वावधान में आरक्षण के जनक न्यायप्रिय, समतामूलक समाज के पक्षधर, प्रतिपालक, लोकप्रिय राजा राजर्षि छत्रपति शाह जी महाराज की148वीं जयंती के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय जयंती समारोह दिनांक 26 जून 2022 दिन-रविवार समय 11 बजे से5बजे तक स्थान पुराना ग्राम पंचायत भवन ग्राम केवाछी, में आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि ओ. पी. बाचपेयी (प्रदेश प्रभारी बसपा छ. ग.) विशिष्ट अतिथि संतोष ध्रुव (जिला जोन प्रभारी बेमेतरा बसपा ओ. पी. कोयले (जिला जोन प्रभारी बेमेतरा बसपा) हरिप्रसाद साहू (जिला जोन प्रभारी बेमेतरा बसपा) प्रमुख ग्रामवासी गण प्रहलाद वर्मा गणेश वर्मा प्रदीप वर्मा योगेश गायकवाड़ सोहन ध्रव जी रहेंगे। अध्यक्षता यशवंत कुमार डोण्डेय (जिलाध्यक्ष बसपा बेमेतरा छ.ग.) करेंगे वक्तागण कुलेश्वर देवांगन (जिला उपाध्यक्ष बसपा बेमेतरा) होंगे।

**कलेक्टर महोबे के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना का सुचारू रुप से हो रहा संचालन**

# मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना : ग्रामीण अंचलों में अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाई जा रही स्वास्थ्य सुविधा

### 71 दिन में 10 हजार से अधिक मरीज हुए लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में बालोद विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री हाटबाजार क्लिनिक योजना का संचालन किया जा रहा है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके सोनी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी के कारण बीमार लोगों के इलाज के लिये कई बार आधारभूत स्वास्थ्य सेवाऐं भी समय पर नहीं मिल पाने के कारण बीमारी का पता नहीं चल पाता है तथा जटिलता की स्थिति में उच्च अस्पतालों को रिफर करना पड़ता है। हर सप्ताह मुख्यमंत्री हाटबाजार क्लिनिक में जॉच व इलाज की सुविधा से ऐसे मरीजों को त्वरित रूप से आधारभूत स्वास्थ्य सेवायें मिल रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हॉट बाजार क्लिनिक में चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, लैब टैक्नोलॉजिस्ट, नेत्र सहायक अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अपनी सेवायें दे रहे हैं। बालोद ब्लॉक में वर्ष 2021-22 में प्रति सप्ताह 10 मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 6 हजार 513 मरीज लाभान्वित हुए, तथा वर्ष 2022-23 में (01 अप्रैल से 10 जून 2022 तक) प्रति सप्ताह 10 मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 10 हजार 911 मरीज लाभान्वित हुए हैं।

**हाट बाजार ओपीडी से औसतन 100 मरीज हो रहे हैं लाभान्वित**

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोनी ने बताया कि बालोद ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में पैथालॉजी प्रयोगशाला नहीं होने के कारण मरीजों को छोटी-छोटी जॉच के लिये भी शहरी क्षेत्रों तक आना पड़ता है, अब मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक में ही मधुमेह, रक्त चाप, सिकलसेल, एनीमिया, हिमोग्लोबिन, मलेरिया, जैसे बिमारियों के लिये खून की जॉच निःशुल्क हो जाती है, जिससे लोगों की बीमारी का त्वरित ईलाज भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड बालोद में मुख्यमंत्री हाटबाजार क्लिनिक योजना अंतर्गत प्रति हाट बाजार ओपीडी से औसतन 100 मरीज लाभान्वित हो रहे है। विकासखण्ड बालोद में कुल 10 ग्रामों तरौद, हरार्ठेमा, भेंगारी, टेकापार, मटिया बी, पोण्डी, देवारभाट, बेलमाण्ड, बरही तथा भोयनापार में मुख्यमंत्री हाटबाजार क्लिनिक योजना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मरीजों का इलाज कर निःशुल्क दवाईयॉ दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में गंभीर रूप से बीमार पाये गये मरीजों को उच्च संस्था में बेहत्तर ईलाज हेतु 63 मरीजों को रिफर किया जा चुका है। शासन के योजना अनुसार नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क जॉच किया गया तथा कुल 27 हितग्राहियों को चश्मा वितरण किया गया है।

# ब्राह्मण समाज ने 2 कन्याओं का विवाह कराया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ब्राह्मण समाज नें आज दो गरीब ब्राह्मण कन्या का विवाह संस्कार सामूहिक रूप से करके आज एक इतिहास रचा है उल्लेखनीय है कि ब्राह्मण समाज के द्वारा चार भाई बहनों को सन 2013 से गोद लेकर उनकी परवरिश शिक्षा दीक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्त जिम्मेदारी समाज के लोगों ने उठाई 4 बच्चे जिसमें 3 लड़कियां एवं एक लड़का है जिनके मां और बाप असमय ही यह दुनिया छोड़कर उन्हें अनाथ के रूप में छोड़ कर चले गए थे किंतु बेमेतरा ब्राह्मण समाज में उन चारों बच्चों को गोद लेकर उन्हें कभी भी यह एहसास नहीं होने दिया कि वह बिना मां बाप के हैं उनकी परवरिश एवं शिक्षा दीक्षा के कारण ही आज यह बच्चे ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे हैं समाज के लोगों ने ही सहयोग देकर उन्हें कंप्यूटर आदि शिक्षा में दक्षता हासिल कराई है बेमेतरा ब्राह्मण समाज के सभी लोगों ने सहयोग कर आज उनका विवाह संस्कार भी धूमधाम से पूरे विधि विधान के साथ विप्र भवन बेमेतरा में संपन्न कराई जिसमें छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से भी विप्र जन बड़ी संख्या में इस विवाह समारोह में शामिल होकर ब्राह्मण समाज की इन बेटियों को आशीर्वाद दिए समाज की बेटियों के विवाह संस्कार में आज मुख्य रूप से ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयानंद, सरयूपारी ब्राह्मण समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष समाज के वरिष्ठ रामानूज तिवारी, किसान नेता योगेश तिवारी, छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, उपप्रांताध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय, सरयूपारी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अजय शर्मा सर्व ब्राह्मण सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ अविनाश तिवारी, युवा मंच के शिवम् तिवारी, थानेश्वर दीवान,गजानंद शर्मा,एवं समाज के वरिष्ठ जन रामावतार शर्मा, रामा प्रसाद पाण्डेय, जीवधन तिवारी, राजा पाण्डेय, लक्ष्मी शर्मा,संजय शर्मा, भावेश शर्मा, एवं महिला ब्राह्मण समाज बेमेतरा के द्वारा विधि विधान से सभी नेंग के साथ विवाह संस्कार सम्पन्न कराई सुबह विदाई के समय उपस्थित महिला ब्राह्मण समाज एवं समाज के वरिष्ठ जनों की आंखें नम हो गई।

# गजराजों का दल धरमजयगढ़ पंडरीपानी क्षेत्र में मचा रहे उत्पात



**6 हाथियों के दल ने कटहल पेड़ों व बिजली तारों को किया तहस-नहस**

पायनियर संवाददाता | रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में एक लंबे अर्से से जंगली हाथियों का आतंक जारी है। इसी क्रम में बीती रात जंगली हाथियों के एक दल ने पंडरीपानी गांव में धावा बोलते हुए जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों के दल ने यहां कटहल पेड के अलावा बिजली के तारों को तहस नहस कर दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पंडरीपानी गांव किनारे बीती देर रात 6 हाथियों का दल आ धमका और गांव से सटे करीब 5 किसान मोहर साय, जोधन, टिकाराम, पंचूराम और चेतन के आम पेड़ व कटहल को खाते हुए तोड़कर छिन्न भिन्न कर दिए। वहीं बताया जा रहा है की, ट्यूबवेल के लिए खिंचे गए बिजली तार को भी तोड़कर टुकड़े कर दिए है। वो तो राहत की बात रही कि हाथी प्रभावित क्षेत्र एवं हाथी की आवाजाही वाली क्षेत्र होने के नाते ग्रामीण किसानों द्वारा हांथी आमद की जानकारी लगते ही खेत मे बोर के लिए लगाए गए बिजली को बंद कर दी जाती है। ताकि करंट से हाथी सुरक्षित रहे।

पंडरीपानी गांव में भी रात में यही हुआ किसान द्वारा हाथी आमद की जानकारी होते ही बोर में करंट सप्लाई पूरी तरह बंद कर दी गई थी। बहरहाल रात में हाथी मित्रदल एवं वनकर्मी साथ ही ग्रामीण मिलकर हाथी को रिहायसी इलाके से जंगल की ओर भगाए, फिलहाल बताया जा रहा है उक्त हांथियों का दल गांव किनारे 419 कंपार्टमेंट जंगल में विचरण कर रहे हैं।

## जहरीला कांदा खाकर 8 लोग बीमार आस्पताल में कराया गया भर्ती

पायनियर संवाददाता | रायगढ़
www.dailypioneer.com

केजीएच अस्पताल में बुधवार की शाम एक ही परिवार के 8 सदस्यों को भर्ती किया गया है। सभी फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए हैं। बताया जा रहा है कि परिवार के सदस्यों ने कांदा समझकर एक जहरीले फल को खा लिया जिसके बाद उन्हें उल्टियां होने लगी। मामला तारापुर के पास पचेड़ा गांव का है। रतन विश्वकर्मा (40) के घर बुधवार की सुबह 4 मेहमान आये। परिवार में पहले से 4 सदस्य थे। बुधवार को रतन अपने रिश्तेदारों को लेकर खेत पहुंचा। यहां उसके रिश्तेदारों ने जिमि कांदा समझकर एक फल को उखाड़ लिया। परिवार शाम को इस फल को खाने के लिए सब्जी बनाई। सब्जी खाने के कुछ देर बाद ही पूरा परिवार उल्टी करने लगा। परिवार को कुछ देर बाद पुटकापुरी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। स्थिति खराब होने पर उन्हें रायगढ़ केजीएच में रेफर किया गया।

परिवार के सभी सदस्यों का इलाज जारी है। भर्ती सदस्यों में सुखराम विश्वकर्मा, रतन विश्वकर्मा, पुष्पाबाई विश्वकर्मा, कलाराम विश्वकर्मा, चैनसिंह सिदार, भजनू सिदार, समरीन बाई, रजनी शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया। अफसर देर रात तक अस्पटेल पहुंच रहा था। भर्ती मरीजों की स्थिति अभी तक ठीक बताई जा रही है।



## नाबालिग बालिका को शांदी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला अरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता | सक्ति
www.dailypioneer.com

अड़भार क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले प्रार्थी ने दिनांक 13जून को चौकी अडभार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक लड़की को दिनांक 12-13जून के दरमियानी रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है, प्रार्थी की रिपोर्ट पर चौकी अडभार थाना मालखरौदा में अपराध क्रमांक 141/2022 धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी, विवेचना के दौरान ग्राम सतगढ़ के पियुष चंद्रा द्वारा अपहता को रायगढ़ के गांधी नगर में एक किराये के मकान में रखने की जानकारी प्राप्त होने पर घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल चौकी अड़भार से टीम रवाना किया गया। जिनके द्वारा दबिश देकर पियुष चंद्रा के कब्जे से अपहता को बरामद किया गया। पीड़िता द्वारा अपने कथन में आरोपी पियुष चंद्रा द्वारा जबरदस्ती बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करना बताई जिस पर प्रकरण में धारा 366,376 भादवि 04, 06 पास्को एक्ट जोड़ी गई,आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को दिनांक 22.06.22 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया, आरोपी को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक नवीन पटेल, सउनि श्याम लाल पैकरा, आर सेतराम पटेल मआर. दुलेश्री साहू एवं चौकी अड़भार स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नौकरी लगाने के नाम पर की थी 3 लाख की ठगी

**लंबे समय से फरार आरोपी को पुलिस ने बिलासपुर में दबोचा**

पायनियर संवाददाता | रायगढ़
www.dailypioneer.com



करीब 9 माह से फरार धोखाधड़ी के आरोपी को पुसौर थाना प्रभारी उप निरीक्षक ?गिरधारी साव एवं स्टाफ द्वारा बिलासपुर से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया जिसे धोखाधड़ी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी रणविजय सिंह (मूल निवास भोजपुर बिहार) पुसौर क्षेत्र के ग्राम झिलगीटार में रहने वाले माधव कुमार साव को नौकरी लगाने के नाम पर 3 लाख रूपये लेकर फरार था। घटना के संबंध में पीड़ित माधव साव पिता भगतराम साव (उम्र 24 वर्ष) 10 सितंबर 2021 को थाना पुसौर में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि एनटीपीसी लारा में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर प्राईवेट जॉब कर रहा है। वर्ष 2018 में अपने ईलाज के लिये जिला अस्पताल रायगढ गया हुआ था। इसी दौरान इसकी मुलाकात रणविजय सिंह नाम के व्यक्ति से हुई जो अपने आपको सरकारी अस्पताल में एमआर का जॉब करना बताया। रणविजय बातचीत में माधव को 3 लाख रूपये में अच्छी नौकरी लगा देने बताया और उसके घर का पता, मोबाइल नम्बर पूछ लिया। इसके बाद रणविजय सिंह, माधव को भरोसे में लेने दो-तीन बार उससे मिलने उसके घर झिलगीटार (पुसौर) गया। माधव उस पर विश्वास कर 30 दिसंबर 2019 को 1.50 लाख रूपये और शेष 1.50 लाख रूपये अगस्त 2020 को रायगढ़ में दिया। रणविजय सिंह से माधव साव की मोबाइल पर बातचीत होती थी। बाद में पता चला कि रणविजय सिंह रायपुर का रहने वाला है। नौकरी नहीं लगता देख ठगी महसूस कर माधव द्वारा 10 सितंबर 2021 को थाना पुसौर में आवेदन दिया गया। पुसौर पुलिस द्वारा आरोपी पर धारा 420 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना दरम्यान पुसौर पुलिस पीड़ित से मिली जानकारी एवं आरोपी के लोकेशन पर दबिश दिया गया किन्तु आरोपी फरार था। एसपी रायगढ़ द्वारा फरार आरोपियों की शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी के दिये निर्देशों पर थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा आरोपी के संपर्क में आये लोगों से आरोपी की सूचना देने निर्देशित किये।

## मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा ने अग्रसेन भवन नैला में योग दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता | जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com





मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा नैला द्वारा 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह 7:00 बजे अग्रसेन भवन में योगा का कार्यक्रम रखा गया। योग कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक अजय झझड़िया, सुनील सोनी, अजय राठौर , भारद्वाज जी द्वारा किया गया। योग के पश्चात श्री श्री रविशंकर जी के तैल चित्र में पुष्प अर्पण किया गया।

कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, अग्रसेन सेवा समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रियंका मोदी, प्रांतीय संयोजिका सुनीता मोदी,चेम्बर ऑफ कामर्स जांजगीर नैला अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, शाखाध्यक्ष दीपक सिंघानिया, ममता बसईवाल मंचस्थ रहे। मंच संचालन आशीष गोयल ने किया, आभार प्रदर्शन दीपक सिंघानिया ने किया। प्रांतीय अध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने बताया योग स्वयं की, स्वयं के माध्यम से, स्वयं की यात्रा है। योग इसे एक दिन नहीं प्रत्येक दिन अपने दिनचर्या में शामिल करने का प्रण लें। मारवाड़ी युवा मंच से हिमांशु अग्रवाल, तनय अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, धनन्जय अग्रवाल, अनुराग शर्मा मारवाड़ी युवा जागृति शाखा से पिंकी सिंघल, मनीषा अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, बबीता गर्ग, इंदु झझरिया, विनीता झझरिया , पिंकी टहलानी, सुरेखा अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, महक अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, बसंती राठौर, सरिता शर्मा, संतोष अग्रवाल, मंजू शर्मा, खुशी अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, सरोज अग्रवाल एवं आर्ट ऑफ लिविंग परिवार से संतोष राठौर, शत्रुघ्न, दिवाकर, मंतोष, मनोज शर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत अड़भार के वार्ड के नागरिकों की मांग पर बोर खनन का कार्य प्रारंभ



**छत्तीसगढ़ की सरकार घर-घर तक पानी पहुंचाने कर रही निरंतर सकारात्मक पहल- ज्योतिष गर्ग विधायक प्रतिनिधि**

पायनियर संवाददाता | सक्ति
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत अड़भार में वार्ड वासियों की मांग पर 23 जून को बोर खनन का कार्य प्रारंभ हुआ, इस दौरान नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रताप सिंह राजपूत ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में वार्ड वासियों की समस्याओं को देखते हुए समय-समय पर बोर खनन का कार्य करवाया जाता है तथा अड़भार नगर पंचायत क्षेत्र में भी पेयजल की बेहतर व्यवस्था बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल की जा रही है, इस दौरान बोर खनन कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ हुआ एवं वार्ड वासियों में भी बोर खनन को लेकर उत्साह देखा गया तथा इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में आम नागरिकों को पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करवाना नगर पंचायत की पहली प्राथमिकता है, तथा पूरे शहर में घर-घर तक पानी पहुंचाने हेतु नगर पंचायत दृण संकल्पित है,इस दौरान प्रमुख रुप से नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि एवं कांग्रेस नेता ज्योतिष गर्ग,नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रताप सिंह राजपूत, उपयंत्री मुजफ्फर हुसैन, घनश्याम देवांगन, सुरेश रात्रे, उमाशंकर सहित अन्य नागरिक गण मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ ने किया वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन



**घर में रखी अनुपयोगी वस्तुओं को कैसे उपयोगी बनाया जाए इस पर दी गई जानकारी**

पायनियर संवाददाता | सक्ति
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा 21जून को घर मे पड़े हुए बेकार सामान से आकर्षक और उपयोगीकलात्मक वस्तुएं बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का पारंभ गणेश वंदना से हुआ। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त किए। श्रीमती कविता अग्रवाल ने वेस्ट मटेरियल से बहुत ही सुंदर और उपयोगी वस्तुएं बनाना सिखाया। साथ हीकिस तरह हम घर में पड़े बेकार सामान से बहुत ही सुंदर और आकर्षक गिफ्ट एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं तैयार कर सकते हैं, यह सब बहुत ही सरल ढंग से सिखाया, कार्यक्रम मे अंतरराष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप सर्राफ अजयकांत गर्ग, आलोक, पीडी अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, उमा बंसल, कृष्णा भिवानीवाला, राजीव गुप्ता, पारुल अग्रवाल, हेमलता शामिल हुये। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल परिवार के करीब 100 सदस्यों ने भाग लिया, एवम देश विदेश से भी इस कार्यक्रम को बहुत अधिक प्रोत्साहन मिला, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल की प्रेरणा से एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की संयोजिका डॉ सपना बंसल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ।

## पूर्व सांसद कमला पाटले हुई गुरुग्राम रवाना



**सक्ती।** जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की पूर्व सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमला देवी पाटले 22 जून को हरियाणा राज्य के गुरुग्राम में आयोजित 24, 25 एवं 26 जून के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के लिए रवाना हुई तथा इस दौरान कमला देवी पाटले ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय संगठन द्वारा यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित है, जिसमें देश भर से काफी संख्या में प्रतिनिधि शामिल होंगे साथ ही इस तीन दिवसीय शिविर के दौरान संगठनात्मक रूप से विस्तार पूर्वक अलग-अलग सत्रों के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

## आजीविका गतिविधियों से समृद्ध हो रही है धौरामुड़ा गौठान की महिलाएं

**संभागायुक्त डॉ संजय अलंग ने कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर के साथ किया दौरा, महिलाओं का बढ़ाया हौसला**

**बिलासपुर।** संभागायुक्त डॉ संजय अलंग ने कलेक्टर डॉ सारांश मित्तर के साथ जिले के बिल्हा ब्लॉक के धौरामुड़ा गौठान का निरीक्षण किया। उन्होंने स्व- सहायता समूह की महिलाओं से गौठान में चल रही विभिन्न आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। गौठान की जय माँ लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि पशुधन विकास विभाग की ओर से मुर्गी पालन के लिए सहायता दी गई थी और आज मुर्गी पालन के जरिए समूह की महिलाओं को लगभग 52 हजार रूपए की आमदनी हुई है। महिलाओं ने बताया कि मुर्गी पालन से हुई आय से हम सभी आत्मनिर्भर हो चुके हैं और आज स्वयं के व्यय से मुर्गी पालन कर रहे हैं। इसी प्रकार धौरामुड़ा गौठान में ही ग्राम कन्या स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मुर्गी पालन से 24 हजार 800 रुपये की आमदनी हुई है। महिलाओं ने बताया कि मुर्गी पालन से हुई कमाई से वे स्वयं के व्यय पर बटेर पालन कर रही है।संभागायुक्त डॉ संजय अलंग और कलेक्टर डॉ सारांश मित्तर ने गौठान में चल रही बकरी पालन का भी अवलोकन किया और समूह की लाभान्वित महिलाओं से जानकारी ली। बकरी पालन कर रही जय माँ लक्ष्मी और जय माँ सरस्वती स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि नेशनल लाइव स्टॉक मिशन के तहत प्रत्येक समूह को 10 बकरी तथा एक बकरा प्रदान किया गया था और दोनों समूहों के पास कुल 32 बकरे हो गए हैं। महिलाओं ने बताया कि प्रत्येक बकरे से लगभग 9 से 10 हजार की आमदनी होती है।


**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492 001 के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल – एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल – एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : www.bankeauctions.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सांकेतिक कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री विश्वजीत कुमार 2. श्रीमती शारिका सिंह (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल10101356) | 23–फर–2022 रू. 12,89,626/– (रूपए बारह लाख नवासी हजार छह सौ छब्बीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति केएच नंबर 475/122/के, क्षेत्रफल परिमाप 750 वर्ग फीट, एमओडब्ल्यूए का भाग, आरएनएम रायपुर, तहसील रायपुर, जिला रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत, 492001 | 23–मई–2022 | रू. 12,00,000/– (रूपए बारह लाख मात्र) |
| | **बोली वृद्धि राशि** | | **15–जून–2022 तक कुल बकाया राशि** | **धरोहर राशि जमा (ईएमडी)** |
| | रू. 25,000/– (रूपए पच्चीस हजार मात्र) | | रू. 13,51,030/– (रूपए तेरह लाख इक्यावन हजार तीस मात्र) | रू. 1,20,000/– (रूपए एक लाख बीस हजार मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 25–जुला–2022 1100 बजे–1400 बजे | 27–जुला–2022 अप. 5 बजे तक | 29–जुला–2022 1100 बजे–1300 बजे |

भुगतान की विधि : सभी भुगतान "आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड" के पक्ष में गुरूग्राम में देय डिमांड ड्राफ्ट द्वारा अथवा आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किये जाने चाहिए। खाता विवरण निम्नानुसार है : क) खाते का नाम : आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड ख) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक लिमिटेड, ग) खाता नंबर : 53105066294, घ) आईएफएससी कोड :– एससीबीएल0036025 अथवा पेमेंट लिंक https://quickpay.iiflfinance.com के माध्यम से

नियम और शर्तें :–

1. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.bankeauctions.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.bankeauctions.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
6. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई–नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई–मेल आईडी : support@bankeauctions.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : @7291981124/25/26 तथा किसी सम्पत्ति संबंधी पूछताछ के लिए श्री सुमित राजपूत @9111122876, ई–मेल आईडी :– sumit.rajput@iifl.com से सम्पर्क करें।
7. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
8. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
9. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
10. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा ।

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 8(6) के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का नोटिस**

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

स्थान : रायपुर
तिथि : 24–06–2022

हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड


## योग से आंतरिक ऊर्जा का विकास-प्राचार्य श्वेता शुक्ला बम्हनीडीह में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता | जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



बम्हनीडीह में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया कार्यक्रम की सुरुवात माँ सरस्वती के पूजन से सुरु हुआ।तत्पश्चात अतिथि एवम योगाचार्य का स्वागत श्री-फ्ल व साल भेट कर किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक योगाचार्य नानकचंद साहू एवं नरेंद्र जायसवाल के मार्गदर्शन में प्राणायाम भ्रामरी कपाल भारती जैसे ऊर्जा मयी योग करवाये गए। प्राचार्य श्वेता शुक्ला ने अपने उद्बोधन में बताया कि मेडीटेशन से आंतरिक ऊर्जा का विकास होता हैं जो रोग और तनाव को दूर करता हैप्राचार्य ने कहा कि वे स्वयं प्रतिदिन योग करते हैं और स्कूल में मेडिटेशन से ही विद्यार्थियों की कक्षा की सुरुवात होती हैं जो उनके मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं। योग आंतरिक ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत हैं जिसे हर किसी को अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति गगन जयपुरिया ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक योग है जिसे पूरी दुनिया अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाती है योग ध्यान विद्यार्थी जीवन का मुख्य आधार है जिससे स्कूल के माध्यम से अनिवार्यत: करवाया जाना चाहिए। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के योग के प्रती अत्यंत उत्साह देखा गया।अंत में प्राचार्य एवम अतिथियों के उपस्तिथि में योगाचार्य द्वारा वृक्षों की महत्वता बताते हुए वृक्षारोपण करवाया गया।

संचालन श्वेता दयालानी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सोनू जैसवाल, पवन केशरवानी, सतीश शुक्ला, जगदीश दुबे एवम समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## ट्रेलर ने बाइक सवार को मारी ठोकर, हुई मौत

**रायगढ़।** तेज रफ्तार ट्रेलर चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक ग्रामीण को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर मौके पर चक्काजाम कर दिया था। तत्कालीक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रूपये दिये जाने के बाद चक्काजाम समाप्त हो सका। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र के ग्राम पंचायत लिबरा में जोरदार सड़क दुर्घटना हो स्थानीय ग्रामीण की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत झरना निवासी धजाराम सिदार पिता दयाराम सिदार उम्र 42 वर्ष जो कि करीब 11 बजे किसी कार्य के सिलसिले में हुकराडीपा की ओर जा रहा था तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही हाइवा चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

# ठेकेदार की गाड़ी में पहुंचकर पीपलखुंटा कार्य पर शांत और धुपकोट क्रैक कार्य देख भड़के ईई

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





पायनियर
रायपुर संभाग
गुणवत्ताहीन कार्यों पर जारी राशि, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को कलेक्टर और अधीक्षण अभियंता के दरबार में बुलावा
गुणवत्ताहीन कार्यों की राशि जारी सिंचाई विभाग एग्जेक्यूटिव इंजीनियर सवालों के घेरे में

सिंचाई विभाग एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आशुतोष ससस्त्र बीते दिनों पीपलखूंटा जलाशय निर्माण ठेकेदार के साथ उसकी गाड़ी में धूपकोट, पीपलखूंटा सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे इस बीच एग्जीक्यूटिव इंजीनियर धूपकोट सीसी कांक्रीट के गुणवत्ताहीन लाइनिंग कार्य के कई जगह जगह क्रैक देख आग बबूला होते हुए एसडीओ इंजीनियर को जमकर लताड़ लगाई और जल्द से जल्द क्रेक काम को सुधारने का निर्देश दिया तो वही पीपलखूंटा जलाशय निर्माण ठेकेदार के साथ कार्य स्थल पर पहुंचते ही एग्जीक्यूटिव इंजीनियर का पारा शांत हो गया और खानापूर्ति तरीके से वाइब्रेटर चलाने के अलावा छोटी मोटी दिशा निर्देश दिया गया जिसे लेकर विभागीय गलियारों में जमकर चर्चा हो रही है जबकि पीपलखूंटा जलाशय निर्माण कार्य में भी जमकर धांधली को अंजाम दिया जा रहा है बावजूद इसके धांधली कार्य को अनदेखा करना समझ से परे है यहां बताना लाजिमी होगा कि पायनियर द्वारा लगातार धूपकोट नहर जीर्णोधार फिंगेश्वर जोगीडीपा जलाशय शीर्ष मरम्मत रिमांडलिंग सीसी कांक्रीट लाइनिंग अमाड़ सहित छूरा के लाइनिंग सीसी जैसे अन्य गुणवत्ताहिन कार्यों की प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया रहा जिसके बाद विकासखंड से लेकर जिला मुख्यालय में काफी हड़कंप सुनने को मिला इसके अलावा रायपुर अधीक्षण अभियंता ने भी मामले को संज्ञान में लेने की बात कही जाती है जिसके मद्देनजर रूटिंग निरीक्षण पर गरियाबंद सिंचाई विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आशुतोष शस्त्र लाइनिंग एवं जलाशय निर्माण को करीब से देखने पहुंचे और लाइनिंग के बीच जगह-जगह क्रैक कार्य सहित अन्य कामों में सुधारने के निर्देश दिया गया मगर काम में सुधार करने की नौबत उत्पन्न क्यों होती है यह जानने का बिल्कुल भी प्रयास नहीं हुआ यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि मैटेरियल कंट्रोल ऑफिसर के रूप में एसडीओ इंजीनियर पदस्थ हैं बावजूद इसके ऐसे गुणवत्ताहीन कार्य को अंजाम देना सांठगांठ की ओर इशारा करता है इसके साथ जमीनी पड़ताल किए बिना धड़ाधड़ राशि जारी करने को भी संरक्षण मानते हैं।

**मेंटेनेंस की आड़ में बचते हैं जिम्मेदार**

निर्माण कार्य दौरान जब भी अधिकारियों के कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा किया जाता है तब तब अधिकारी काम फाइनल नही होने की बात कहकर बच निकलते हैं मतलब ठेकेदार की एफडी राशि से कार्य को सुधारने का दावा कर गुणवत्ताहीन कार्यों पर सरंक्षण देते नज़र आते हैं और ऐसे धूपकोट नहर सीसी लाईनिंग कार्य पर हुआ है लगभग लगभग ठेकेदार को पूरी राशि जारी कर दिया है और थोड़ी बहुत बचत राशि से नए इंजिनियर को साइड इंचार्ज बनाकर खानापूर्ति सुधार काम को अंजाम दिया जा रहा है।

**हाई लेवल जॉच से खुल सकती हैं पोल**

अक्सर गुणवत्ताहीन कार्यों की शिकयत गरियाबंद से होकर गरियाबंद पर ही सिमट जाता है शायद यही वजह है कि हाई लेवल जॉच से सिंचाई विभाग को भ्रष्टाचार कार्य की पोल खुलने का दावा किया जा रहा है इसके लिए बकायदा कुछ जनप्रतिनिधि रायपुर अधिछर्ण अभियंता से शिकयत कर जांच की मांग करेंगे।

# जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई गई पुण्यतिथि

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आज जिला भाजपा कार्यालय जशपुर सहित जिले की सभी मण्डलों में भाजपाईयों ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। भाजपा नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर को भारतीय संविधान के दायरे में लाने और एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान (झंडा) के विरोध में सबसे पहले आवाज उठाने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज बलिदान दिवस है। उनका यह स्वप्न स्वतंत्रता प्राप्ति के 70 वर्ष बाद तब पूरा हुआ जब हम सबके प्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने अगस्त 2019 में संसद में संविधान के अनुच्छेद 370 एवं 35ए को समाप्त करने का बिल पारित कराया। इसके बाद ही जम्मू कश्मीर भारत देश का सही मायनों में अभिन्न अंग बना। विशेष राज्य का दर्जा, अलग संविधान, देश के अन्य प्रदेशों के नागरिकों के जम्मू कश्मीर में प्रवेश के लिए परमिट की आवश्यकता जैसी जिन शर्तों और नियमों के साथ जम्मू कश्मीर को भारत में शामिल किया गया था, डॉ. मुखर्जी प्रारंभ से ही उसके विरोध में थे। उन्होंने इसके लिए बाकायदा जम्मू कश्मीर जाकर अपना विरोध दर्ज कराया। लेकिन चाहकर भी उनका यह स्वप्न उनके जीते जी पूरा नहीं हो पाया और रहस्यमय परिस्थितियों में 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हो गई। डॉ. मुखर्जी को जम्मू कश्मीर एवं देश की अखंडता के लिए बलिदान देने वाले पहले व्यक्ति के तौर पर जाना गया। इसीलिए देश उनकी पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाता है।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजशरण भगत, शहर मण्डल अध्यक्ष संतोष सिंह, अरविंद भगत, सतीष गोस्वामी, रविन्द्र पाठक, चंदन गुप्ता, गणेश साहू, नीतू गुप्ता, सतीष वर्मा, एंजेला खेस, अनुज भगत, लालदेव भगत, दीपक गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, गंगा राम भगत, दीपू मिश्रा, सूरज सिंह, अभिषेक गुप्ता, आशु राय, मुन्नी गुप्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने दी।

# धूमधाम से मनाया जा रहा अंबूवाची पूजा महोत्सव

## कामाख्या मंदिर के साधक हिरेंद्र विश्वकर्मा 30 सालों से कर रहे अनवरत पूजा



**रायपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अंबूवाची पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। साधक हिरेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि देवेंद्र नगर रोड फोकटपारा में एक ऐसा मंदिर है जहां मां कामाख्या के साथ हजरत झिरिया वाले बाबा की वार्षिकी पूजा होती है। मां कामाख्या की गुवाहटी केअलावा प्रदेश में यह दूसरा मंदिर है जहां माता की वार्षिकी पूजा गुवाहटी स्थित कामाख्या मंदिर में होने वाले विधि विधान से की जाती है। वार्षिकी पूजा में सैकड़ों भक्त देश विदेश से शामिल होने यहां आते है। जो अपने मनोकामना सिद्धि की बखान करते नहीं थकते है। मां कामाख्या का विग्रह फोकट पारा स्थित मंदिर में स्थापित जहां पिछले 30 वर्षो में मां का वार्षिकी पूजा हो रही है। 22 जून से प्रारंभ वार्षिकी पूजा में 23 को विशेष श्रृंगार,24 को दो दिन के लिए पट बंद होगा। 26 जून को पट खोला जाएगा। सुबह से ही अनुष्ठान का सिलसिला शुरू होगा। वहीं दोपहर को माता की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा के बाद कन्या पूजन होगा, उसके बाद मंत्रोच्चार के साथ हवन के बाद आरती और प्रसादी वितरण होगा।

# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर



**देवकर।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल देवकर में निरिक्षण करने पहुंचे बेमेतरा कलेक्टर और किया निरीक्षण साथ में नगर पंचायत सीएमओ परियोजना अधिकारी। सुनील तिवारी स्कूल प्रिंसिपल अनील डाहले एवं नगर पंचायत देवकर विधायक प्रतिनिधि विनोद कुंजाम एल्डरमैन रोशन अग्रवाल मौजूद।

# जुड़वास उत्सव में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**देवकर।** नगर पंचायत देवकर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरूवार को नगर में शितला जुड़वास उत्सव मनाया गया जिसमें सुबह 6 बजे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की आवा-जाही शुरू हो गई थी जो रात्रि 11 बजे तक नहीं थमी। जिसमें कार्यक्रम की क्रम कुछ इस तरह रही सुबह 8 बजे हवन पूजन , सुबह 10 बजे बाजे-गाजे के साथ क्लश यात्रा , दोपहर 2 बजे सेवा गीत (भजन) शाम 7 बजे बालिका जस झांकी पार्टी की प्रस्तुति रही इसी कड़ी के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। जिससे समस्त नगरवासी व आस-पास के ग्रामीणों की भीड़ सुबह से बनी रही श्रद्धालुओं का यह मानना है कि। चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी अष्टमी को शीतला माता का जुड़वास पर्व मनाया जाता है। इसे बसौड़ या बसौरा भी कहते हैं, शीतला सप्तमी को भोजन बनाकर रखा जाता है दुसरे दिन उसी भोजन को ही खाया जाता है।



# गौठानों से महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर, जिले के 88 समूहों ने 1 करोड़ 54 लाख का किया कारोबार





पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी और गोधन न्याय योजना का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। कुनकुरी, दुलदुला और फरसाबहार विकासखण्ड के गौठानों की स्व सहायता समूह की महिलाएं विभिन्न प्रकार की सामग्री तैयार कर ही हैं। समूह की महिलाओं द्वारा कपड़े से मास्क बनाना, सर्फ, साबुन, अगरबत्ती, फिनाईल, बड़ी-पापड़, चटाई, धनिया पाउडर, अहर दाल सहित साग-सब्जी का भी विक्रय किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा समूह की महिलाओं को सामग्री का विक्रय कराने के लिए स्थानीय बाजारों के साथ ही जशपुर जिला मुख्यालय में सी-मार्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। महिलाएं अपने हाथों से बनाए गए सामग्री और गौठानों में उत्पादित सामग्रियों का विक्रय सी-मार्ट के माध्यम से करती हैं। जिला प्रशासन के अंतर्गत् संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से गौठानों में कार्य करने वाली स्व सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न सामग्री बनाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड दुलदुला, कुनकुरी एवं फरसाबहार में महिला सशक्तिकरण करने के लिए 88 महिला स्व सहायता समूह को र्विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर अनेक प्रकार की उत्पाद तैयार कर रहीं है। इन महिला समूहों द्वारा अब तक 1,53,89,087 रूपए के उत्पाद का विक्रय कर चुकी हैं।

# एक्सरसाइज को योग न मानिए, प्राचीन योग को अपनाइए-जीवन सुखमय बनाइए : योगगुरु धीरज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



वशिष्ठ योग के प्रणेता योग गुरु धीरज जी ने रायपुरवासियो मे एक सही सनातन योग का बीज का रोपण किया, आज का योग कैसे व्यायाम मे परिवर्तित कर परोसा जा रहा है जो थकाता है और ऊर्जाहीन बना रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की जो योग हमारे ऋषि मुनियो ने हमें दिया सरल और असरदार योग उसे अपनायें जिसका लाभ स्थाई होगा। जबकि आज योग में भी मिलावट कर दी गई है. योग के नाम से व्यायाम करवाया जा रहा है जो शरीर के लिए फ़ायदेमंद नहीं है। भारतीय सिंधुसभा प्रदेश महासचिव सतीश छुगानी ने बताया कि इस अंतराष्ट्रीय योग दिवस में दो-दिवसीय शिविर का आयोजन बीटीआई ग्राउंड में किया गया जिसका आयोजन वशिष्ठ योग छत्तीसगढ़ ,शंकरनगर शांतिनगर पूज्य सिंधी पंचायत, भारतीय सिंधु सभा एवं सुहिणी सोच संस्था द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। विधायक कुलदीप जुनेजा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे जिन्होने योग गुरू धीरज एवं सभी आयोजकों का सम्मान किया। कार्यक्रम स्थल खचाखच भरा हुआ था योग शिविर में लोगों ने अपने अनुभव भी बताए जिन्होंने इस योग को ही सही योग माना और योगगुरु धीरज जी के प्रति आभार व्यक्त किए। आयोजक एवं सहयोगी संस्थाओं का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य रूप से वशिष्ठ योग छत्तीसगढ़ शंकरनगर शांतिनगर पूज्य सिंधी पंचायत, सुहिणी सोच, बढ़ते कदम, भारतीय सिंधु सभा, मोटवानी परिवार एवं सीए चेतन तारवानी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसी योग की परिचर्चा 22 जुन को सिंधु पैलेस में हुई जिसमें आमंत्रित किए गए योग के क्षेत्र मे काम करने वाले योग संगठन, योग साधकजन, रायपूर के विभिन्न महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के योग विद्यार्थि सामाजिक कार्यकर्ताजन। योग के परिचर्चा योग गुरू धीरज के संग 12 बजे से 5 बजे तक हुई। साथ ही दो-दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ लेकिन सभी से अपील की गयी कि वे नियमित रूप से योग करे तथा जानकारी दी गई कि सिंधु पैलेस में निशुल्क योग क्लास का आयोजन नियमित रूप से (प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे) होता रहेगा. कार्यक्रम का संचालन सीए चेतन तारवानी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक मुरलीधर शादीजा ने किया, साथ में अनिता लढहा एवं योगगुरु गिरीश आहूजा के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन हुआ।

# मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का स्मृति दिवस आज

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व की 140 देशों में 24 जून 2022 को मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती प्यारी मीठी मम्मा की स्मृति दिवस मनाने जा रहे हैं। मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जिसको प्यार से मम्मा कहते हैं उन्होंने सहजता और सरलता से सर्व शक्तिमान, निराकार ज्योति बिंदु, परमपिता परमात्मा शिव के ज्ञान को सभी मनुष्य आत्माओं को समझाया उन्होंने बुद्धि से परमात्मा को प्रत्यक्ष करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, सबको अपना बनाकर मां की ममता देकर पवित्रता और निस्वार्थ प्यार की शक्ति से सबको आकर्षित कर बनी। प्यारे पिता परमात्मा शिव ने भी उनको छोटी उम्र से नहीं जगदंबा सरस्वती का अमर वरदान और टाइटल देकर जगत माता जगत जननी बना दिया। प्यारे पिता परमात्मा शिव को विश्व के आगे प्रत्यक्ष करने हेतु मम्मा ने स्वयं को सदा गुप्त रखा, शायद इसीलिए विश्व में भी सरस्वती की महिमा तो होती है किंतु वे गुप्त है, यह चरित्र की सबसे बड़ी विशेषता है। बाजार में भी ढेरों शास्त्र और साहित्य सभी देवी देवताओं के मिलते हैं किंतु सरस्वती के ढूंढने पर भी नहीं मिलते। मम्मा ने विश्व के आगे परमपिता परमात्मा को प्रत्यक्ष करने हेतु स्वयं के अस्तित्व को भी मिटा दिया इसलिए नारी शक्ति विश्व में अमर हो गई। पूरे विश्व में माताएं अपने बच्चों को श्रेष्ठ परवरिश कर, तामील दे पिता का नाम रोशन करवाती है, जब भी कोई व्यक्ति अपने जीवन में सफल होता है, कोई महान कार्य करता है या समाज को रोशनी देता है तो उसके पिता का ही नाम रोशन होता है, जबकि उसकी सफलता के पीछे पूरा हाथ मां का होता है। मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती ब्रम्हाकुमारी बहनों के लिए आदर्श नींव का स्तंभ बनी। मम्मा ने जगत जननी की पदवी प्राप्त कर अनेक मनुष्य आत्माओं को ईश्वरीय जन्म, मरजीवा जन्म देकर श्रेष्ठ ईश्वरी रूहानी प्यार भरी पालना दी। पिताश्री ब्रह्मा बाबा अपनी सारी संपत्ति ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नाम माताओं बहनों को समर्पित कर नंबर वन में गए और मम्मा बगैर धन के ही नंबर वन गई। मम्मा एक साधारण परिवार से आई थी, स्थूल धन ना होते हुए भी ज्ञान धन की बदौलत वे शिखर पर जा पहुंची। ज्ञान धन का अखुट भंडार उनके पास थे इसलिए वे ज्ञान की देवी के रूप में संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध एवं अमर हो गई। मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की अध्यक्षा अथवा प्रथप्रधान बनने का श्रेय प्राप्त है। इसी पद के निर्वहन करते हुए आपने 24 जून 1965 को पुराना शरीर छोड़ संपूर्ण स्थिति को प्राप्त किया। जिसको ब्रम्हाकुमारी परिवार श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

# विकास खंड शिक्षा अधिकारी देवागंन ने प्राथमिक, व माध्यमिक शाला सासाहोली का अकास्मिक निरीक्षण किया गया

**तिल्दा नेवरा।** विकास खंड शिक्षा अधिकारी बी एल देवांगन सर एवं सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी नीलम शर्मा(मैडम) द्वारा बुध्रवार 22/जून/22 को संकुल केंद स्वामीआत्मानंद वार्ड क्रमांक दो सासाहोली के प्राथमिक शाला,पूर्व मध्यमिक शाला तिल्दा नेवरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें छात्रों से पठन कौशल पर चर्चा कर उनसे प्रश्न पूछे गये व ब्लेक बोर्ड पर शब्द लिखकर उसे छात्रों को पढ़ने के लिए कहा गया छात्रों के द्वारा शब्दों को पढ़कर सुनाया गया शिक्षकों को प्रतिदिन पाठ्यपुस्तक से अनुच्छेद पढ़कर उसे लिखकर सुनाकर एवं छात्रों के द्वारा भी उसे उसी तरह से लिखकर पढ़कर दिखाने कहा गया जिससे वे पढ़ने लिखने का कौशल प्राप्त कर सके। कक्षाओं में प्रिंटरिच वातावरण बनाने का प्रदर्शन करने को निर्देशित किया गया शाला परिसर को निरन्तर सुथरा बनाने के लिये कहा और शिक्षको को प्रतिदिन कक्षाओं में इमला लेखन करने कहा गया मध्यान्ह भोजन संचालन कर्ता समुह को गौठन लिंक होने से गौठान से सामाग्री क्रय करने साथ ही रसोई कक्ष की सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया सभी शिक्षक को अपना रोडमैप तैयार करने और समय सारिणी के अनुसार अध्यापन करने को निर्देश दिए कक्षाओं की आवश्यकता अनुसार रिपेयरिंग करने और ध्यान देने निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान सूर्य नारायण पांडे सर एवं संकुल समन्वयक शिव प्रसाद बर्मन साथ में उपस्थित रहे।



# 26 को जगतगुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती का प्राकट्य महोत्सव राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



अनंत विभूषित गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज का राष्ट्रोत्कर्ष अभियान यात्रा 24 से 28 जून भाटापारा प्रवास यात्रा के दौरान 26 जून को प्राकट्य महोत्सव राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अंतर्गत 24 जून को रायपुर सुदर्शन संथानम शंकराचार्य आश्रम से संध्या 6 बजे नगर आगमन हो रहा है भव्य स्वागत दर्शन पश्चात माहेश्वरी भवन में निवास निर्धारित है 25 जून को प्रातः 8 बजे से सर्व सिद्धि प्रदायक ललिता सहस्त्रनाम त्रिपुर सुंदरी आराधना द्वारा सहस्त्रार्चन का दिव्य कार्यक्रम आयोजित है उपरोक्त कार्यक्रम में 1000 वस्त्र फल, मेवा, मिठाई, 1008 कमल, पुष्प आदि विभिन्न सामग्री द्वारा श्री यंत्र की विशेष पूजन आराधना के पश्चात 11 बजे से 1 बजे तक दर्शन, दीक्षा, संगोष्ठी पादुका पूजन, का कार्य म आयोजित है सायं 5.30 बजे से 7 बजे तक धर्म, अध्यात्म, राष्ट्र से संबद्ध जिज्ञासाओं का समाधान 26 जून को प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक जनकल्याणार्थ सामूहिक रुद्राभिषेक, शिव आराधना तथा हिंदू राष्ट्र निर्माण हेतु हनुमान चालीसा पाठ गुरुकुल स्कूल मैदान में संपन्न होगा 11 से 1 बजे तक प्राकट्य महोत्सव में विशाल धर्मसभा स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में प्रदेश एवं देश के विभिन्न प्रांतों से भक्त वृंद तथा धर्म संघ, पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी राष्ट्रोत्कर्ष अभियान हिंदू राष्ट्रसंघ सनातन समिति के पदाधिकारी सदस्यवृंद पहुंचकर आशीर्वाद ग्रहण करेंगे बाहर से पधारे सभी भक्तों के लिए अग्रसेन भवन भाटापारा में व्यवस्था रहेगी कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु श्री शंकराचार्य प्राकट्य महोत्सव समिति के साथ समग्र हिंदू समाज के प्रतिनिधि सदस्यवृंद तथा सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधि संत, महात्मा, विद्वान पधार कर दर्शन एवं आशीर्वाद ग्रहण करेंगे सभी भक्त ों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आस्था चैनल में होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पीठ परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य झम्मन शास्त्री ने बताया कि सचिव स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती जी महाराज के पावन प्रेरणा से गुरुदेव भगवान का प्राकट्य महोत्सव देश के विभिन्न प्रांतों तथा छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रत्येक जिला में रुद्राभिषेक, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, वृक्षारोपण, ध्वजारोहण, दीप प्रज्ज्वलन, सहस्त्रार्चन, सत्संग संगोष्ठी, सेवा प्रकल्प का कार्यक्रम सनातन संस्कृति संरक्षणार्थ तथा गुरुदेव भगवान के दीरघायु की कामना के लिए पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी के तत्वावधान में सर्व समाज की ओर से उल्लास पूर्वक निर्धारित किया गया है, उसे गोवर्धन मठ पुरी ओडिसा में तथा भगवान शंकराचार्य द्वारा स्थापित पंजाब में होशियारपुर श्री विम्लाम्बा शक्ति संस्थान तथा दक्षिणामूर्ति मठ, वाराणसी में तथा श्री हरिहर आश्रम वृंदावन एवं प्रयागराज में स्थापित दिव्य शिव गंगा आश्रम में, श्री सुदर्शन संस्थान रायपुर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, रुद्राभिषेक में भाग लेने हेतु पंजीयन का कार्यक्रम प्रारंभ है आयोजन समिति तथा संस्था की ओर से विशेष अपील की गई है सभी सनातन धर्म प्रेमी भक्त ो व समस्त कार्यक्रम में सपरिवार पहुंचकर हिंदुओं के सार्वभौम धर्मगुरु जगतगुरु शंकराचार्य भगवान के पावन सानिध्य दर्शन एवं सत्संग से लाभ उठाकर जीवन को सार्थक बनाएं।

# राजी पड़हा संगठन का चुनाव 26 जून को होगा, तैयारी शुरू

**जशपुरनगर।** आगामीक 26 जून रविवार को राजी पड़हा मुख्यालय टिकैतगंज रोड जशपुर में आगामी 5 वर्षो के लिए राजी पड़हा संविधान 20 च के तहत राजी पड़हा एवं राजी पड़हा लीगल परामर्श दात्री समिति तथा रानी सिनगी दई महिला संगठन के विश्व स्तरीय पड़हा पदाधिकारियों का मनोनयन होना तय किया गया है। इस संबंध में विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए राजी देवान रामचंद्र प्रधान ने बताया है कि आदिवासियों का पारंपरिक सामाजिक धार्मिक एवं न्यायिक व्यवस्था रूढ़ि प्रथा स्वशासन व्यवस्था, राजी पंड़हा एवं राजी पड़हा लीगल परामर्श दात्री समिति तथा रानी सिनगी दई महिला संगठन के विश्व स्तरीय पड़हा पदाधिकारियों का जिसमें राजी बेल, राजी देवान, राजी उप देवान, राजी रकमउरबस, राजी कोटवार, राजी महतो, राजी पंच का मनोनयन किया जाना है तथा राजी पड़हा लीगल परामर्श दात्री समिति का अध्यक्ष एवं सदस्य मनोनीत किया जाना है। राजी पड़हा रानी सिनगी महिला संगठन के विश्व स्तरीय पदाधिकारी जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सह सह सचिव, कोषाध्यक्ष, सहायक कोषाध्यक्ष और कार्य में कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत के आ जाना है।

# नव प्रवेश बच्चों को तिलक लगाकर गीत गाकर कराया गया शाला प्रवेश

पायनियर संवाददाता ➤ मनोरा
www.dailypioneer.com

जिले के मनोरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत खरसोता में बुधवार को माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला खरसोता के नव प्रवेशी बच्चों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नए शिक्षा सत्र का आगाज होते ही विद्यार्थियों का प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तिलक लगाकर लड्डू खिलाकर पुस्तक पेन ड्रेस देकर बच्चों के लिए गीत गाकर उनका स्वागत किया।

**नव प्रवेश उत्सव में ये रहे शामिल:-** माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के लिए स्वागत गीत गया साथ ही संकुल प्राचार्या जगमईत भगत द्वारा बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। वही संकुल समन्वयक रामदयाल राम प्रधान ने स्कूली बच्चों के लिए शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।इस अवसर पर अजित मिश्रा एवं अन्य विद्वान शिक्षकों द्वारा शाला प्रवेशोत्सव पर अपने विचार प्रस्तुत किए अभिभावक एवं माताओं द्वारा गीत गाकर बच्चों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान पंच, अभिभावकों गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में नौनिहाल नवप्रवेशी बच्चों के लिए सभी कोई उपस्थित रहे।

# पम्प मालिकों को शासकीय वाहनों के लिए पेट्रोल-डीजल आरक्षित रखने के दिए निर्देश : कलेक्टर

**भाटापारा।** कलेक्टर डोमन सिंह ने छग मोटर स्पिरिट तथा हाई स्पीड डीजल ऑयल (अनुज्ञापन) आदेश 1980 की कंडिका 10 में प्रदत्त शक्ति यों का प्रयोग करते हुए जिले के समस्त पेट्रोल डीजल पंप मालिकों को आदेशित किया है कि वे अग्रिम आदेश पर्यन्त पेट्रोल 1000 लीटर तथा डीजल 2000 लीटर डेड स्टाक छोड़कर आरक्षित (रिजर्व ) रखेगें। आरक्षित स्टॉक का विवरण सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार द्वारा कानुन व्यवस्था, प्रोटोकाल में संलग्न शासकीय वाहन नगरपालिका, अग्निशमन वाहन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, स्वास्थ्य विभाग की वाहनों एवं अन्य शासकीय वाहनों को ही प्रदाय किया जायेगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक /202206210200057 अ/2 वर्ष 2021-22**
**ग्राम मगरचबा प.ह.न. 06 तहसील बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

सर्वसाधारण जनता ग्राम मगरचबा प.ह.नं. 06 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल इंडस्ट्रीज भागीदार-आदित्य भट्टर पिता नरेश भट्टर निवासी पुराना बस स्टैण्ड लटुवा रोड बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम मगरचबा पहन. 06 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं 15000 रकबा 3.230 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन (कालोनी निर्माण) के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन (कालोनी निर्माण) हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक 30/06/2022 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 10/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बलौदाबाजार**

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत-**कुसुमघटा** के समस्त आश्रित ग्राम **कुसुमघटा** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम-** कुसुमघटा, **आवेदक का नाम-** सफी खान, **हितग्राही का नाम-** 1. सफर खान, 2. अय्युब खान, 3. युसुफ खान, **आनलाईन आवेदन क्रमांक-**0705012114014139, 0704012114014140, 0704012114014141, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है-** मोमिन,

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 02/07/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 22/06/2022
पेशी दिनांक - 02/07/2022

मुहर

**नायब/तहसीलदार**
**बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बेमेतरा (छ.ग.)**
Phone No.:- 07824-222118 email : eebem-phe-cg@nic.in

निआसू.क्र 51/तशा/का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2022 बेमेतरा, दिनांक 22/06/2022

**// मैन्युअल पद्धति अल्प निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'सी' में निम्नांकित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु.लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड बेमेतरा एवं नवागढ़ के अंतर्गत स्थापित हैण्डपंप एवं पॉवर पंपों के नमूनों की जांच हेतु 383 नग फिल्ड टेस्ट कीट क्रय करने का कार्य। | 10.69 |
| 2 | विकासखण्ड साजा के अंतर्गत स्थापित हैण्डपंप एवं पॉवर पंपों के नमूनों की जांच हेतु 185 नग फिल्ड टेस्ट कीट क्रय करने का कार्य। | 5.16 |
| 3 | विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत स्थापित हैण्डपंप एवं पॉवर पंपों के नमूनों की जांच हेतु 132 नग फिल्ड टेस्ट कीट क्रय करने का कार्य। | 3.68 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29.06.2022 संध्या 5.00 बजे तक है तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 05.07.2022 को संध्या 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट द्वारा स्वीकार किये जा सकेंगे। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज, निविदा का विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://phed.cg.nic.in/eproject/nit में दिनांक 29.06.2022 को संध्या 5.30 बजे तक देखी जा सकती है।

G- 92397/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**बेमेतरा (छ.ग.)**

# डोंगरगांव नगर में 4 घंटे तक मेनरोड में मेगा चक्काजाम

## ट्रांसपोर्टर्स के कथित सहयोग से नागरिकों ने जाम की सड़क, एडीबी के खिलाफ सड़क पर उतर आया किसानवर्ग





पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर से होकर दल्लीराजहरा-बालोद मार्ग में खुज्जी पुल समीप वार्ड 13 व 14 के नागरिकों ने किसानों को साथ लेकर चक्काजाम कर दिया। किसानों का चक्काजाम मेगा शो साबित हुआ। सुबह 10 बजे से प्रारंभ नागरिकों व किसानों का चक्काजाम वरिष्ठ प्रशासनिक अफसरों की गैरमौजूदगी एवं ट्रांसपोर्टर्स के सहयोग से लगभग 4 घण्टे तक मेगा शो में तब्दील हो गया था। अंततः एडीबी व पीडब्ल्यूडी के अफसरों द्वारा 15 दिवस में व्यवस्थित करने के लिखित आश्वासन उपरांत चक्काजाम स्थगित हुआ।

उल्लेखनीय है डोंगरगांव नगर से पिनकापार तक लगभग 23 किमी में एडीबी से अनुदान प्राप्त सड़क निर्माण जारी है। उक्त निर्माण का अंतिम पड़ाव डोंगरगांव नगर क्षेत्र है, जहां नगर के तिराहे यानी पुलिस थाना, विद्युत कार्यालय व नया बस स्टैंड चौक से लेकर खुज्जी पुल तक इन दिनों बेतरतीब व नागरिक तथा किसान विरोधी कार्यशैली में निर्माण को अंजाम दिया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि ऐसा वाकया अनुभाग तथा विधानसभा मुख्यालय नगर में घटित हो रहा है।

नगरीय क्षेत्र में सड़क की चौड़ाई कम कर देने, वार्ड 14 स्थित शीतला मंदिर को व्यवस्थित किये बगैर निर्माण जारी रखने, किसानों के एप्रोच रोड में नाली निर्माण से मार्ग बाधित होने एवं बारिश के दिनों में किसानों के लगभग 100 एकड़ की कृषि भूमि क्षेत्र डुबान में आने जाने की स्थिति के विरोध के अलावा लगभग 27 बिंदुओं पर एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार, पुलिस थाना में आईपीएस मयंक गुर्जर, नगर पंचायत में अध्यक्ष हीरा निषाद व उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा सहित विद्युत कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर अल्टीमेटम दिया गया था। वहीं मांगे पूर्ण नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। अंततः15 दिवस के बाद भी कोई सुधार नही होने पर नागरिकों ने किसानों को साथ लेकर गुरुवार को खुज्जी पुल समीप चक्काजाम कर दिया।

चक्काजाम में मनबोधी पटेल, पुरुषोत्तम साहू, रामकुमार गुप्ता, कमलेश साहू, कृष्णकुमार साहू, मिलन मंडावी, राजेन्द्र साहू, पुसउ पटेल, नूतन साहू, तोरण साहू, घनश्याम साहू, कमलेश पटेल, मोहन यादव, गोविंद साहू, तुका यादव, हीरा साहू, भगोली साहू, टामन साहू, मंगलू साहू, आकाश साहू, दयाराम साहू, शंकर हल्बा, नोहर साहू, अनिल साहू, पुष्कर नायक, यशवंत साहू, हरि साहू सहित दर्जनभर महिलाएं तथा युवावर्ग भारी तादात में सम्मिलित थे। इस दरम्यान राजस्व अमले व पुलिस बल मौजूद थे।

### लिखित आश्वासन से आंदोलन स्थगित

गौरतलब है कि ट्रांसपोर्टर्स के कथित सहयोग से आयोजित चक्काजाम में स्थानीय वरिष्ठ अफसर भी निजी कारणों से चक्काजाम हटाने नही पहुंच सके थे। तहसीलदार कोमल ध्रुव व पुलिस विभाग के नुमाइंदे पहुंचने के बाद भी किसान अपनी मांगों पर डटे रहे। अंततः दुर्ग मुख्यालय से विभागीय एसडीओ व इंजीनियर के पहुँचने व 15 दिवस के भीतर व्यवस्थित करने लिखित आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित हुआ। इस दरम्यान मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु 5 लाख का चेक भी नागरिकों को प्रदान किया।

# मोदी सरकार से हम डरने वाले नहीं : विधायक बघेल

■ दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान दी गिरफ्तारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नई दिल्ली पहुंचे विधायक भुनेश्वर बघेल ने राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई के विरोध में शांति पूर्वक मार्च में हिस्सा लिया। इस प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया और 40 किमीदूर लेजाकर सिंधु बॉडर के पास बवाना पुलिस थाने में छोड़ दिया गया। इनमें विधायक बघेल के साथ ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, सुरेश सिन्हा, रतन यादव,जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू भी शामिल थे। गिरफ्तार हुए विधायक बघेल ने कहा कि हम गांधी के अनुयायी है, हम हारेंगे नही।अग्निपथ योजना मोदी सरकार को वापस लेना होगा। ईडी द्वारा केंद्र सरकार राहुल गांधी को जबरदस्ती परेशान करना चाहती है लेकिन हम उनके साथ है। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कहा कि तानाशाह मोदी सरकार देश मे आपातकाल लाना चाहती है। पहली बार ऐसा हुआ जब कांग्रेस कार्यकताओं को अपनी ही पार्टी कार्यालय में जाने से रोका जा रहा है व वही गिरफ्तार किया जा रहा है।

# चंदा करके कराना पड़ रहा गायों का इलाज, ये कैसी गौधन योजना

■ निजी खर्चे से दुर्ग से डॉक्टर बुलवाकर कराया लावारिस गाय का आपरेशन,ग्रामीण भी बने आर्थिक सहयोगी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com



गौधन योजना के शोर-शराबे के बीच मानपुर में गौधन की लाचारी और विभागीय नज़रअंदाजी की खबर सामने आ रही है। संसदीय सचिव के इलाके में गायों के इलाज के लिए ग्रामीणों को आपस मे चंदा इकट्ठा कर दुर्ग से डॉक्टर बुलाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय वेटनरी विभाग के जिम्मेदार अफसर-डॉक्टर कहां है, क्यों उनकी सेवा इलाके को नही मिल पा रही है इसका किसी के पास कोई जवाब नहीं है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अमला गौधन को बचाने व यहाँ पदस्थ वेटनरी डॉक्टर की सेवा इलाके को देने में दिलचस्पी नही दिखा रहा है। मानपुर में राम अनुराग समिति के नाम से गौसेवा की मिसाल कायम करने वाले नौजवानों के ग्रुप ने फिर स्वयं के खर्चे से दुर्ग से डॉक्टर बुलवाकर न केवल गाय के पैरों की टूटी हड्डिओं का ऑपरेशन कराया बल्कि बीते एक सप्ताह से जख्मी लावारिसगाय की सेवा भी कर रहे हैं। दरअसल,गाय के दो पैरों की हड्डी बुरी तरह टूटी हुई थी। उसका ऑपरेशन कर हड्डी जोड़ने की जरूरत थी। दूसरी ओर यहाँ के वेटनरी अस्पताल की लचर व्यवस्था व डॉक्टर की कमी के चलते गाय को सरकारी इलाज नसीब नहीं हो सका। नौजवानों को दुर्ग से निजी खर्चे से निजी तौर पर डॉक्टर बुलवाकर उक्त गाय का इलाज कराना पड़ा।

### पहले भी इसी तरह से बचा चुके हैं एक गाय की जान

23 जून को दुर्ग से निजी तौर पर पहुंचे डॉक्टर ने गाय के पैरों का औपरेशन कर उसकी हड्डियों को सही बैठाकर प्लास्टर चढ़ा दिया है। फिलहाल गाय सुरक्षित व राम अनुराग ग्रुप के नौजवानों की देखरेख में हैं। जरूरत के मुताबिक उसे नियमित ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। बता दें कि पूर्व में भी स्थानीय सरकारी वेटनरी डॉक्टर के न होने के चलते इसी तरह से एक और गाय की जान ये नौजवान बचा चुके हैं। तब एक लावारिस गाय के पेट में मृत बच्चा फंस गया था। उस समय भी स्वयं आपस मे पैसा इकट्ठा कर राम अनुराग के नौजवानों ने दुर्ग से डॉक्टर बुलवाया और ऑपरेशन करा कर मृत बच्चे को बाहर निकलवाया था। वो गाय भी अब पूर्णतः स्वस्थ व सामान्य घूम फिर रही है।

# भवन के लिए जमीन मांगने पहुंचा आदिवासी समाज



■ जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

तोरनकट्टा के आदिवासी समुदाय ने सामाजिक भवन की मांग रखते गुरुवार को प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। तोरनकट्टा में करीब 150 आदिवासी निवासरत हैं। समाज के लोगों का कहना है कि समुदाय के पास सामाजिक कार्यक्रमों के लिए भवन की कमी है। जबकि अन्य वर्गों के लिए सामुदायिक भवन प्रशासन द्वारा निर्माण कराया गया है। ऐसे में आदिवासी समाज को अपने सामाजिक समारोह के आयोजनों के लिए भवन की कमी से जूझना पड़ रहा है। समाज के अध्यक्ष एमडी ठाकुर के नेतृत्व में प्रशासन के नाम ज्ञापन में उल्लेख करते कहा गया है कि आदिवासी समाज का एक भी सामुदायिक भवन नहीं होने के कारण सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन कराना संभव नहीं है। तोरनकट्टा में गोंड समाज द्वारा शासकीय जमीन पर बूढ़ादेव की स्थापना की गई है। उसी देवस्थल से लगी जमीन को भवन हेतु आबंटित करने की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से रमेश मंडावी, गौतम मंडावी, फत्तेलाल गोंड, गंगाप्रसाद, तिजियाबाई, नीराबाई समेत अन्य लोग शामिल थे।

# दो शिक्षकों के भरोसे हाई स्कूल ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छुरिया इलाके के ग्राम मोरकुटुंब के ग्रामीणों ने हाईस्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां महज दो ही शिक्षक अध्यापन कार्य कर रहे हैं। इससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। बताया गया कि यहां बीते चार वर्षों से भवन की वैकल्पिक व्यवस्था के साथ स्कूल का संचालन किया जा रहा है।

गुरुवार को भाजपा जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव के साथ जिला कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों में सरपंच रेखाबाई, उपसरपंच सुंदरलाल, परसराम मंडावी, जयसिंग, राजीव, संतोषी वैष्णवसहित अन्य ने माध्यमिक शाला में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि दो ही शिक्षकों के भरोसे स्कूल के संचालन में काफी दिक्कतें आ रही है। बच्चों की पढ़ाई सही तरीके से नहीं हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल के लिए भवन की भी मांग की है।

# तीन दिन के भीतर हो आरोपी पीएस दीवान की गिरफ्तारी : मोनू बहादुर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



यश चौथवानी की मौत के मामले में आरोपी लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी पीएस दीवान की जल्द गिरफ्तारी की मांग जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा ने की है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने जारी बयान में कहा कि, अगर पुलिस प्रशासन तीन दिनों के भीतर आरोपी अधिकारी को गिरफ्तार नहीं करती है तो भाजयुमो उग्र आंदोलन के साथ कोतवाली थाना का घेराव करेगा।

जिला अध्यक्ष बहादुर ने कहा कि, गैर इरादतन हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस जिस तरह का आलस दिखा रही वो समझ से परे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर सवाल दागते हुए कहा किसामान्य व्यक्तियों को इस तरह की रियायत पुलिस देती है। यह सीधे तौर पर संरक्षण दिए जाने का प्रकरण है।

उन्होंने कहा कि, 23 मई 2022 को नेशनल हाईवे पर हुए हादसे में शहर के होनहार नौजवान यश चौथवानी की लापरवाह अधिकारी ने जान ले ली। मानवता का परिचय देकर यश को अस्पताल ले जाने की बताए खुद अधिकारी पीएस दीवान खुद वहां से भाग खड़े हुए। उन्होंने इंसानियत को शर्मसार कर दिया और अब पुलिस उन्हें बचाने की कोशिश कर रही है।

मोनू बहादुर ने कहा कि, घटना को एक माह बीत चुके हैं। इस बीच आरोपी अधिकारी आराम फरमा रहे हैं। पहले तो पुलिस ने उनके खिलाफ मामूली धाराओं के तहत ही अपराध दर्ज कर असलियत छिपाने की कोशिश की थी। जनआंदोलन ने सच्चाई सामने लाई। एसडीओ दीवान के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हुए भी कई दिन बीत चुके हैं। मगर, पुलिस उनकी गिरफ्तारी से बच रही है जो किउचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि, आरोपी अधिकारी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। अगर, ऐसा नहीं होता है तो पुलिस प्रशासन एक और आंदोलन का सामना करने की तैयारी कर ले जिसके लिए वे स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## डीएपी की कमी से प्रभावित हो रही खरीफ की खेती-किसानी

# आज बारिश की उम्मीद, इधर खाद संकट ने तैयारियों को दिया झटका

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मानसून के सक्रिय होने के बाद अब धूप-छांव का सिलसिला शुरु हो गया। बुधवार को जहां धूप खिली रही तो वहीं गुरुवार को बादल मंडराते रहे। मौसम में आई थोड़ी ठंडक से उमस कम हुई है। मौसम विभाग यहां बारिश की आशंका जता रहा है। शुक्रवार की सुबह तेज बारिश हो सकती है। बादलों की लुका-छिपी से परे एक बार फिर किसान खाद संकट का सामना कर रहे हैं। खरीफ फसल के लिए जरुरी खाद की कमी ने खेती की तैयारियों को तगड़ा झटका दिया है।

दूसरी ओर एक जून से लेकर अब तक जिले में औसत बारिश के आंकड़े देखें तो जहां कुछ विकासखंड में बेहतर बारिश हुई है तो कुछ जगहों पर कम बारिश दर्ज की गई है। गंडई, डोंगरगढ़, छुरिया में अब तक बारिश के बेहतर आंकड़े दर्ज हुए हैं। यहां औसत से कई ज्यादा बारिश हुई है। दूसरी ओर खैरागढ़ और छुईखदान में अब तक सबसे कम बारिश हुई है। वहीं राजनांदगांव, डोंगरगांव, अंबागढ़ चौकी, मोहला और मानपुर में औसत से कुछ कम बरसात हुई है। बहरहाल, गुरुवार का दिन पूरी तरह सूखा रहा।

### दावे के उलट है स्थिति

आषाढ़ की शुरुआत के साथ ही किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। लेकिन खाद का संकट अब भी उन्हें परेशान कर रहा है। किसान डीएपी की मांग कर रहे हैं जो कि उन्हें सहकारी समितियों से नहीं मिल पा रहा है। इधर, प्रशासन किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता बता रहा है लेकिन हालात इससे अलग हैं। जिले में मौजूदा खरीफ फसल के लिए 65 हजार मीट्रिक टन डीएपी खाद का भंडारण का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन मार्कफे ड ने तय लक्ष्य से पचास फीसदी का ही भंडारण किया है। इससे समझा जा सकता है कि किसानों के लिए मुश्किलें कितनी पेचीदा है।

### खाद की कमी किसानों के लिए झटका

खरीफ की फसल के लिए हाल ही रेल्वे के जरिए खाद की रेक पहुंची थी। जानकारी के अनुसार निर्धारित लक्ष्य से 36 हजार मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। यानी सीधे 50 प्रतिशत कम खाद होने से किसानों की परेशानी बढ़ना लाजिमी है। इस बीच जिले में कई सोसायटियों में खाद की समस्या से किसानों को शुरूआत में ही झटका लगा है। समितियों के पास मार्कफे ड ने भी कटौती कर खाद के पैकेट दिए है। किसानों को प्रति पांच एकड के लिए सिर्फ खाद के दो बैग ही थमाए जा रहे है। प्रारंभिक खेती के लिए डीएपी खाद बेहद जरूरी होता है। उधर सोसाटियों में खाद संकट के बीच पोर्टल नही खुलना भी दोहरी परेशानी का कारण बन गया है। पोर्टल के बंद होने से किसानों को सोसायटी से खाद नही मिल पा रहा है।

# पट्टे में तालाब नहीं मिलने से सहकारी समितियों की स्थिति दयनीय

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में मछली पालन कर अपनी जीविकोपार्जन करने वाले समितियों की स्थिति अब दयनीय हो गई है क्योंकि अधिकतर ग्राम पंचायते 10 वर्षीय लीज में तालाबो को देने में परहेज कर रहे है वही दूसरी ओर शासन से मान्यता प्राप्त समितियां अब इस परेशानी को झेल रहे है आपको बता दें कि शासन से कोई सहयोग राशि नही मिलने से मछली पालन करने वाले समितियों के ऊपर संकट आ गया है.पट्टे में न देकर कई जगह ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव कर रहे है मनमानी-शासन के नियमानुसार सहकारिता विभाग से पंजीकृत मछली पालन करने वाले सोसायटी को सात किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी ग्राम पंचायत के तालाब10 वर्षीय पट्टे में दिए जाने का प्रावधान है लेकिन अधिकतर ग्राम पंचायतों के मनमानी के चलते उक्त ग्राम पंचायत शासन के नियमो को ठेंगा दिखाते हुए कोई भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं जिसके चलते मछली पालन करने वाले समितियो के सदस्यो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.हवा में तैर रही सरकारी योजना- मछली पालन करने वाले समितियों को लाभ दिलाने के लिए जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर विभाग स्थापित है लेकिन समितियों को उनके कार्यक्षेत्र के ग्राम पंचायतों के तालाब पट्टे पर नही मिलने से सरकारी योजना सिर्फ हवा में ही तैर रही है। निशुल्क नही मिल रहा है विद्युत कनेक्शन-शासन के नियमानुसार मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल ने मछली पालन करने वाले समितियों को किसान का दर्जा दिया है एवं जिस तरह किसानों को सरकार निशुल्क बिजली मुहैया कराती है उसी प्रकार मछली पालन करने वाले समितियों को भी निशुल्क बिजली उपलब्ध कराना है लेकिन विद्युत विभाग के द्वारा इस योजना का प्रचार-प्रसार नही करने से भी मत्स्य पालन करने वाले समितियों को लाभ नही मिल रहा है.मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे अपनी बात- जिला मछुवा संघ के अध्यक्ष गजाधर सिन्हा ने कहा है कि कई स्थानों में ग्राम पंचायतों की मनमानी सामने आई है जिसके निराकरण के लिए कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा।

मत्स्य निरीक्षक एन.एस. देशमुख ने कहा कि अभी तक कई ग्राम पंचायतों ने नियमानुसार पट्टे पर तालाबो को नही दिया है तथा मछली पालन करने वाले सोसायटी के मांग पर सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव को लेटर जारी किया जाएगा।

# अफगानिस्तान में भूकंप से हुई भारी तबाही, पाक के 30 कबायली लोगों की मौत




**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में पाकिस्तान के कम से कम 30 कबायली लोगों की भी मौत हुई है, जो 2014 में एक सैन्य अभियान के दौरान विस्थापित हुए थे और सीमा पार कर पड़ोसी मुल्क भाग गए थे। पाकिस्तानी मीडिया में बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, भूकंप में जान गंवाने पाकिस्तानी नागरिक उत्तरी वजीरिस्तान के मदाखेल कबीले से ताल्लुक रखते थे। गौरतलब है कि पूर्वी अफगानिस्तान के ग्रामीण पहाड़ी क्षेत्र में बुधवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें एक हजार से अधिक लोग मारे गए थे, जबकि 1,500 से ज्यादा लोग जख्मी हुए थे। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान के 30 कबायली लोगों के शवों को उनके मूल स्थान पर पहुंचाया जाएगा, जिसके लिए पाकिस्तानी अधिकारियों ने अलवर मंडी में पाक-अफगान सरहद को अस्थायी तौर पर खोल दिया है।

खबर में बताया गया है कि घायलों को ले जाने के लिए गुलाम खान सीमा पर भी व्यवस्था की गई है। मीरनशाह में मौजूद सैन्य सूत्रों के मुताबिक, घायलों को हवाई मार्ग से क्षेत्र में स्थापित किए जा रहे विशेष चिकित्सा शिविरों में पहुंचाया जाएगा। खबर में अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि शवों को लाने और घायलों की मदद करने के साथ ही भूकंप प्रभावित लोगों को राशन भी मुहैया कराया जा रहा है। खबर के अनुसार, भूकंप के कारण उत्तरी वजीरिस्तान के दताखेल में एक जांच चौकी भी ढह गई है, जिससे एक सैनिक की मौत हो गई और कम से कम दो अन्य जख्मी हो गए हैं। वहीं, लक्की मरवत जिले के पेजू इलाके में एक घर की छत गिरने से एक स्थानीय फुटबॉल खिलाड़ी की मौत हो गई है। खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत की सरकार के प्रवक्ता मोहम्मद अली सैफ के मुताबिक,घायलों के इलाज के लिए उत्तरी और दक्षिणी वजीरिस्तान के अस्पतालों में बिस्तर आरक्षित किए गए हैं।

खबर में यह भी बताया गया है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की खास हिदायत के तहत अधिकारियों ने अफगानिस्तान में भूकंप पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी है। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि आठ ट्रकों के जरिये टेंट, तिरपाल, कंबल और जरूरी दवाओं की एक खेप काबुल भेजी गई है। खबर में कहा गया है कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को हर संभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया है।

## खुद अपना बजट भी नहीं बना सकता पाकिस्तान, शहबाज शरीफ की मंत्री ने कबूला सच

**इस्लामाबाद।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की आर्थिक हालत बेहद खराब हो गई है और इसका असर उसकी संप्रभुता पर भी पड़ने लगा है। यहां तक कि अब वह अपना बजट तक अपनी मर्जी से तैयार नहीं कर सकता है। शहबाज शरीफ सरकार की मंत्री शेरी रहमान ने यह बात कही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान खान की सरकार ने ऐसे फैसले लिए थे कि पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गया। अब उसके उसके पास बजट तैयार करने में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की शर्तों को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में बजट को लेकर चर्चा के दौरान उन्होंने यह बात कही।



चर्चा के दौरान रहमान ने कहा, 'यह पूरी तरह से आईएमएफ का बजट है। इस बात में हमें कोई संदेह नहीं है।' उनके अलावा कई और सांसदों ने इमरान खान की पूर्ववर्ती सरकार पर हमला बोला और कहा कि उनके आर्थिक फैसलों ने ही देश को इस हालत में पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि इमरान खान की सरकार ने तो अर्थव्यवस्था को बच्चों का खेल बना दिया था। आज आईएमएफ से नाराज है कि आप वह फैसले नहीं लिए हैं, जिनके वादे किए गए थे। आज हम उनके बोझ को अपने सिर पर उठाने के लिए मजबूर हैं। पाक नेशनल असेंबली में शेरी रहमान बोलीं, 'यदि यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का बजट है किसने उसके आगे हमारे हाथों को बांध दिया था।' उन्होंने कहा कि इमरान खान की सरकार ने 4 साल के कार्यकाल में देश को डिफॉल्टर बना दिया। उन्होंने कहा कि एक तरफ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को वह तबाह कर गए और अब सत्ता से बाहर हैं तो अराजकता फैलाना चाहते हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सांसद शेरी रहमान ने कहा कि यदि इमरान खान सत्ता में और कुछ वक्त बने रहते तो यह देश श्रीलंका बनने की कगार पर पहुंच जाता। उन्होंने कहा कि इमरान खान के दौर में पाकिस्तान ट्रेन की गति से बर्बादी की तरफ बढ़ रहा था। नई सरकार ने उस पर ब्रेक लगाने का काम किया है, भले ही वह इससे ज्यादा कुछ नहीं कर पाई है। इसी को क्राइसिस मैनेजमेंट कहा जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार आम लोगों पर बोझ नहीं डालना चाहती है। लेकिन देश के लिए काम करने वाली सरकार को कुछ कड़े फैसले लेने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा पड़ोसी मुल्क श्रीलंका दिवालिया हो चुका है और जो हाल उसमें होता है, आप सोच भी नहीं सकते हैं। पीटीआई हमें उसी राह पर ले जाना चाहती थी। अब अराजकता फैलाने का काम चल रहा है।

## गर्भपात कराने वाली महिलाओं के लिए बड़ी खबर! स्ट्रोक का हो जाता है खतरा

नए शोध से पता चला है कि जिन महिलाओं का गर्भपात हो गया हो या जिन्हें मृत शिशु पैदा हुआ हो उन्हें स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है और यह जोखिम प्रत्येक गर्भपात या मृत शिशु जन्म के साथ बढ़ता है। स्ट्रोक वह स्थिति है, जब धमनी के अवरूद्ध या फटने के कारण मस्तिष्क तक रक्त नहीं पहुंच पाता है। इस कड़ी को स्थापित करने का प्रयास कठिन है क्योंकि इसके लिए लंबी अवधि में बड़ी संख्या में महिलाओं का अध्ययन करने और महिलाओं के अनुभवों पर विश्वसनीय डेटा रखने की आवश्यकता होती है।

ब्रिटिश मेडिकल जर्नल द्वारा आज प्रकाशित हमारा अध्ययन, गर्भावस्था के नुकसान और स्ट्रोक के बीच की कड़ी को निर्णायक रूप से दिखाने वाला पहला है। कई महिलाएं इस बात से अनजान होती हैं कि गर्भावस्था के दौरान उनके अनुभव बाद में होने वाले स्वास्थ्य खतरों का शुरुआती संकेत हो सकते हैं। हमारे निष्कर्ष बताते हैं कि उनके डॉक्टरों को उनके बढ़ते जोखिम के प्रति सतर्क रहना चाहिए। यह संभव है कि बांझपन, गर्भपात, और मृत शिशु जन्म अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा सकता है। इनमें अंतःस्रावी विकार (कम एस्ट्रोजन या इंसुलिन प्रतिरोध), सूजन, एंडोथेलियल कोशिकाओं के साथ समस्याएं जो रक्त प्रवाह में सहायता करती हैं, मनोवैज्ञानिक विकार, अस्वास्थ्यकर व्यवहार (जैसे धूम्रपान) या मोटापा शामिल हो सकते हैं। हार्टब्रेक तो स्ट्रोक का खतरा हमारा शोध 618,851 महिलाओं के एकत्रित डेटा पर आधारित है।




## चीन ने पाकिस्तान के लिए तैयार किया एक और युद्धपोत, PNS तैमूर किया गया कमीशन

**बीजिंग।** चीन ने पाकिस्तान की नौसेना के लिए सेकेंड टाइप 054 /क्फ्रिगेट PNS तैमूर को तैयार कर दिया है। चीनी सरकारी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक PNS तैमूर को 23 जून को शंघाई के हुडोंग-झोंगहुआ शिपयार्ड में कमीशन किया गया है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि पाकिस्तान ने चीन को 2017 के एक सौदे के तहत PNS तैमूर बनाने का आर्डर दिया था।

PNS तैमूर को चीन को अप्रैल 2022 में ही पाकिस्तान को सौंपना था लेकिन चीन में कोरोना वायरस के बढ़े संक्रमण के कारण इसमें दो महीने की देरी हुई है। बता दें कि नवंबर 2021 में पाकिस्तान की नौसेना आने पहली बार चीन द्वारा बनाए गए युद्धपोत PNS तुगरुल को अपने बेड़े में शामिल किया था।

PNS तैमूर के बारे में अभी विशेष जानकारी नहीं मिल सकी है लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक PNSतैमूर में एडवांस इलेक्ट्रॉनिक



रडार सिस्टम लगा हुआ है। इस युद्धपोत में भारी मारक और निगरानी क्षमता है। यह युद्धपोत एंटी-एयर, एंटी-सरफेस और एंटी-सबमरीन ऑपरेशंस को सफलतापूर्वक अंजाम दे सकता है। मामले को लेकर पाकिस्तान के एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह लंबे वक्त से चली आ रही चीन-पाकिस्तान दोस्ती में नए अध्याय के समान है। बता दें कि पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान और चीन के बीच सुरक्षा संबंध बेहद मजबूत हुए हैं। चीन एशिया में भारत को कंट्रोल करने के लिए पाकिस्तान का सहारा ले रहा है और उसे सैन्य तरीके से मजबूत करने में मदद कर रहा है।

## भारत ने बैन किया गेहूं का निर्यात तो रूस के पास पहुंचा बांग्लादेश, मिल सकता है फायदा



**ढाका.** भारत द्वारा गेहूं के निर्यात पर बैन लगाने के बाद पड़ोसी देश बांग्लादेश अब रूस की ओर कदम बढ़ा रहा है। सरकार और व्यापार अधिकारियों ने बुधवार को रॉयटर्स को बताया कि बांग्लादेश सरकार रूस से गेहूं की आपूर्ति करने की कोशिश कर रही है, क्योंकि भारत ने पिछले महीने अनाज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि रूस दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक देश है। ऐसे में अगर बांग्लादेश रूस के साथ सौदा कर लेता है तो वैश्विक कीमतों में वृद्धि के बावजूद वह कम कीमतों पर अपनी जरूरतों को पूरा कर सकता है।

बांग्लादेश के खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सौदे को अंतिम रूप देने के लिए बांग्लादेश गुरुवार को रूस के साथ एक वर्चुअल बैठक कर रहा है। नाम जाहिर न करने की शर्त पर अधिकारी ने कहा, ÷हम शुरुआत में रूस से कम से कम 200,000 टन गेहूं मांगेंगे।÷ बांग्लादेश लगभग 70 लाख टन गेहूं का आयात करता है और पिछले साल इसमें से दो तिहाई से अधिक भारत से आया था। भारत के निर्यात प्रतिबंध के बाद, बांग्लादेश ने अंतरराष्ट्रीय टेंडर के माध्यम से आपूर्ति सुरक्षित करने की कोशिश की, लेकिन उच्च कीमतों के कारण उन्हें रद्द कर दिया।

एक वैश्विक ट्रेडिंग फर्म के मुंबई स्थित एक डीलर ने कहा कि बांग्लादेश भारतीय गेहूं के लिए लागत और माल ढुलाई के आधार पर 400 प्रति टन से कम का भुगतान कर रहा था, लेकिन प्रतिबंध के बाद अन्य आपूर्तिकर्ताओं ने 460 से ऊपर की बोली लगानी शुरू कर दी, जिससे बांग्लादेश में स्थानीय कीमतें बढ़ गईं। बांग्लादेश का गेहूं का स्टॉक तीन साल में सबसे कम 166,000 टन पर पहुंच गया है। एक ग्लोबल ट्रेडिंग फर्म के साथ नई दिल्ली स्थित एक डीलर ने कहा, ÷कई देश हैं जो बांग्लादेश को गेहूं की आपूर्ति कर सकते हैं, लेकिन प्रमुख मुद्दा कीमत है। रूस वैश्विक कीमतों पर छूट की पेशकश कर सकता है। गेहूं का निर्यात अब तक लगभग 30 लाख टन, सरकार अन्य देशों के अनुरोध पर कर रही विचार भारत ने चालू वित्त वर्ष में अब तक लगभग 30 लाख टन गेहूं का निर्यात किया है। साथ ही अनाज की आपूर्ति के लिए कुछ देशों के अनुरोध पर विचार किया जा रहा है। सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी।

## फिर तलाक लेंगे मीडिया मुगल रुपर्ट मर्डोक, 85 की उम्र में की थी चौथी शादी

**वॉशिंगटन.** गूगल के सह-संस्थापक सेर्गे ब्रिन ने हाल ही में पत्नी से तलाक के लिए अर्जी दाखिल की थी। वह बीते 4 सालों में ऐसे तीसरे अरबपति थे, जिन्होंने तलाक लेने का फैसला लिया है। इस बीच अब मीडिया मुगल रुपर्ट मर्डोक ने भी मॉडल ऐक्टर पत्नी जेरी हॉल से अलग होने का फैसला लिया है। दोनों 6 साल की अपनी शादी को तोड़ने जा रहे हैं और जल्द ही तलाक की अर्जी दाखिल करेंगे। 91 साल के मीडिया मुगल रुपर्ट मर्डोक ने 65 साल की मॉडल से 2016 में शादी की थी। यह रुपर्ट मर्डोक की चौथी शादी थी। उनकी पहली शादी पैट्रिसिया बुकर से हुई थी, जो 1956 से 1967 तक चली थी।

इसके बाद उन्होंने दूसरी शादी अन्ना मारिया टोर्व से की थी, जो 1967 से 1999 तक चली थी। मीडिया मुगल ने तीसरी शादी 1999 में वेंडी देंग से की थी, जो 2013 तक चली थी। रुपर्ट मर्डोक ने 2016 में जेरी हॉल से शादी की थी, जो 'बैटमैन' और 'द ग्रेजुएट' जैसी हॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मर्डोक से पहले जेरी हॉल ने रॉक स्टार और सिंगर मिक जैगर से शादी की थी। जेरी हॉल और रुपर्ट मर्डोक की अलग-अलग शादियों से 10 संतानें हैं। फॉक्स न्यूज चैनल की पैरेंट कंपनी न्यूजकॉर्प के सीईओ और चेयरमैन रुपर्ट मर्डोक ने चौथी शादी को लेकर खुशी जाहिर की थी।



जेरी हॉल से शादी के बाद रुपर्ट मर्डोक ने खुशी का इजहार करते हुए ट्वीट किया था, 'अगले 10 दिनों तक और कोई ट्वीट नहीं करूंगा। दुनिया के सबसे लकी और खुश इंसान जैसा महसूस कर रहा हूं।' ऐसे में रुपर्ट मर्डोक की ओर से तलाक का फैसला लेना चौंकाने वाला है। रुपर्ट मर्डोक और जेरी हॉल की ओर से अभी शादी के टूटने का ऐलान नहीं किया गया है। हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स और पत्नी मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने भी तलाक का फैसला लिया था। इसके अलावा जेफ बेजोस और मैकेंजी के बीच भी तलाक हो चुका है।

## बाइडन सरकार की साइंस एडवाइजर बनी आरती प्रभाकर

**अमेरिका।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय मूल की डॉक्टर आरती प्रभार को अपना विज्ञान सलाहकार नियुक्त किया है। आरती को ऑफिस ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पॉलिसी के निदेशक के तौर पर नामित किया गया है। आरती OSTP को लीड करने वाले पहली महिला अप्रवासी बन गई हैं। आरती ने डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी (DARPA) से जुड़कर नए तकनीक और बिजनेस के क्षेत्र में काम करना शुरू किया। बाद में वह DARPA के माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी ऑफिस की फाउंडिंग डायरेक्टर बनीं।

**बिल क्लिंटन के साथ काम कर चुकी हैं आरती :** इसी दौरान प्रभाकर ने मिलिट्री सिस्टम्स में नए एडवांस सेमीकंडक्टर्स टेक्नोलॉजी से जुड़े कार्यक्रमों की शुरुआत की और निर्देशन किया। इसके बाद प्रभाकर को 1993 में राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ स्टैंडर्ड्स एंड टेक्नोलॉजी का प्रमुख नियुक्त किया गया।

यहां पर काम करने के बाद आरती ने सिलिकॉन वैली का रुख किया जहां उन्हें पहली बार चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर के तौर पर जाना गया। उन्होंने रेकेम में उपाध्यक्ष और इंटरवल रिसर्च की अध्यक्ष के तौर पर काम किया। ग्रीन टेक्नोलॉजी और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की क्षेत्र में अपने करियर को आगे बढ़ाते हुए आरती 2001 में वह अमेरिकी वेंचर्स पार्टनर्स से जुड़ीं। बाद के सालों में वह DARPA की प्रमुख बनीं।

**कैंसर मूनशॉट इनिशिएटिव पर काम करेंगी आरती :** सामजिक कल्याण के क्षेत्र में काम करने के मकसद से आरती ने 2019 में एक गैर लाभकारी संगठन की शुरुआत की। आरती OSTP में एरिक लैंडर की जगह लेंगी। एरिक ने फरवरी 2022 में वर्कप्लेस में खराब वातावरण के आधार पर इस्तीफा दे दिया था।


### कौन हैं आरती प्रभाकर?



नई दिल्ली में पैदा हुई आरती लुबॉक और टेक्सास में पली-बढ़ी हैं। 1979 में उन्होंने टेक यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री ली थी। इसके बाद उन्होंने 1980 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ साइंस और 1984 में एप्लाइड फिजिक्स में पीएचडी किया। इसी साल उन्होंने 1984 में ऑफिस ऑफ टेक्नोलॉजी असेसमेंट के साथ कांग्रेस की फैलोशिप प्राप्त की।

## एक लाख रुपये प्रति किलो में बिकी असम की पाभोजन गोल्ड टी

**नई दिल्ली।** भारत में अधिकांश परिवारों के दी की शुरुआत एक कप चाय के साथ होती है। यही वजह है कि यह हमारे जीवन का हिस्सा बन गया है। चौराहों की चर्चा से लेकर बड़ी-बड़ी मीटिंग में भी जो एक चीज हर जगह है वो है चाय। लेकिन क्या इस चाय का लिए कोई एक लाख रुपये भी खर्च करने को तैयार है? भले ही आपको यह आश्चर्यजनक लग रहा हो, लेकिन यह सच है कि चाय का मुरीद लोग लाख रुपये भी खर्च के लिए तैयार हैं। असम के गोलाघाट जिले की दुर्लभ किस्म की जैविक चाय पाभोजन गोल्ड टी को जोरहाट के एक नीलामी केंद्र में एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिकी, जो इस साल की सबसे अधिक कीमत है। जोरहाट चाय नीलामी केन्द्र (जेटीएसी) के एक अधिकारी ने कहा कि पाभोजन ऑर्गेनिक टी एस्टेट द्वारा बेची गई चाय को असम स्थित चाय ब्रांड एसा टी ने खरीदा था। पभोजन गोल्ड टी एक स्वादिष्ट होने के साथ एक चमकदार पीला पेय है और इसे चाय के बागानों से चाय की दूसरी खेप के चुनिंदा उपरी पत्तों को तोड़कर बनाया जाता है। ये पत्तियां बाद में सुनहरे रंग की हो जाती हैं और पेय में एक बेहतरीन रंग आ जाता है। एसा टी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बिजित सरमा ने कहा कि चाय की यह किस्म उन्हें अपने ग्राहकों को, असम के बेहतरीन चाय मिश्रणों में से एक को उपलब्ध कराने में मदद करेगी। यह चाय की किस्म दुर्लभ है और चाय के पारखी लोगों के लिए, यह इस एक कप का एक अलग अनुभव है। हमारे ग्राहक दुनिया भर में फैले हुए हैं और वे इस किस्म के स्वाद और मूल्य को समझेंगे। हमें खुशी है कि हम उन्हें असली असम चाय के स्वाद प्रदान करने के अपने मिशन को जारी रखने में सक्षम हैं।'' पाभोजन ऑर्गेनिक टी एस्टेट की मालिक राखी दत्ता सैकिया ने कहा कि हमने इस दुर्लभ किस्म की चाय का केवल एक किलो उत्पादन किया और इसके लिए मिले नई रिकॉर्ड-तोड़ कीमत से खुश हैं जिसने इतिहास रच दिया है। उसने जो कीमत हासिल की वह कुछ ऐसी है जो असम चाय उद्योग को अपनी खोई हुई प्रसिद्धि वापस पाने में मदद करेगी।



## शेयर बाजार की गिरावट की आंधी में 52 हफ्ते के हाई पर पहुंचे स्टॉक्स

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा। विदेशी निवेशक लगातार मार्केट से पैसा खींच रहे हैं। इससे बाजार का बुरा हाल है। इस गिरावट की आंधी में कुछ स्टॉक ऐसे भी रहे जो उछल कर 52 हफ्ते के हाई के करीब पहुंच गए। इनमें आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ब्लू डार्ट, टीवीएस मोटर्स, एथर इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख स्टॉक्स हैं। जबकि बुधवार को सेंसेक्स शेयरों में टाटा स्टील, विप्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, टाइटन और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट रही।



आईटीसी के शेयर बुधवार को एनएसई पर 265.30 रुपये पर बंद हुए। यह इंट्रा डे में स्टॉक 264.90 से 270.30 रुपये के बीच कारोबार करत रहा। इसका 52 हफ्ते का हाई 282.35 रुपये है। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा भी बुधवार को अपने 52 हफ्ते के हाई 1057.95 रुपये के करीब 1003.95 रुपये तक पहुंच गया था। बाद में यह 1.42 फीसद गिरकर 983.80 रुपये पर बंद हुआ। अगर बात एथर इंडस्ट्रीज की करें तो यह स्टॉक बुधवार को एनएसई पर 0.81 फीसद ऊपर 768.95 रुपये पर बंद हुआ। इंट्रा डे में यह 749.85 से 759.80 रुपये की ट्रेड करता रहा। इसका 52 हफ्ते का हाई 833.80 रुपये है। उधर, ब्लू डार्ट भी बुधवार को 5.25 फीसद चढ़कर 7172.45 रुपये पर बंद हुआ। यह भी अपने 52 हफ्ते के हाई 7814.55 रुपये से केवल 8.95 फीसद पीछे है।

बता दें तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 709.54 अंक यानी 1.35 फीसद की गिरावट के साथ 51,822.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 792.09 अंक तक गिर गया था। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 225.50 अंक यानी 1.44 फीसद गिरकर 15,413.30 अंक पर बंद हुआ।

## आरबीआई गवर्नर ने कहा-मुद्रास्फीति की लगातार ऊंची दर प्रमुख चिंता का कारण

**मुंबई.** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास समेत मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सभी छह सदस्यों ने लगातार बनी हुई उच्च मुद्रास्फीति पर चिंता जताई है और जोर देकर कहा कि केंद्रीय बैंक का प्रयास तय सीमा के भीतर कीमतों में वृद्धि को कम करना है। केंद्रीय बैंक के बुधवार को जारी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के ब्योरे से यह जानकारी मिली। आरबीआई की नीतिगत दर तय करने वाली समिति ने बढ़ती मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिये इस महीने की शुरूआत में प्रमुख नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि के पक्ष में मतदान किया था। यह पिछले पांच सप्ताह में दूसरी वृद्धि थी। इससे पहले मई में भी रेपो दर में 0.40 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। तीन दिवसीय बैठक के ब्योरे के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि महंगाई की ऊंची दर चिंता का कारण बनी हुई है। लेकिन आर्थिक गतिविधियों में पुनरूद्धार जारी है और इसमें गति आ रही है। मुद्रास्फीति से प्रभावी तरीके से निपटने के लिये यह समय नीतिगत दर में एक और वृद्धि के लिये उपयुक्त है।






# छत्तीसगढ़ में ग्रीन ऑटोमेटिव फ्यूल (कम्प्रैस्ड बायोगैस) के उत्पादन की असीम संभावनाएं: डॉ. दीपक द्विवेदी

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के मुख्यालय भवन में डॉ. दीपक द्विवेदी, डीन, राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफपेट्रोलियम, टैक्नोलॉजी, अमेठी द्वारा डेवलेपमेंट ऑफन्यू सस्टेनेबल (जंगरोधी) बायोगैस प्लांट इंटिग्रेटेड विथ वर्मीकम्पोस्टिंग यूनिट सुटेबल फॉर छत्तीसगढ़ एवं स्टेब्लिशिंग द फैसेलिटी ऑफ ग्रीन ऑटोमेटिव फ्यूल प्रोडक्शन इन छत्तीसगढ़ इंटिग्रेटिंग नरवा, घुरवा, गरूवा, बाड़ी स्कीम पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि उनके इस प्रोजेक्ट की छत्तीसगढ़ में अपार संभावनाएं हैं।

प्रस्तुतीकरण के प्रारंभ में मण्डल के सदस्य सचिव, आर.पी. तिवारी ने डॉ. दीपक द्विवेदी का परिचय देते हुए बताया कि यह दोनो विषय छत्तीसगढ़ के लिये बेहद महत्वपूर्ण है तथा इन दोनो प्रोजेक्ट के माध्यम से छत्तीसगढ़ में न केवल पर्यावरण बेहतर होगा बल्कि इससे रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेगी। तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में म्यूनीसिपल सॉलिड वेस्ट का निस्तारण एक बहुत बड़ी समस्या है एवं इस प्रकार के प्रोजेक्ट से ना केवल म्यूनीसिपल सॉलिड वेस्ट का सुरक्षित निपटान हो सकेगा, अपितु ग्रीन ऑटोमेटिव फ्यूल (कम्प्रेस्ड बायोगैस) का उत्पादन भी हो सकेगा। प्रस्तुतीकरण में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल मुख्यालय के सभी वरिष्ट अधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप, घर-घर जाएंगे भाजयुमो के कार्यकर्ता: बृजमोहन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भाजयुमो सिविल लाइन मंडल कार्य समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि युवा प्रदेश में बड़े बदलाव के लिए तैयार रहें, प्रदेश के युवाओं को नशा में डूबाने वाले, बेरोजगारो से छल कपट करने वाले कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार को हमको उखाड़ फेंकना है भाजयुमो के टीम को और मजबूत करना पड़ेगा, आपको घर-घर जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजयुमो भाजपा का अग्रिम संगठन है। आप सब हमारे सैनिक है, हम आपके दम पर ही चुनाव लड़ते है। भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने 10 लाख लोगों को नौकरियां देने की बात कही थी। बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी। क्या हुआ किसी को मिला रोजगार, किसी को मिल रहा है बेरोजगारी भत्ता? इसी बात को लेकर हमे युवाओं के बीच जाना है। अग्रवाल ने कहा कि भाजपा का 15 साल का कार्यकाल शहर में व्यापक बदलाव का रहा है। चहुओर विकास की गंगा बही आज विकास का कार्य ढप्प है। छत्तीसगढ़ की जनता शासकीय योजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार से परेशान है। उन्होंने कहा कि केंद्र की योजनाओं से हितग्राहियों को सीधा पैसा मिल रहा है। उज्जवला गैस, प्रधानमंत्री आवास योजना, गांव-गांव घर-घर नल से शुद्ध पेयजल, गांव गांव बिजली, धारा 370 की समाप्ति, राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक ऐसे विषय हैं जिस पर कोई सोचता नहीं था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन विषयों को लेकर जो कार्यवाही की है उससे देश एक नई दिशा की ओर अग्रसर हैं और इन सब विषयों को लेकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को घर-घर जाना चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि नारे से वोट नहीं मिलेंगे। आप सब को काम करना पड़ेगा। जनता के बीच जाना पड़ेगा। जब तक जानता आपको नहीं जानेगी आप को वोट क्यों देगी। जनता को अपने साथ जोड़ना होगा। लोगों के छोटे-छोटे समस्याओं के लिए उन्हें सहयोग करना होगा। राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली कनेक्शन, नल कनेक्शन, राशन कार्ड, जमीनों के पट्टे, जैसे जनता के छोटे-छोटे मामले को लेकर लोगों के पास जाना पड़ेगा उनका काम कराना होगा युवा मोर्चा को सड़क पर उतरना पड़ेगा।

# डिज्नीलैंड फन फेयर में हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट खरीदी के साथ देसी-विदेशी झूलों का आनंद

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



रावण भाटा मैदान, रिंग रोड नं.-1 से लगे अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के पास चल रहे डिज्नीलैंड फन मेला में राजधानीवासियों को खरीदारी के अलावा विभिन्न व्यंजनों को टेस्ट करने और देसी-विदेशी झूलों को एंजॉय करने का मौका मिल रहा है. मेले में छोटे-बड़े सभी को एंजॉय कर रहे है। मेला 26 जून तक चलेगा लेकिन मेले की रौनक अब तक कायम है. वहीं लोग जरुरत के अनुसार सामग्री खरीदी कर रहे हैं। डिज्नीलैंड फन फेयर के संचालक ने बताया कि इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के लोग टोरा-टोरा एवं एक से बढ़कर एक झूले झूलकर अपनी छुट्टियों का मज़ा ले रहे हैं. आयोजन में ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, जाइंट व्हील, सिलंबो झूला, डेशिंग कार और ड्रैगन झूला समेत बच्चों का एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला और मिकी माउस भी है. इसके अलावा मेले में 150 से अधिक स्टॉल भी लगे हुये है, जहां लोग अपनी पसंद की खरीदारी भी कर सकते है. यहां संपूर्ण भारत के अनेक राज्यों से विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक स्टॉल्स लगाए गये है। इनमें फैंसी व जूट की चप्पल, कपड़े, फैंसी बैग, मनिहारी आदि हैं। इसके अलावा हैंडलूम, साड़ियां, बेडशीट, वुडन हैंडी क्राफ्ट, बैम्बू के अनेक हैंडी क्राफ्ट आइटम्स, फैंसी ज्वेलरी, बच्चों के एक से बढ़कर एक खिलौने, सोफा कवर, सोफा कम बेड, लेडिस बैग, चप्पल जैसे अनेक गृहोपयोगी आटयम्स हैं. समर स्पेशल में लेडीज गारमेन्ट्स की ढेरों वैरायटी है। खरीदारी के अलावा मेले में स्वाद प्रेमियों को ध्यान में रखते हुए इस मेले में स्नैक्स आदि के भी कई स्टॉल लगाए गये हैं, जिसमे वे स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठा सकते हैं. 26 जून तक चलने वाले इस आयोजन का समय रोजाना शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक है।

# कलिंगा विवि के अभियांत्रिकी एवं विज्ञान विभाग के द्वारा आयोजित 14 दिवसीय संकाय संवर्धन कार्यक्रम के आठवें दिन का आयोजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के द्वारा बी प्लस की मान्यता प्रदान की गयी है। यह छत्तीसगढ़ में एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जो एनआईआरएफ रैंकिंग 2021 में उत्कृष्ट 151-200 विश्वविद्यालयों में सम्मिलित है। यहाँ पर वैश्विक मापदंड के अनुरूप उच्च गुणवत्तापूर्ण और बहु-विषयक अनुसंधान केंद्रित शिक्षा के साथ-साथ शिक्षकों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है। इसी उद्देश्य के अंतर्गत कलिंगा विश्वविद्यालय में 14 जून से 27 जून तक दो साप्ताहिक फैकल्टी डेव्हलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विषयों के विद्वान वक्ता, शिक्षकों एवं शोधार्थियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस दो साप्ताहिक एफडीपी के आठवें दिन एन आई टी, रायपुर के निर्देशक एवं प्राध्यापक डॉ. ए. एम. रवानी जी, मध्य सत्र में सहायक प्राध्यापक डॉ. धीमन साहा तथा अंतिम सत्र में जी. जी. यू. बिलासपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. संतोष सिंह ठाकुर को आमंत्रित किया गया था। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर, रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष- डॉ. शिल्पी श्रीवास्तव, कम्प्यूटर साइंस एवं आई. टी. विभाग के विभागाध्यक्ष कैलाश देवांगन और आमंत्रित अतिथियों के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ।

# घर में काम करने वाले नौकर, कुक, जोमैटो स्विगी के डिलीवरी बॉय ले सकते हैं ई-श्रम कार्ड का लाभ

**रायपुर।** असंगठित श्रमिकों को इस श्रम कार्ड के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं को लाभ मिलेगा। यह ई-श्रम कार्ड श्रम विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है। ई-श्रम कार्ड के माध्यम से पंजीकृत असंगठित श्रमिक शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। असंगठित श्रमिक ई-श्रम कार्ड के लिए किसी भी च्वाइस केन्द्र, लोक सेवा केन्द्र या सी.एस.सी में पंजीयन करा सकते हैं। असंगठित श्रमिकों के अंतर्गत घर में काम करने वाला नौकर-नौकरानी (काम वाली बाई), खाना बनाने वाली बाई (कुक), सफाई कर्मचारी, गार्ड, रेजा, कुली, रिक्शा चालक, ठेला में किसी भी प्रकार का सामान बेचने वाला (वेडर), होटल के नौकर/वेटर, रिसेप्शनिस्ट, पूछताछ वाले क्लर्क, ऑपरेटर, हर दुकान का नौकर/सेल्समैन/हेल्पर, ऑटो चालक, ड्राइवर, पंचर बनाने वाला, ब्यूटी पार्लर की वर्कर, नाई, मोची, दर्जी, बढ़ई, प्लंबर बिजली वाला (इलेक्ट्रीशियन), पुताई वाला (पेंटर), टाइल्स जोडने वाला, वेल्डिंग वाला, खेती वाले मजदूर, नरेगा मजदूर, ईंट भट्ठा के मजदूर, पत्थर तोड़ने वाले, खदान मजदूर, फाल्स सीलिंग का कार्य करने वाले, मूर्ती बनाने वाले, मछुआरा, चरवाहा, डेयरी वाले, पशुपालक, पेपर हॉकर, जोमैटो स्विगी के डिलीवरी बॉय अमेजन पिलपकार्ट के डिलीवरी बॉय (कोरियर वाले), नर्स, वार्ड बॉय, आया, मंदिर के पुजारी, विभिन्न सरकारी ऑफिस के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन, आशा वर्कर शामिल है।

# कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग को किया सतर्क

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोगों से कोरोना से बचाव के लिए गाइड लाइन का पालन करने का आग्रह किया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को बूस्टर डोज का टीकाकरण बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि कोरोना से बचाव की गाईडलाइन के अनुसार मास्क लगाने, सार्वजनिक स्थानों पर फिजिकल डिस्टेंस का पालन करने और हाथों की साफ-सफाई का ध्यान रखने की जरूरत है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403